भोपाल

मंगलवार, 18 फरवरी 2025

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष -06

वर्ष : 11, अंक : 325

पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**

अधि. 28

न्यून. 16

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## आईसीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा आज से, जारी हुई गाइडलाइंस



**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) की ओर से आईसीएसई यानी कि 10वीं क्लास के बोर्ड एग्जाम की शुरुआत मंगलवार से शुरू हो रही है। पहला पेपर अंग्रेजी भाषा (इंग्लिश पेपर-1) का आयोजित किया जाएगा। 18 फरवरी से शुरू होकर 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएंगी। एग्जाम में भाग लेने वाले शेष पेज 6 पर

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के बारे में उद्योगपति, मप्र एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने हरिभूमि से कहा

# मप्र में औद्योगिक परिदृश्य में बदलने की पूरी क्षमता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी भोपाल को पहचान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैश्विक क्षमता केंद्र यानी जीसीसी हब बन चुका है। मध्यप्रदेश इस सेक्टर में अपनी भागीदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। राजधानी में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 से भोपाल की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनेगी। भोपाल आईटी, वित्त, इंजीनियरिंग और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश करने की संपूर्ण क्षमता है और राज्य का औद्योगिक परिदृश्य पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखती है। यह बात उद्योगपति,मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कही।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश अनंत संभावनाएं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल



राजधानी में आयोजित समिट देश के औद्योगिक भविष्य का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम भी साबित होगी

## पीएम और सीएम के नेतृत्व में मप्र देश के सबसे उभरते हुए निवेश केंद्रों में शामिल हो चुका

सुनील जैन 501 ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश देश के सबसे उभरते हुए निवेश केंद्रों में शामिल हो चुका है। उनके नेतृत्व में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में जीसीसी के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। स्थानीय स्तर पर निवेश बढ़ने से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इससे पलायन में कमी आई है। वैश्विक कंपनियों की भागीदारी से प्रदेश की तकनीकी दक्षता बढ़ेगी, जिससे स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई सेक्टर को भी नया संबल मिलेगा।

### ये समिट देश के औद्योगिक भविष्य का प्रमुख केंद्र बनेगी

औद्योगीकरण के साथ शहरी क्षेत्रों का विस्तार हुआ और प्रदेश की जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। भोपाल में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित होने जा रही है। यह आयोजन न केवल प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा, बल्कि राजधानी में आयोजित समिट देश के औद्योगिक भविष्य का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम भी साबित होगी। भोपाल और जबलपुर जैसे शहर तेजी से आईटी और ईएसडीएम हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। निवेशकों के लिए किफायती बिजनेस ऑपरेशन, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र और सरल नियामकीय प्रक्रियाएं इस नीति को और अधिक प्रभावी बना रही हैं। *इंपैक्ट फीचर*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### उप नेता प्रतिपक्ष पर हुए केस पर भड़के जयराम



**भोपाल।** उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे पर ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने नाराजगी व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स लिखा एक आरक्षक जिसकी 100 करोड़ से अधिक संपत्ति मिली, इस प्रकरण में अब तक किसी मंत्री-अफसर पर एफआईआर नहीं हुई।

### कोयले की अवैध खदान धंसी, दंपती की मौत



**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के ग्राम धनगंवा में कोयला खदान धंसक गई। रविवार की शाम ओमकार यादव अपनी पत्नी पार्वती यादव के साथ खदान में कोयला खनन कर रहा था, इस दौरान अचानक खदान धंसक गई। जिसमें दबने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।

### स्कूल मान्यता के लिए घूस लेते दो गिरफ्तार



**अलीराजपुर।** थांदला में लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को विकास खंड के बीआरसी संजय सिकरवार और कार्यालयीन चपरासी श्यामलाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। दोनों स्कूल की वार्षिक मान्यता के लिए 11 हजार की रिश्वत ले रहे थे। लोकायुक्त ने रंगे हाथों दोनों को पकड़ लिया।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य के प्राकृतिक आवास में छोड़े 10 घड़ियाल, बोले

# वन्य जीव पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा मप्र, 'चंबल' देश की प्राकृतिक धरोहर



चंबल नदी में छोड़े गए घड़ियालों को वर्ष 2022 में अंडों के रूप में संरक्षित किया गया था। समुचित देखभाल और अनुकूल वातावरण में इन अंडों से घड़ियाल के बच्चे निकले। घड़ियाल के अंडों को कृत्रिम तापमान देकर इनके लिंग का निर्धारण किया गया।

> घड़ियालों के अलावा चंबल नदी में डॉल्फिन के भी पुनर्वास की है प्रबल संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल अभयारण्य हमारे देश की प्राकृतिक संपदा है। यहां दुर्लभ प्रकार की प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है। बदलते हुए जलवायु के दुष्परिणामों के कारण इन प्रजातियों को नुकसान पहुंच रहा है।

मप्र हमेशा से जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण प्रजातियों के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए तत्पर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना स्थित देवरी घड़ियाल केंद्र से चंबल नदी में 10 घड़ियालों (9 मादा और 1 नर) को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ने के बाद महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार शेष पेज 6 पर



दुनियाभर में करीब 3000 घड़ियाल, इनमें से 85% सिर्फ चंबल नदी में

### मप्र के वन सभी वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सक्षम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र वन्य जीव पर्यटन का एक वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मुरैना क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने भविष्य में माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिलाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हम मप्र के वनों में सभी प्रकार के वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सक्षम हैं और इस दिशा में हमारे प्रयास जारी रहेंगे। इस मौके पर उनके साथ बोट पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### मप्र में वन पर्यटन की अनंत संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में वन पर्यटन की अनंत संभावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि चंबल क्षेत्र सहित संपूर्ण प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा मिले, इसके लिए सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य कर रही है। चंबल अभयारण्य में सिर्फ घड़ियाल ही नहीं, डॉल्फिन के पुनर्वास की प्रबल संभावना शेष पेज 6 पर

### दुनिया में सबसे ज्यादा घड़ियाल चंबल नदी में

भारत ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। दुनियाभर में करीब 3000 घड़ियाल हैं। इनमें से 85 प्रतिशत सिर्फ चंबल नदी में हैं। मप्र में वर्ष-1978 में चंबल नदी के इस प्रक्षेत्र को वन्य-जीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य मुरैना में सन 1981 शेष पेज 6 पर

### 2024 की गणना में चंबल अभयारण्य में कुल 2456 घड़ियाल पाए गए

मुरैना वन विभाग के अनुसार चंबल अभयारण्य में प्रति वर्ष जलीय जीवों का सर्वेक्षण माह फरवरी में किया जाता हैं। वर्ष 2024 की गणना में चंबल अभयारण्य में कुल 2456 घड़ियाल पाए गए थे। घड़ियाल पुनर्वास केंद्र पर 2024 बैच के 70,2023 बैच के 95, 2022 बैच के 85, 2021 बैच के 38 इस तरह कुल 288 घड़ियाल थे। इस वर्ष 108 घड़ियाल चंबल में छोड़ने की अनुमति वन विभाग को प्राप्त हुई है। जिनमें से 13 जनवरी 2025 को 4 नर, 21 मादा कुल 25, 19 जनवरी 2025 को 2 नर, 30 मादा कुल 32, 29 जनवरी 2025 को 10 नर, 11 मादा कुल 21, 6 फरवरी 2025 को 12 नर, 8 मादा कुल 20, इस वर्ष अभी तक 98 घड़ियाल रिलीज किए जा चुके हैं। वन्य जीव पर्यटन के शौकीन पर्यटकों के लिए यहां चंबल बोट सफारी की व्यवस्था की गई है, जो अब काफी प्रसिद्ध हो गई है।

सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया भूकंप, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4 रही

# दिल्ली-एनसीआर से बिहार तक कांपी धरती, एक ही झटके से सहमी दिल्ली



*पृथ्वी की सतह से 5 किमी नीचे रहा केंद्र, तेज गड़गड़ाहट की आवाज से दहशत में आए लोग*

◆ दिल्ली सरकार अलर्ट मोड पर बांग्लादेश और ओडिशा में भी भूकंप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार की सुबह जोरदार भूकंप आया। भूकंप के झटकों ने लोगों को डरा दिया। गहरी नींद में सोए लोगों ने भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और पूरे एनसीआर में आया यह भूकंप काफी जोरदार था। दिल्ली-एनसीआर के बाद बिहार और ओडिशा में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।


दिल्ली-एनसीआर में कई सेकंड तक धरती हिलने लगी। अपार्टमेंट्स तक पत्ते की तरह झूलते नजर आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि दिल्ली शेष पेज 6 पर

### तेज गड़गड़ाहट की आवाज की ये रही वजह

*यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप के दौरान, जमीन कंपन करती है, जिससे छोटी अवधि की भूकंपीय तरंग गति पैदा होती है जो हवा तक पहुंचती है और ये ध्वनि तरंग बन जाती है। ये ध्वनि तरंग वायुमंडल में कंपन पैदा कर सकती हैं। भूकंप का केंद्र जितना उथला या कम गहराई में होगा, उतनी ही ज्यादा ऊर्जा सतह तक पहुंच सकती है। उच्च आवृत्ति वाली भूकंपीय तरंगे जमीन से होकर गुजरती हैं, इसकी वजह से ही भूकंप के दौरान गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई देती है। दिल्ली में आए भूकंप का केंद्र जमीन के भीतर महज पांच किलोमीटर अंदर ही था, जिसके कारण लोगों को तेज आवाज सुनाईं दी।*

### भूकंप का केंद्र था धौला कुआं

उधर, धौला कुआं स्थित झील पार्क के रखवालों का दावा है कि सोमवार सुबह आए 4.0 तीव्रता के भूकंप ने पार्क में लगे 20-25 साल पुराने पेड़ को उखाड़ दिया। भूकंप का केंद्र धौला कुआं में ही था। केयरटेकर महावीर बताते हैं कि वह सुबह नौ बजे ड्यूटी पर आए तो देखा शेष पेज 6 पर



पीएम मोदी की अगुवाई वाली मीटिंग में हुआ फैसला

# ज्ञानेश कुमार होंगे अगले मुख्य चुनाव आयुक्त, राजीव कुमार की लेंगे जगह

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ज्ञानेश कुमार भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। ज्ञानेश कुमार अभी तक चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके नाम पर मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने वाली समिति ने मुहर लगा दी है। इसके साथ ही डॉक्टर विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त के पद पर चुना गया है। ज्ञानेश कुमार आईआईटी कानपुर से बीटेक हैं। कानून मंत्रालय ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अफसर शेष पेज 6 पर



### राहुल गांधी ने जताई थी आपत्ति

प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ज्ञानेश कुमार के नाम पर सहमति जताई और राष्ट्रपति को उनके नाम की सिफारिश की थी। राहुल गांधी ने इसका विरोध किया। राहुल गांधी ने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया की बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई तक के लिए टाल दिया जाए।

बांकेबिहारी मंदिर में उमड़ी भीड़

## भीड़ में दबकर पांच महिला हुई बेहोश, एक का टूटा पैर



एजेंसी ▸▸ मथुरा

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ने से हालात बेकाबू हो गए। भीड़ के बीच दबकर एक महिला श्रद्धालु का पैर फ्रैक्चर हो गया। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पांच अन्य महिला श्रद्धालुओं की भी हालत बिगड़ गई। मंदिर पर शेष पेज 6 पर

मप्र में दो स्थानों पर कुंभ श्रद्धालु हुए हादसे का शिकार

# सीधी में 14 फीट नीचे खाई में गिरी बोलेरो चार श्रद्धालुओं की मौके पर मौत, चार गंभीर

> करीब तीन घंटे तक मौके पर पड़े-पड़े तड़पते रहे घायल श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीधी

जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में प्रयागराज महाकुंभ में जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि, चार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा रविवार देर रात करीब दो बजे जिले के मूड़ा पहाड़ क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार, सिंगरौली जिले के जयंत से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो जिले के मूड़ा पहाड़ में अनियंत्रित शेष पेज 6 पर



### प्रयागराज से लौट रही ट्रेनी डॉक्टर की मौत, 4 गंभीर

**छतरपुर।** यहां सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में ट्रेनी डॉक्टर की मौत हो गई, जबकि उनके परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सागर-कानपुर-महोबा रोड पर महतो पेट्रोल पंप के पास हुआ। प्रयागराज से लौट रही कार के ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी शेष पेज 6 पर

भाजपा ने की पित्रोदा के बयान की निंदा

# सैम बोले-चीन भारत का दुश्मन नहीं, मचा बवाल कांग्रेस ने किया किनारा, कहा-यह पार्टी के विचार नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अक्सर विवादों में रहने वाले भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा एक बार फिर से विवादित बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और भारत का दृष्टिकोण हमेशा टकरावपूर्ण रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि देशों को एक-दूसरे से सहयोग करना चाहिए, न कि टकराव। हमें इस मानसिकता को बदलने की



जरूरत है और यह मानना बंद करना होगा कि चीन पहले दिन से ही दुश्मन है। वहीं भाजपा के हमले के बाद कांग्रेस पार्टी ने खुद को सैम पित्रोदा के बयान अलग कर लिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता और महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि, सैम शेष पेज 6 पर

### भारत की संप्रभुता और कूटनीति के खिलाफ

सैम पित्रोदा के इस बयान को लेकर भाजपा ने आपत्ति जताई है। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा की बात भारत की संप्रभुता और कूटनीति के खिलाफ है। कांग्रेस के चीन के साथ हुए करार का इजहार हो गया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा ने कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ समझौते की खुलकर पोल खोल दी है। गंभीर बात ये है कि सैम पित्रोदा ने जिस तरह की बात कही है, वो भारत की अस्मिता, कूटनीति शेष पेज 6 पर

सालाना आय के मामले में राम मंदिर ने स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी और श्री साई मंदिर को पीछे छोड़ा

> राम मंदिर में रोजाना चार लाख श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं

# 700 करोड़ हुई राम मंदिर की सालाना आय एक महीने में 15 करोड़ रुपए का आया चंदा

◆ मंदिर ट्रस्ट कार्यालय के अनुसार ट्रस्ट के 10 दान काउंटर पर रोजाना 10 लाख रुपए से ज्यादा दान चढ़ रहा है

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या पर्यटक और श्रद्धालु के लिए देश में पहले पसंद बन रही है। रोज नए-नए कीर्तिमान बना रही है। राम मंदिर की सालाना आय के मामले में देश का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर बन चुका है। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक अयोध्या में 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच चुके हैं। मंदिर की सालाना आय 700 करोड़ से ज्यादा पहुंच चुकी है। सालाना आय के मामले में राम मंदिर ने स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी और श्री साई मंदिर को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़े जनवरी 2024 से जनवरी 2025 शेष पेज 6 पर



### एक महीने में आया 15 करोड़ दान

एक अनुमान के मुताबिक महाकुंभ में एक माह में लगभग 15 करोड़ से ज्यादा धन जमा हुआ है। इसमें रामलाल के सामने रखे 6 दानपात्र में दी गयी धनराशि भी शामिल है। महाकुंभ के पलट प्रवाह के दौरान लोगों की भारी भीड़ अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे तीर्थ स्थलों पर पहुंच रही है और दिल खोलकर भगवान पर चढ़ावा चढ़ा रही है। अयोध्या में भक्तों की संख्या में भी बहुत ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है। राम मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हुए हैं।

### प्रमुख मंदिरों की सालाना आय

- तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर आंध्र प्रदेश 1500 से लेकर 1650 करोड़
- पदनाभस्वामी स्वामी मंदिर केरल 750 से 800 करोड़
- स्वर्ण मंदिर 650 करोड़
- वैष्णो देवी मंदिर जम्मू एंड कश्मीर 600 करोड़
- शिरडी साईं मंदिर महाराष्ट्र 500 करोड़
- जगन्नाथ मंदिर पुरी उड़ीसा 400 करोड़
- अक्षरधाम मंदिर नई दिल्ली 200 से 250 करोड़
- सोमनाथ मंदिर गुजरात 150 से 200 करोड़

भूमि संसाधन विभाग
Department of Land Resources
Ministry of Rural Development
Government of India

सत्यमेव जयते

मध्यप्रदेश शासन



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नक्शा

**NA**tional geospatial **K**nowledge-based land **S**urvey of urban **HA**bitations

शहरी भूमि की सही पहचान

# सिटी सर्वे प्रोग्राम का राष्ट्रीय शुभारंभ

## विशेषताएं

- डिजिटल भूमि रिकॉर्ड
- हवाई सर्वेक्षण और नई तकनीक
- वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म
- भू-स्थानिक डेटा
- ट्रांसपेरेंट सिस्टम

## लाभ

- मालिकाना हक की स्पष्टता
- शहरी विकास में तेजी
- क्रेडिट और लोन की आसानी
- संपत्ति कर वसूली में सुधार
- आपदा प्रबंधन में सहायक

### अध्यक्षता

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

### मुख्य अतिथि

**शिवराज सिंह चौहान**

केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण
तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय

### विशिष्ट अतिथि

**डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी**

केन्द्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास तथा संचार मंत्रालय

D-11184/24

**18 फरवरी, 2025 | पूर्वाह्न - 11:00 बजे | रायसेन, मध्यप्रदेश**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 फरवरी 2025




कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर के सामने वाला चौराहा सजधज के साथ तैयार है। वहीं यातायात पार्क में लगे एयरक्रॉफ्ट के मॉडल को भी पेंट कर दिया गया है।

## मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए सभी तैयारियां पूरी

# तीन दिन में पूरी होगी सजावट, सत्रह किमी रूट पर लगाए दो लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब 20 फरवरी को अफसर फाइनल काम देखेंगे। जिसको लेकर गांधी नगर से रोशनपुरा चौराहा और आसपास की सड़कों पर दो लाख पौधे लगाए गए हैं। इसके साथ तीन हजार फूलों के गमले भी रखे जाएंगे। सजावट के लिए शहर में दो लाख पौधे लगाए जा रहे हैं और 5 हजार पेंटिंग्स बनाई जा रही हैं।

प्रशासन का फोकस राजा भोज एयरपोर्ट से लेकर मानव संग्रहालय के 17 किमी रूट पर है, जहां से वीवीआईपी गुजरेंगे। इसकी तस्वीर बदलने दिन-रात काम चल रहा है। एयरपोर्ट रोड, वीआईपी रोड, स्मार्ट सड़क, श्यामला हिल्स, बोट क्लब, लिंक रोड नंबर 1, 2 और 3, एमपी नगर, रोशनपुरा, रंग महल, श्यामला हिल्स की प्रमुख सड़कें बनाई जा रही हैं। कुछ के गड्ढे भर रहे हैं। इन पर 65 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं वीआईपी रोड के आसपास प्लास्टर का काम किया जा रहा है।



राजभवन रोड पर डिवाइडर के किनारों की पुताई करते श्रमिक।

### गाड़ी से टक्कर के बाद फर्स्ट और सेकंड ईयर के छात्रों में विवाद

# मैनिट में हॉस्टल के छात्र भिड़े, पुलिस ने वापस भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) कैंपस में रविवार देर रात छात्रों के दो गुटों के बीच हंगामा हो गया। बताया गया है कि फर्स्ट ईयर और सेकेंड ईयर के हॉस्टल के छात्र आपस में भिड़ गए। मौके पर पहले से किसी कार्यक्रम के लिए आई पुलिस ने विवाद के दौरान छात्रों के गुटों को वापस हॉस्टल भेज दिया।

इस बीच पुलिस द्वारा छात्रों को खदेड़ने के लिए हल्के बल के भी प्रयोग की बात कहीं गई है। बताया गया है कि विवाद गाड़ी से टक्कर के बाद शुरू हुआ, जिसमें छात्र घायल हो गए थे। इसके बाद विवाद गहरा गया। पुलिस के अनुसार देर रात छात्रों के बीच झगड़े की सूचना मिली थी। फिलहाल, इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। मैनिट सूत्रों का कहना है कि फर्स्ट और सेकंड ईयर के छात्रों के बीच पहले से ही किसी बात को लेकर तनाव चल रहा था। घटना के बाद बड़ी संख्या में दोनों हॉस्टल के छात्र बिल्डिंग के बाहर आ गए और बहस शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख मैनेजमेंट ने पुलिस को सूचना दी।



#### पहले से पुलिस और दमकल थे यहीं

रविवार को संस्थान में ई-समिट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके लिए पहले से ही केंपस में पुलिस और दमकल विभाग को बुलाया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद थे। इसी बीच फर्स्ट ईयर और सेकंड ईयर के छात्रों के बीच झगड़ा हो गया। स्थिति बिगड़ते देख हमने तुरंत फर्स्ट ईयर के छात्रों को हॉस्टल भेजा। हालांकि, सेकंड ईयर के छात्र वापस जाने को तैयार नहीं थे। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस की मदद ली गई और बल प्रयोग कर छात्रों को हॉस्टल भेजा गया।

**डॉ. राहुल तिवारी,** पीआरओ, मैनिट, भोपाल

### ईडी ने रिमांड पूरी होने के बाद किया ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश

# सौरभ शर्मा, चेतन और शरद 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर फिर भेजे गए जेल

*अब डीआरआई हुई सक्रिय कोर्ट में आवेदन लगाकर कर सकती है पूछताछ की मांग*

*अदालत की अनुमति से अब जेल में जांच एजेंसियां कर सकती हैं और पूछताछ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इनफारसमेंट डायरेक्ट्रेट ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी चेतन सिंह गौर एवं शरद जायसवाल की रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार को सचिन घोष की पीएमएलए कोर्ट में पेश किया।

इस दौरान ईडी की तरफ से अदालत को बताया गया कि इस केस में फिलहाल जिन बिंदुओं पर जांच होनी है, उनमें से अधिकांश का जवाब मिल गया है। ऐसे में फिलहाल पुलिस रिमांड बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। ईडी ने इसके बाद तीनों को 3 मार्च तक 14 दिन के लिए ज्यूडिशियल रिमांड पर केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया। ज्यूडिशियल रिमांड के दौरान ईडी, लोकायुक्त या अन्य जांच अब अदालत की अनुमति से जेल में तीनों से पूछताछ कर सकती है।

**मनी लॉड्रिंग केस में ईडी कर चुकी तीनों से पूछताछ**



#### आज सौरभ के जमानत आवेदन पर सुनवाई

एडवोकेट राकेश पराशर ने लोकायुक्त की स्पेशल कोर्ट में सौरभ शर्मा की जमानत अर्जी लगाई है। मंगलवार को जमानत आवेदन पर सुनवाई होगी।

**शरद की तबीयत बिगड़ी:** सौरभ के पार्टनर रहे आरोपी शरद जायसवाल की तबीयत बिगड़ गई। उसे फीवर आ गया। उसके बाद उसे दवा दी गई। कोर्ट के निर्देश पर रोजाना ही आरोपियों का मेडिकल चेकअप कराया जा रहा है।

#### कोर्ट रूम में खड़े बेटे से की कोड वर्ड में बात

सौरभ, चेतन और शरद की रिमांड सोमवार शाम 4 बजे तक थी। हालांकि ईडी की टीम तीनों को सोमवार दोपहर 1.15 पर ही लेकर अदालत पहुंच गई। इसके बाद कोर्ट में जब कार्यवाही चल रही थी, उस समय सौरभ अपनी मां उमा के साथ कोड वर्ड में बातचीत करता दिखाई दिया। हालांकि ईडी अफसरों ने आपत्ति जताई और अदालत ने भी परिजनों के बाहर जाने के लिए कहा।

#### बार-बार वकीलों से की जमानत की बात

तीनों को जब अदालत में पेश किया गया तो चेतन और शरद अपने वकील और परिजनों से बात करते हुए नजर आए। अदालत कार्यवाही के दौरान शरद और चेतन बार-बार अपने वकीलों से जमानत होने के संबंध में बात कर रहे थे। हालांकि कोर्ट ने आपत्ति जताई और कहा कि कोर्ट की अनुमित से ही बात की जा सकती है। अदालत में सौरभ की मां के अलावा कार्रवाई के दौरान पत्नी दिव्या, चेतन के पिता और शरद की भतीजी समेत अन्य परिजन भी मौजूद थे।

#### ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट की मांग खारिज

*सुनवाई के दौरान एडवोकेट सिद्धार्थ गुप्ता ने इस केस में न्यायमित्र बनने का आवेदन देते हुए आरोपियों की रिमांड सात दिन बढ़ाने और इस दौरान तीनों का ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराए जाने की मांग अदालत से की। इस पर कोर्ट ने कहा कि इस तरह का आवेदन ईडी की तरफ से आने पर ही अदालत विचार कर सकती है। कोर्ट ने सिद्धार्थ गुप्ता का न्यायमित्र बनने का आवेदन खारिज कर दिया।*

#### सौरभ बोला-दुबई में कोई प्रॉपर्टी नहीं, जांच में साफ हो जाएगा

*सौरभ को जैसे ही कोर्ट में सुनवाई के बाद ईडी की टीम लेकर जाने लगी, उसी दौरान उसने चलते-चलते मीडिया के सवालों का जवाब दिया। मीडिया ने पूछा कि अपने ऊपर लगे आरोपों के बारे में क्या कहना चाहते हो, तो उसने कहा, ईडी जांच कर रही है, मैंने कोई गलत काम नहीं किया। मेरा किसी से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं दुबई और विदेश में प्रॉपर्टी को लेकर भी पूछताछ पर उसने कहा, मेरी वहां कोई प्रॉपर्टी नहीं है। वहीं इनोवा में मिले गोल्ड और केश से जुड़े सवाल पर सौरभ ने चुप्पी साध ली। इसके बाद ईडी की टीम उसे चेतन और शरद के साथ कार में बिठाकर कोर्ट से रवाना हो गई।*

## इंडिगो की दिल्ली और जबलपुर दो नई उड़ानें एक मार्च से




**संतनगर।** राजधानी वासियों को दो नई उड़ानों की सौग़ात मिलने जा रही है। देश की प्रमुख एयरवेज़ कंपनी इंडिगो द्वारा आगामी एक मार्च से एक जबलपुर-भोपाल और दूसरी भोपाल-दिल्ली के लिए नई उड़ान शुरू की जा रही है। आगामी एक मार्च से यह नई उड़ान सप्ताह में तीन जबलपुर से भोपाल आकर इवनिंग में जबलपुर जाएगी। इसी तरह राजधानी वासियों को संस्कारधानी जबलपुर की हवाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इंडिगो एयरवेज़ की यह नई उड़ान शाम को 6:55 बजे जबलपुर से भोपाल पहुंचेगी और शाम 7:15 बजे जबलपुर के लिए रवाना होगी। इसी तरह इंडिगो एयरवेज़ द्वारा दिल्ली- भोपाल दोपहर की उड़ान आगामी 1 मार्च से शुरू की जा रही है। यह उड़ान दोपहर 2.40 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगी।

## नीट, एआईएपीजीईटी, एनईटी एनटीईटी में आयु सीमा खत्म

**भोपाल।** नीट, एआईएपीजीईटी, एनटीईटी और एनईटी राष्ट्रीय परीक्षाओं में शामिल होने के लिए अधिकतम आयु सीमा का अब कोई बंधन नहीं रखा है। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के प्रेसीडेंट डॉ. रघुराम भट्ट ने पत्र के माध्यम से देशभर के एएसयूएस मेडिकल कॉलेजों को अवगत करा दिया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि नीट, आयुष यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए, एआईएपीजीईटी परीक्षा आयुष पीजी में प्रवेश हेतु, एनईटी परीक्षा रिसर्च फेलोशिप व अन्य मापदण्डों की के लिए तथा एनटीईटी परीक्षा आयुष कॉलेजों में टीचिंग स्टॉफ में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर ज्वाइनिंग हेतु आयोजित होती है। नीट जैसी परीक्षाओं हेतु न्यूनतम आयुसीमा 17 वर्ष निर्धारित है।

*अब यह उम्मीदवार भी 9 अटेम्प्ट कर सकेंगे अटेंड आज यूपीएससी की ओर से कोर्ट में पेश हो सकता है जवाब*

## यूपीएससी में ईडब्ल्यूएस को आयु में मिल सकेगी पांच साल की छूट, हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है। अब सिविल सेवा परीक्षा-2025 (यूपीएससी) में ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को अन्य आरक्षित वर्गों की तरह आयु सीमा में 5 साल की छूट और 9 बार परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अभी तक ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को आयुसीमा में छूट नहीं दी जाती थी।

वे इसके लिए केवल अधिकतम 6 अटेंप्ट ही दे पाते थे। इस मामले में यूपीएससी मंगलवार को हाईकोर्ट में अपना जवाब पेश कर सकता है। इस मामले में मैहर के आदित्य नारायण पांडेय ने याचिका लगाई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई हुई। बता दें कि 2025 में 979 पदों के लिए यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को आयोजित की जाएगी।

#### मप्र शिक्षक भर्ती परीक्षा में भी दी राहत

*इस मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। उन्होंने 10 फरवरी के आदेश का हवाला दिया, जिसमें अधिवक्ता धीरज तिवारी की पैरवी का उल्लेख था। इससे पहले, मध्य प्रदेश शिक्षक चयन परीक्षा 2024 में भी हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने ईडब्ल्यूएस वर्ग को राहत दी। हाईकोटऱ्ज ने संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के आधार पर ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को आयु में 5 साल की छूट का प्रावधान किया, जिससे 45 वर्ष तक के उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकेंगे।*

### लोकसेवा केंद्र से लोगों को लौटना पड़ा वापस

## दस दिन बाद शुरू होते ही फिर रुका सॉफ्टवेयर, अटके 4 हजार आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात से 14 फरवरी तक समग्र पोर्टल के अपडेशन के बाद भी लोकसेवा केंद्र का पोर्टल साथ नहीं दे रहा है। शनिवार को अपडेशन का काम पूरा कर लिया गया था, लेकिन सोमवार को भी पोर्टल नहीं चला, जिसकी वजह से जिले के कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया के केंद्रों में आने वाले लोगों को वापस लौटना पड़ा।

ऐसे में पिछले दस दिन से इंतजार कर रहे लोगों को निराशा हाथ लगी। सोमवार को पोर्टल शुरू होने की खबर के साथ केंद्रों में भीड़ बढ़ गई थी। सुबह कुछ आवेदन अपलोड किए गए, लेकिन दोपहर में पोर्टल ने काम करना ही बंद कर दिया। दरअसल मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेव्हलपमेंट कार्पो. ने समग्र एप्लीकेशन पोर्टल और उससे संबंधित सभी एप्लीकेशन को नए सर्वर इंफ्रा में माइग्रेट करने का दावा करते हुए सात से 14 फरवरी तक पोर्टल को बंद किया था।

#### मैनेजर ने की महिला से बदसलूकी

*कलेक्टोरेट स्थित लोकसेवा केंद्र पर सर्वर के काम नहीं करने की वजह से महिलाओं सहित अन्य लोगों को चार से छह घंटे तक इंतजार करना पड़ा। परेशान होकर लोग जब केंद्र के मैनेजर मुकुल यादव के पास पहुंचे, तो उन्होंने महिलाओं से बदसलूकी शुरू कर दी। हंगामा होता देख प्रबंधक को वहां से जाना पड़ा।*

#### पोर्टल कर दिया शुरू बदसलूकी की करा लेंगे जांच

*समग्र पोर्टल अपडेट हुआ है, जिससे सोमवार से आवेदन जमा करने का काम शुरू हो गया है। यदि केंद्रों पर लापरवाही बरती जा रही है या महिलाओं से बदसलूकी की जा रही है, तो इसकी जांच करवाएंगे।*

*भूपेंद्र गोयल, एडीएम मुख्यालय*

### सात दिन रहेगा ट्रैफिक डायवर्ट, बसों का रूट भी बदला

*कुबेरेश्वर धाम में 25 से शिव महापुराण कथा शुरू होगी, जो 3 मार्च तक चलेगी इसमें लाखों श्रद्धालु होंगे शामिल*

# 25 से सात दिन भोपाल-इंदौर हाईवे पर नहीं चलेंगे भारी वाहन, सिर्फ कुबेरेश्वर जाने वाली गाड़ियां दौड़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर से छह किमी दूर कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से शिव महापुराण कथा शुरू होगी, जो 3 मार्च तक चलेगी। इस दौरान यहां लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए 25 फरवरी से 3 मार्च तक भोपाल-सीहोर प्रशासन ने ट्रैफिक रूट में बदलाव किया है। कथा के दौरान भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे पर कुबेश्वर जाने वाली गाड़ियां ही चलेंगी। अन्य वाहनों को बदले हुए रास्ते से ही जाना पड़ेगा।



मालूम हो कि पिछली बार हुए आयोजन की वजह से भोपाल-इंदौर हाईवे पर 24 घंटे का जाम लग गया था, जिसको देखते हुए इस बार बदलाव किया गया है।

#### सभी हल्के और यात्री बसों के लिए किया गया मार्ग परिवर्तन

*भोपाल से सीधे आष्टा, देवास-इंदौर जाने वाले सभी छोटे वाहन और यात्री बस सीहोर स्थित क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ और अमलाहा होते हुए इंदौर जाएंगे। इंदौर से भोपाल सीहोर जाने वाले वाहन अमलाहा से भाऊखेड़ी जोड़ और क्रिसेंट चौराहा होते हुए सीहोर-भोपाल जा सकेंगे। केवल कुबेरेश्वर धाम जाने वाले वाहन ही हाईवे से जा सकेंगे। अन्य सभी वाहनों को डायवर्सन मार्ग से ही संचालित किए जाएंगे।*

#### भारी वाहनों के लिए डायवर्जन

*भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भोपाल से श्यामपुर, ब्यावरा होते हुए इंदौर (तूमड़ा दोराहा जोड़ होते हुए ) जा सकेंगे। इसी तरह इंदौर से भोपाल जाने वाले भारी वाहनों को देवास से ब्यावरा, श्यामपुर होते हुए भोपाल जा सकेंगे।*

## टीटी नगर जिनालय में चल रहा पंचकल्याणक महोत्सव जयकारों से गूंजा मंदिर

# जिनालय में बालक आदिकुमार के जन्म पर गूंजे बधाई गीत, एरावत हाथी पर सौ धर्म के इंद्र-इंद्राणी और आदि कुमार को बिठाकर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्थित जिनालय में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव में सोमवार को बालक आदिकुमार के जन्म पर बधाई गीत गूंजे। जयकारों और भक्ति नृत्य का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सभी के मुख मंडल पर प्रभु जन्म की खुशी झलक रही थी। प्रभु की भव्य जन्माभिषेक शोभायात्रा निकली, एरावत हाथी पर सौ धर्म इंद्र इंद्राणी आदि कुमार को लेकर बैठे हुए थे, अष्ट कुमारियां भक्ति कर रहीं थीं। गाजे बाजे के साथ लहराती हुई धर्म ध्वजा विश्व शांति और बंधुत्व का संदेश दे रही थी। मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया कि राजा नाभिराय बने ऋषभ जैन को जन्म की सूचना प्राप्त हुई तो नगाड़ा बजने लगा, महिलाओं व युवाओं के दिव्य घोष गूंज उठे। अनुष्ठान के मुख्य पात्र राजेश सारिका सो धर्मेंद्र इंद्राणी, अमर माया कुबेर सुनील रंजना, महायज्ञ नायक सहित सभी प्रमुख पात्रों के साथ श्रद्धालुओं ने भक्ति में झूमकर मंगल गीत गाए।



### पूरे विश्व को जैन होने की जरूरतः प्रमाण सागर महाराज



इस अवसर पर मुनि प्रमाण सागर महाराज ने कहा पूरे विश्व को जैन होने की जरूरत है। जैन का अर्थ पूरी तरह अहिंसा का पालन करना है और आज पूरे विश्व को अहिंसक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जन्म सभी का समान होता है, पर जीवन समान नहीं होता, मनुष्य जन्म से नहीं कर्म महान होता है।

### संतों के मार्गदर्शन से देश प्रगति परः रामेश्वर

कार्यक्रम में मौजूद विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा भारतीय संस्कृति संस्कारों को हमारे मानस पटल पर हमारे अंदर जीवंत रखने में संत ही हैं। संतों के मार्ग दर्शन और आशीर्वाद से ही हमारे समाज और देश की प्रगति है।

## 5100 पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ शिव और पार्वती विवाह की रस्में शुरू, निकली शोभायात्रा

शिव दरबार दुर्गा चौक में मूर्ति शुद्धिकरण के साथ शिव-पार्वती विवाह की रस्में भी शुरू हो गई हैं। इसके अंतर्गत सोमवार को 5100 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। भक्तों ने बहुत ही श्रद्धाभाव से शिव पंचाक्षरी मंत्र का जप करते हुए मिट्टी से भगवान भोलेनाथ का स्वरूप बनाया। महारुद्राभिषेक और आरती के बाद बाबा भोलेनाथ के भूतनाथ स्वरूप को ढोल-ताशों के साथ नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने हर-हर भोले, बम-बम भोले के जयकारे लगाए, भजनों की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे। भक्तों ने संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में बने कृत्रिम कुंड में पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन किया।



## खबर संक्षेप

### मंत्री सारंग ने भोजपुर भंडारे के लिए किया भूमिपूजन

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को भोजपुर में भंडारे का आयोजन कराया जा रहा है। मंत्री विश्वास सारंग ने सोमवार को भूमिपूजन किया। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 22वें विशाल भंडारे का भूमिपूजन मंडल के संरक्षक व मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर राजकुमार शर्मा, विपिन भार्गव, विजय श्रीवास्तव सहित मंडल के अन्य सदस्य शामिल हुए।

### एम्सः डॉ. पंकज गोयल का तंबाकू निषेध पर लेख स्वास्थ्य सृजन में प्रकाशित

**भोपाल।** डेंटिस्ट्री विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज गोयल द्वारा हिंदी भाषा में लिखा गया लेख 'डेंटल पब्लिक हेल्थ में तंबाकू समाप्ति थेरेपी' भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वार्षिक हिंदी पत्रिका 'स्वास्थ्य सृजन' में प्रकाशित हुआ है। यह प्रकाशन तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जन जागरुकता बढ़ाने और तंबाकू उपभोग से होने वाली मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं के निवारक उपायों को उजागर करता है। डॉ. पंकज गोयल के इस लेख में तंबाकू उन्मूलन के दंत स्वास्थ्य में महत्व को रेखांकित किया गया है और वैज्ञानिक तथ्यों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे आम जनता इसे आसानी से समझ सके और लाभ उठा सके। यह विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए उपयोगी है।

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, युवक की मौत

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज मंगलवार को मृतक का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार अभिषेक सिलावट पिता ओमदीप सिलावट (22) श्री ईएमई सेंटर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता श्री ईएमई सेंटर में प्राइवेट माली का काम करते हैं। अभिषेक सोमवार दोपहर अपने दोस्त के साथ बाइक से निकला था। इसके बाद बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे युवक की मौत हो गई।

### आयशर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मनोरम गार्डन के पास आयशर ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसा रविवार रात करीब साढ़े से दस बजे के आसपास है। हादसे में घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार महेंद्र कातिया पिता द्वारिका प्रसाद (35) श्रीधाम कॉलोनी लाकोठी, छोला में रहता था और प्राइवेट बैंक में काम करता था। रविवार रात वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी मधुरम गार्डन के सामने विदिशा रोड की तरफ से आ रहे आयशर ट्रक ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी थी।

## बाल स्वास्थ्य और पोषण के लिए दस्तक अभियान का द्वितीय चरण

# दस्तक अभियान आज सेः घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाल स्वास्थ्य और पोषण के लिए दस्तक अभियान का द्वितीय चरण मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। 18 फरवरी से 18 मार्च तक संचालित इस अभियान के दौरान 9 माह से 5 साल के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। साथ ही दस्तक अभियान के प्रथम चरण में एनीमिक पाए गए 6 माह से 5 साल के बच्चों के खून की जांच डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर से की जाएगी। एनीमिया के स्तर की पुनः जांच कर बच्चों का थेरेप्यूटिक प्रबंधन किया जाएगा। अभियान के तहत एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी द्वारा घर-घर जाकर दस्तक दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अभियान हेतु बच्चों की लाइन लिस्टिंग तैयार की गई है। अभियान के दौरान सभी लक्षित बच्चों को स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के संयुक्त दलों द्वारा गृहभेंट कर सेवाएं दी जाएंगी।

### 10 सेकेंड में आएगी जांच रिपोर्ट



डिजिटल हीमोग्लोबीनोमीटर के लिए लैब टेक्नीशियन या लैब की जरूरत नहीं पड़ेगी। मात्र एक बूंद खून से इस डिजिटल हीमोग्लोबीनोमीटर के माध्यम से 10 सेकंड के अंदर हीमोग्लोबिन का स्तर पता चल जाता है।

### बच्चों की लाइन लिस्टिंग तैयार

अभियान के लिए बच्चों की लाइन लिस्टिंग तैयार की गई है। अभियान के दौरान सभी लक्षित बच्चों को स्वास्थ्य व महिला बाल विकास के संयुक्त दलों द्वारा गृहभेंट कर सेवाएं दी जाएंगी।
डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ

**डिजिटल हीमोग्लोबीनो मीटर से होगा ब्लड टेस्ट**

*पांच साल तक की आयु के बच्चों की घर-घर जाकर डिजिटल हीमोग्लोबीनोमीटर से ब्लड टेस्ट किया जाएगा। जांच में एनीमिक पाए गए बच्चों को आयरन सप्लीमेंटेशन का सेवन करवाया जाएगा।*

### बाल हृदय प्रत्यारोपण पर व्याख्यान

## एम्सः रॉस प्रक्रिया से हृदय प्रत्यारोपण की दी जानकारी

बाल हृदय प्रत्यारोपण की अपडेट जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में नीदरलैंड के पीडियाट्रिक कार्डिएक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. पीसी (पीटर) प्रो. वैन डे वूस्टिजीन ने बाल हृदय प्रत्यारोपण, रॉस प्रक्रिया और न्यूनतम इनवेसिव कार्डिएक सर्जरी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, रेजिडेंट्स और छात्रों ने भाग लिया और पीडियाट्रिक कार्डिएक सर्जरी एवं हृदय प्रत्यारोपण में नवीनतम प्रगति पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। अपने व्याख्यान के दौरान प्रो. वैन डे वोस्टिने ने रॉस प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, जो युवाओं में महाधमनी वाल्व रोग के उपचार के लिए एक उन्नत शल्य प्रक्रिया है। उन्होंने न्यूनतम इनवेसिव कार्डिएक सर्जरी के लाभों को भी रेखांकित किया। उन्होंने बच्चों के हृदय प्रत्यारोपण में अपनी विशेषज्ञता साझा की और बताया कि कैसे विशेष शल्य चिकित्सा द्वारा रोगियों के परिणामों में सुधार कर सकते हैं।

### पीसीबी के अफसरों ने किया निरीक्षण

## पीथमपुर में यूका कचरे के आसपास फैला प्रदूषण, बोर्ड ने दिया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड का 337 मीट्रिक टन कचरा पीथमपुर का वेस्ट मैनेजमेंट फैक्ट्री में जलाया जाना है। इस फैक्ट्री को 20 दिसंबर 2024 में मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक नोटिस दिया गया है। नोटिस में कई कमियां गिनाकर फैक्ट्री प्रबंधन से जवाब तलब किया गया है, लेकिन इस नोटिस का जवाब अब तक प्रबंधन द्वारा नहीं दिया गया है।

यह खुलासा सोमवार को भोपाल गैस पीड़ित के लिए संघर्ष करने वाले पांच संगठनों ने किया। संगठन की रचना ढींगरा ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का नोटिस बता रहा है कि पीथमपुर की वेस्ट मैनेजमेंट इकाई के परिसर में सीपेज का पानी इकट्ठा हो रहा है। इस पानी में वही केमिकल पाए गए हैं, जो भोपाल में यूका परिसर के आस-पास की बस्तियों के भूजल में हैं। इससे साफ है कि यदि पीथमपुर में 337 मीट्रिक टन कचरा जलाया गया तो वहां का भूजल और भी दूषित हो सकता है।

### 10 टन कचरा जलाने खर्च हुआ था 80 हजार लीटर डीजल

सतीनाथ षडंगी ने बताया कि पीथमपुर में कुछ वर्ष पहले ट्रायल के तौर पर यूका का 10 टन कचरा जलाया गया था। इसे जलाने में 80 हजार लीटर डीजल खर्च हुआ था। अब यदि 337 मीट्रिक टन कचरा जलाया गया तो कितने लाख लीटर डीजल खर्च होगा, इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता। अत्यधिक डीजल के जलने से जो राख उत्पन्न होगी, उससे पूरे पीथमपुर की हवा दूषित हो जाएगी और लोगों को सांस लेना मुश्किल हो जाएगा।

### शोध कार्यों से संबंधित कार्यों की दी जानकारी

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले एम्स डायरेक्टर डॉ. सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने लखनऊ में मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री योगी को एम्स भोपाल में रोगी देखभाल, स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे शोध कार्यों से संबंधित विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी।

चर्चा में डॉ. सिंह ने मध्य भारत के पहले हृदय प्रत्यारोपण की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी, जिसे एम्स भोपाल के डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह उपलब्धि न केवल एम्स भोपाल, बल्कि संपूर्ण चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई है। योगी आदित्यनाथ ने एम्स भोपाल के इन प्रयासों की सराहना की और देश में चिकित्सा सेवाओं के उत्थान हेतु ऐसे प्रयासों को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 19 से 23 फरवरी तक

## केंद्रीय संस्कृत विवि के चार प्रोफेसर्स थाईलैंड में प्रस्तुत करेंगे शोधपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के चार प्रोफेसर्स थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह दुर्लभ संयोग है कि किसी एक ही संस्थान से एक साथ चार प्राध्यापकों का इस प्रकार अखिल भारतीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के लिए चयन हुआ है। इन सभी प्राध्यापकों, डॉ संगीता गुदेंचा, डॉ. कृष्णकांत तिवारी, डॉ. विवेक कुमार सिंह एवं डॉ. मंजु सिंह के शोध पत्रों का इस सेमिनार के लिए अखिल भारतीय स्तर पर चयन हुआ है।

थाइलैंड के बैंकाक के धोनबुरी विश्वविद्यालय में चैलेंजेस एंड पॉसिबिलिटीज ऑफ पॉली एंड बुद्धिष्ट स्टडीज विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 19 से 23 फरवरी 2025 तक आयोजित है। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बौद्ध दर्शन का मानवीय निहितार्थ, शारीरिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर बौद्ध दृष्टिकोण, मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में बौद्ध मनोवैज्ञानिक दृष्टि तथा द रिलेवेंस ऑफ बुद्धिष्ट टीचिंग्स टुडे शीर्षक के शोध-पत्र यह प्राध्यापक प्रस्तुत करने जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विवि के निदेशक प्रो. रमाकांत पांडेय ने सभी प्रोफेसर्स की उपस्थिति में इन प्राध्यापकों का अभिनंदन किया।

### कार्यकारिणी समिति की आपात बैठक में लिया निर्णय

## मंत्रालय कर्मचारी करेंगे श्रीहनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पदोन्नति नहीं होने, चौथा समयमान वेतनमान नहीं देने, बीमा योजना लागू नहीं करने, आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्रालय कर्मचारी 4 मार्च को 108 हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ कर कार्य सिद्धि हेतु हनुमान जी महाराज से प्रार्थना कर शासन का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

यह निर्णय सोमवार को आयोजित हुई मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी समिति की आपात बैठक में लिया गया। संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने बताया कि प्रदेश के सर्वोच्च शासकीय कार्यालय मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी लंबे समय से उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के अन्य कर्मचारियों की मांगों पर कुछ न कुछ ध्यान दिया जा रहा है लेकिन मंत्रालय की लगातार अनदेखी की जा रही है। पूरे प्रदेश को चौथा समयमान वेतनमान दिया गया लेकिन मंत्रालय को छोड़ दिया गया। नौ साल से पदोन्नतियां बंद हैं। सैकड़ों योग्य और पात्र मंत्रालयीन कर्मचारी अधिकारी बिना पदोन्नति पाए रिटायर हो गए। सहायक ग्रेड 3 और डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम और योग्यता समान के बावजूद उनकी ग्रेड पे समान नहीं की गई।

### मंत्रालय कर्मचारियों की उपेक्षा की जा रही

राजकुमार पटेल ने बताया कि आंदोलन के द्वितीय चरण में चार मार्च को वल्लभ भवन क्रमांक एक के मेन गेट के निकट लंच टाइम में 108 हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का पाठ कर हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की जाएगी, ताकि उनकी कृपा से मंत्रालय की मांगों का निराकरण हो सके। मंत्रालय कर्मचारियों की जायज मांगों को भी अनदेखा किया जा रहा है।

### मैनिटः साइबर सिक्योरिटी थ्रेट्स एवं फोरेंसिक पर फैकल्टी अपडेशन प्रोग्राम शुरू

# नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी गांधीनगर मैनिट सहित प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ लेंगे लेक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मैनिट में साइबर सिक्योरिटी थ्रेट्स एवं फोरेंसिक पर फैकल्टी अपडेशन प्रोग्राम की शुरुआत सोमवार को हुई। पांच दिवसीय यह कार्यक्रम 21 फरवरी तक चलेगा। यह प्रोग्राम कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर करुणेश कुमार शुक्ला, विशिष्ट अतिथि निरंजन वायंगंकर, पुलिस उप महानिरीक्षक, साइबर सेल, मध्य प्रदेश पुलिस, भोपाल, प्रो. शैलेन्द्र जैन, डीन छात्र कल्याण, प्रो. निलय खरे, डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी, प्रो. आरके पटेरिया, मैनिट भोपाल, प्रो. दीपक सिंह तोमर, विभागाध्यक्ष (सीएसई और एआई), मैनिट भोपाल द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरुकता (आईएसईए) परियोजना के तीसरे चरण के तहत आयोजित किया गया है। सोमवार को पहले दिन मुख्य व्याख्यान निरंजन वयंगंकर द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने फिशिंग फॉरेंसिक और रैनसैमवेयर फॉरेंसिक के बारे में जानकारी दी।

### 21 फरवरी तक चलेगा कार्यक्रम




### डिजिटल फॉरेंसिक टूल्स को डेमोंस्ट्रेशन से समझाया

*प्रोग्राम के दूसरे सत्र में डॉ. दीपक सिंह तोमर ने उपयोगकर्ता-जनित साक्ष्यों और मशीन-जनित साक्ष्यों के बारे में बताया। साक्ष्यों के आपसी संबंधों पर भी चर्चा की। बताया कि साक्ष्य कैसे एकत्र किए जाते हैं और डिजिटल फॉरेंसिक टूल्स जैसे की इमेजिंग एवं हैशिंग को भी डेमांस्ट्रेशन देकर समझाया। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर और सूचना सुरक्षा, साइबर खतरों, जोखिमों, कमजोरियों की पहचान करना और डिजिटल साक्ष्य की पहचान, डिजिटल साक्ष्य का विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्य के संरक्षण जैसी डिजिटल फोरेंसिक की अवधारणा का पता लगाना है। विभिन्न विषयों पर नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी गांधीनगर, मैनिट भोपाल और अन्य प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा लेक्चर लिए जाएंगे।*

### पेपर लीक का झांसा देकर ठगने वालों से रहें सावधान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। ऐसे में माशिमं ने टेलीग्राम चैनल से पेपर उपलब्ध कराने का वादा कर भोले विद्यार्थियों को ठगने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए साइबर क्राइम कार्यालय को पत्र लिखा है। साइबर पुलिस ने इस संबंध में ठगों के खिलाफ जांच कार्रवाई प्रारंभ करते हुए विद्यार्थियों से ऐसे लोगों के बहकावे में न आने की अपील की है। भोपाल क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों से जालसाज ठगों के जाल में न फसने के लिए अपील भी की है।

■ साइबर पुलिस ने विद्यार्थियों से अपील

### 5 राज्यों के युवाओं से मंत्री सारंग ने किया संवाद

## संस्कारवान युवाओं का अनुसरण कर विकसित भारत का करें निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अमर बलिदानियों के जीवन से प्रेरणा लें और अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रहित में कार्य करें। मंत्री सारंग सोमवार को निवास पर माय भारत, नेहरू युवा केंद्र संगठन, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'सीमावर्ती क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के अंतर्गत गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब से आए युवा प्रतिभागियों से कर्तव्य संवाद किया।



### संस्कारवान युवाओं का अनुसरण करें

मंत्री सारंग ने आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया के प्रभाव पर विशेष जोर देते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे इन्फ्लुएंसर्स से दूरी बनानी चाहिए, जो समाज में फूहड़ता और नकारात्मकता फैलाते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे उन व्यक्तित्वों का अनुसरण करें जो संस्कारवान, समाजसेवी और देशहित में योगदान देने वाले हों। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति केवल अपने विकास तक सीमित न रहे, बल्कि समाज और देश के विकास में भी योगदान दे। देश को विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक है कि युवा सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें और राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# भोपाल में जीआईएस में होगी प्रवासी समिट, 15 से ज़्यादा देशों से 500 प्रतिनिधि होंगे शामिल

## यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान से बड़े प्रतिनिधि मंडल आएंगे

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में पहली बार आयोजित होने जा रहे "इन्वेस्ट मप्र-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025" में पहली बार प्रवासी मप्र समिट का भव्य आयोजन 25 फरवरी 2025 को किया जाएगा। इस वैश्विक मंच पर मप्र के प्रवासी उद्योगपतियों और निवेशकों की विशेष भागीदारी होगी। इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रवासियों 'फ्रेंडस ऑफ एमपी' समूह के सदस्य शामिल होंगे।




### प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ने का मौका

इसमें 15 से अधिक देशों से मप्र के 500 से अधिक प्रवासी भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान जैसे देशों से महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। प्रवासी मप्र समिट-2025 न केवल प्रदेश में निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह आयोजन मप्र को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाने में सहायक होगा।

### प्रवासी भारतीय से प्रदेश में निवेश का आह्वान

इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रमुख संबोधन होगा, जिसमें वे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के विकास में योगदान देने और निवेश के नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान करेंगे। वे प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे और प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को मप्र में निवेश और व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. जगत शाह संस्थापक मेंटर ऑन रोड की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से उद्यमिता को बढावा देने पर चर्चा की जाएगी। प्रमुख सचिव प्रवासी भारतीय संदीप यादव प्रवासी भारतीय सम्मेलन की भूमिका और महत्व को रेखांकित करेंगे।

### विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय चैप्टर के प्रमुख अपने विचार साझा करेंगे

कार्यक्रम में फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी के विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय चैप्टर के प्रमुख अपने विचार साझा करेंगे। इनमें सुश्री लीना वैद्य, चेयर पर्सन फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी, अबूधाबी चैप्टर, प्रमित मकोड़े चेयरमैन फ्रैंड्स ऑफ़ एमपी बॉस्टन चैप्टर, रोहित दीक्षित चेयरमैन फ्रेंड्स ऑफ एमपी यूके चैप्टर, सुश्री प्रेरणा भारद्वाज मेयर, जेराल्ड क्रॉस लंदन यूके और लार्ड रेमी रेंजर, हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स (यूके) जैसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय इस आयोजन में अपना विचार रखेंगे। कार्यक्रम में एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी, जिसमें मप्र की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परम्पराओं को दर्शाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व आईएफएस बेलवाल के खिलाफ ईओडब्ल्यू में प्राथमिकी दर्ज

**भोपाल।** पूर्व आईएफएस और आजीविका मिशन के सीईओ रहे ललित मोहन वेलवाल के खिलाफ वैधानिक नियुक्तियां सहित अन्य मामले में ईओडबलयू ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। भोपाल की सीजेएम कोर्ट ने भी इस सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए थे। पूरा मामला यह है कि कुमार मिश्रा, निवासी-भोपाल द्वारा ईओडब्ल्यू में अवैधानिक नियुक्तियों के संबंध मेंशिकायत कि गई थी। शिकायतकर्ता राजेश कुमार मिश्रा द्वारा आरोपों के समर्थन में प्रस्तुत नेहा मारव्या तत्कालीन अपर सीईओ मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद की विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू ने आरोपों को सही पाया। इसी पर प्रारंभिक जांच पंजीबद्ध की गई। श्री बेलवाल द्वारा सचिव मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के निर्देशों को दर-किनार कर एवं संबंधित नस्तियों में छेड़छाड़, विभागीय मंत्री की आपत्तियों को भी नजरअंदाज करते हुए यह नियुक्तियां की गई। वहीं आरोप है कि उन्होंने बिना अर्हता सुषमा रानी शुक्ला एवं उनके परिवार के सदस्यों देवेंद्र मिश्रा, अंजु शुक्ला, मुकेश गौतम, ओमकार शुक्ला एवं आकांक्षा पाण्डे की नियुक्तयां मिशन के विभिन्न पदों पर की गई।

### आईएमपीसीसी व खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बैठक का आयोजन

**भोपाल।** अंतर माध्यम प्रचार समन्वय समिति की फरवरी माह की बैठक सोमवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग में आयोजित की गई। आईएमपीसीसी के अध्यक्ष और पीआईबी के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए पीआईबी ने भोपाल और रायपुर के पत्रकारों के लिए एक प्रेस टूर का आयोजन 14 से 16 फरवरी तक किया गया।

### मुख्यमंत्री ने मुरैना में भारत रत्न स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

# अटल जी की सरलता, विनम्रता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं

- मुरैना शहर की सीमावर्ती 13 ग्राम पंचायतों के विकास के लिए मिलेंगे 20 करोड़ रुपए
- मुरैना सिटी में 10 करोड़ रुपए से होंगे विद्युत संबंधी कार्य, मुरैना में बनेगा बोट क्लब





हरिभूमि न्यूज भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही मुरैना में नया इतिहास लिखा गया है। स्व. वाजपेयी राजनीति के मर्मज्ञ थे। वे सदैव सच्चाई के लिए जिए। वे पूरे भारत को अपना परिवार मानने वाले विराट हृदय व्यक्तित्व थे। स्व. वाजपेयी लोकतांत्रिक परम्पराओं का पालन करने वाले कालजयी महापुरूष थे। उनकी सहजता, सरलता, विन्रमता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुरैना में अटल जी की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह को नहीं देखा, पर अटल जी को करीब से देखा है। उन्हें शत-शत नमन है। देश को लोकतंत्र का एक नायक अटल जी के रूप में मिला। कोई नेता पक्ष में हो या विपक्ष में, एक जैसी भाषा बोले, ये हमने अटल जी के व्यक्तित्व में ही देखा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया में देश का गौरव बढ़ाया था। उन्होंने 50 साल तक विपक्ष में बैठकर लोकतंत्र और संसदीय परम्पराओं को सशक्त करने का अभूतपूर्व कार्य किया।

### वाजपेयी के योगदान को हम कभी नहीं भूलेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी ने अपनी कविता में कहा था कि क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो भी मिला, ये भी सही और वो भी सही। स्व. वाजपेयी के योगदान को हमारा देश कभी नहीं भूल पाएगा। पावर्ती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) और केन-बेतवा (केबी) नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना उन्हीं की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनकी सोच को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रियान्वित किया है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमने 70 हजार करोड़ रुपए की नदी जोड़ो परियोजना से मप्र में जल संग्रहण का एक नया अभियान शुरू किया है।

### विकास कार्यों के लिए 20 करोड़

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की मांग पर मुरैना नगर निगम की सीमा क्षेत्र से लगी 13 ग्राम पंचायतों के सभी गांवों में जरूरी विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ रुपए और मुरैना शहर में इलेक्ट्रिसिटी पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 10 करोड़ रूपए विकास राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुरैना शहर में बोट क्लब के साथ जहां जरूरी हैं, वहां सड़कें भी बनाई जाएंगी।

### सीएम के मुरैना आगमन से लगेंगे चार चांदः तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुरैना आगमन यहां के विकास में चार चांद लगाएगा। स्व. वाजपेयी की प्रतिमा जनसेवा में लगे स्थानीय युवाओं को प्रेरणा देगी। वे हमेशा कहा करते थे कि सत्ता पाना नहीं, वरन शक्तिशाली, समृद्ध, समर्थ और विकसित भारत का निर्माण ही हमारी मंजिल होना चाहिए। ऐसा भारत जिसमें समरसता हो।

### सीएम ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर के साथ धाम में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड को फीनिक्स के पक्षी की तरह राख से निकलकर जीवित होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यहां के वीर योद्धाओं को उनकी वीरता और अद्वितीय पराक्रम के लिये सदैव याद किया जाएगा। बुंदेलखंड के गौरवशाली व्यक्तित्व जैसे आल्हा उदल, महाराजा छत्रसाल जैसे लोगों से बुंदेलखंड गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंसन सेंटर में बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित आगमन के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा में यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूर्ण गरिमामय होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं रखी जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां पर पहली नदी जोड़ो परियोजना, पहला अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एवं पहला फाइव स्टार होटल इसी बुंदेलखंड की धरती पर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं कैंसर हॉस्पिटल के भूमि पूजन हेतु पधार रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक पल होगा।

### श्री कराह धाम आश्रम की हजारों गौ-माताओं से समूचे ब्रह्मांड की होती है अनुभूति

- मुख्यमंत्री ने मुरैना के श्री कराह धाम आश्रम पहुँचकर गुरू गादी को किया नमन



सीएम डॉ. यादव ने सोमवार को मुरैना के श्री कराह धाम आश्रम पहुंचकर अनन्त श्री गुरुदेव पटिया वाले बाबा के दर्शन के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्री कारह धाम आश्रम की गौशाला में गौ-माता का पूजन भी किया। सीएम ने कहा कि गौ-माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है। आश्रम की गौ-शाला में 7500 से अधिक गौ-माताएं हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा, मुरैना-श्योपुर के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, सबलगढ़ विधायक सरला रावत, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों से करें जन-कल्याण के कार्य

- विकास के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें स्थानीय निकाय
- मुख्यमंत्री, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की बैठक में वर्चुअली हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में स्थानीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाया गया है। नगरीय निकाय और अन्य स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों का उपयोग करते हुए जन-कल्याण के कार्य बेहतर रूप से कर रहे है। हाल ही मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान की सफलता इस बात का बेहतर उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकाय राज्य सरकार की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर से इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स मप्र इकाई की बैठक को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर मे उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों ने विकास कार्यों के क्षेत्र में देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में तेज गति से समग्र विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है।

### नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर 7 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में देश में लगातार अव्वल है। इस बार भी इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल रहने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने यह सब मिलकर प्रयास करें, आय के स्रोत बढ़ाएं। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे तो विकास को और नई गति दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं भी बनाकर क्रियान्वित कर सकती हैं।

### स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास

नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संविधान के 73 एवं 74वें संशोधन के बाद सबसे ज्यादा अधिकार मप्र के स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि स्थानीय शासन व्यवस्था और अधिक विकेंद्रीकृत हो। उनको ज्यादा से ज्यादा अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास करें। करारोपण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं, आय के नए साधन भी खोजें। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इंदौर तेज गति से विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं सांसद वीडी.शर्मा भी वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में नगरीय आवास एवं विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माधुरी पटेल, इंदौर सांसद शंकर लालवानी और राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित भूमि सर्वेक्षण की होगी शुरुआत

- मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान रायसेन से करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज भोपाल

केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) नामक एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 18 फरवरी को रायसेन में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। नक्शा कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना और उन्हें अपडेट करना है, ताकि भूमि स्वामित्व का सटीक और विश्वसनीय दस्तावेज़ीकरण सुनिश्चित किया जा सके। संपत्ति रिकॉर्ड प्रशासन के लिए आईटी-आधारित प्रणाली पारदर्शिता, दक्षता को बढ़ावा देगी और सतत विकास का समर्थन करेगी। नक्शा शुभारंभ कार्यक्रम में ड्रोन उड़ाए जाएंगे। मानक संचालन प्रक्रिया पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा।

नक्शा कार्यक्रम पर वीडियो एवं फ्लायर जारी किए जाएंगे। वाटर शेड यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। वाटर शेड वीडियो का प्रदर्शन किया जाएगा तथा वाटरशेड गान बजाया जाएगा। सर्वे ऑफ इंडिया नक्शा कार्यक्रम के लिए तकनीकी भागीदार है, जो हवाई सर्वेक्षण करने और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को तीसरे पक्ष के विक्रेताओं के माध्यम से ऑर्थोरेक्टीफाइड इमेजरी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम (एमपीएसईडीसी) की ओर से एंड-टू-एंड वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा और भंडारण सुविधाएं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा इंक (एनआईसीएसआई) से प्रदान की जाएंगी।

### उद्योग संघ के प्रतिनिधि एवं उद्योगपति साझा करेंगे अपने अनुभव, नए अवसर होंगे उपलब्ध

# जीआईएस में औद्योगिक निवेश और आर्थिक विकास पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)- 2025 में उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, निवेशक और विशेषज्ञ मप्र में औद्योगिक निवेश और आर्थिक विकास की संभावनाओं पर मंथन करने के लिए एक मंच पर जुटेंगे। राज्य सरकार उन निवेशकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराने जा रही है। मप्र में टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, नवकरणीय ऊर्जा, हेल्थकेयर, खाद्य प्रसंस्करण, स्टार्टअप्स, वित्तीय सेवाओं और पर्यटन आदि क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं हैं। समिट में संभावनाओं और अवसरों का लाभ उठाने के लिए विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के दिग्गज उद्योगपति अपने अनुभव, विचार और रणनीतियां साझा करेंगे। समिट में वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव, फार्मा विभाग के सचिव अमित अग्रवाल, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव डीवी गनवीर, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, खनिज विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव आदि अधिकारी शामिल हो रहे हैं। इनके साथ ही जीएसआई के अपर महानिदेशक धीरज कुमार, राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के निदेशक हितेश वैद्य और अन्य विशेषज्ञ भी मप्र में उद्योगों के विस्तार और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

### टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से उभर रहा है मध्यप्रदेश

मप्र टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। राज्य की अनुकूल औद्योगिक नीति के कारण कई बड़ी कंपनियां यहां निवेश को प्राथमिकता दे रही हैं। समिट में टीडब्ल्यूई ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ इंगो सोलर, एईपीसी के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड के चेयरमैन रिजू झुनझुनवाला, सेखानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज के निदेशक रीनिश सेखानी और प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्रेयास्कर चौधरी टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश और विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

### हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर में यह होंगे शामिल

मप्र फार्मा और हेल्थकेयर क्षेत्र में सहजना एंड मेडिकल टेक्नोलॉजीज के उपाध्यक्ष राजीव चिब्बर, इन्वॉल्यूशन हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक गौरव अग्रवाल, बायोमेरियू इंडिया के प्रमुख बिवाश चक्रवर्ती, सन फार्मास्युटिकल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ग्लोबल हेड ऑपरेशंस राहुल अवस्थी और आईपीसीए लेबोरेट्रीज के प्रबंध निदेशक अजीत कुमार जैन विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

### नवकरणीय ऊर्जा और ग्रीन टेक्नोलॉजी

ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मप्र निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। टाटा पावर के दीपेश नंदा, ओ 2 पावर के पराग शर्मा, अवाडा एनर्जी के विनीत मित्तल, रिन्यू पावर के सुमंत सिन्हा, जिंदल के अमित मित्तल, वारी एनर्जी के पंकज दोशी, ग्रीनको के अनिल कुमार चेलमुनशेट्टी और एसईसीआई के चेयरमैन रामेश्वर गुप्ता जैसे प्रमुख निवेशक राज्य में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नए अवसरों पर चर्चा करेंगे।

### कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में यह होंगे भागीदार

कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में आईटीसी एग्री बिजनेस डिवीजन के गणेश के. सुंदररमन, पेप्सिको इंडिया के अनुकूल जोश, ग्रीन ग्रेन के प्रतीक शर्मा और आईएफसी वर्ल्ड बैंक के विजयसैकर कलवकोंडा निवेश और विकास की संभावनाओं पर विचार करेंगे। इनोगुरु के संस्थापक एवं सीईओ वैदंत जैन, स्टार्टअप मिडिल ईस्ट के संस्थापक एवं सीईओ सिबी सुधाकरण, दुबई स्थित सैव की संस्थापक पूर्वी मुनोत, एम-कैफीन एवं हाइफेन के सह-संस्थापक तरुण शर्मा और स्किल्स के चांसलर सिद्धार्थ चतुर्वेदी जैसे युवा उद्यमी और निवेशक इस क्षेत्र में नए अवसरों पर मंथन करेंगे। बीम्स फिनटेक के संस्थापक अनुज गोलेचा, एक्वानिमिटी मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी के प्रबंध भागीदार राजेश सहगल, आईटीआई ग्रोथ फंड के जनरल पार्टनर मोहित गुलाटी, यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स के प्रबंध भागीदार भास्कर मजूमदार और डन एंड ब्रैडस्ट्रीट इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अविनाश गुप्ता राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

### अनुमानित अनुदान राशि 23 हजार 25 करोड़ रुपए प्रदान किए जाने की दी गई है स्वीकृति

# मप्र में 5 वर्षों में मध्यम एवं कमजोर वर्ग के लिए बनेंगे 10 लाख आवास

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मप्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 में शहरी क्षेत्र में अगले 5 वर्षों में आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम आय वर्ग के हितग्राहियों के लिए 10 लाख आवासों का निर्माण किया जाएगा। इन आवासों के निर्माण में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। इस राशि में केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुमानित अनुदान राशि 23 हजार 25 करोड़ रुपए प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है।

योजना में पात्र हितग्राही परिवारों के लिये हर मौसम के अनुकूल आवासों के निर्माण के साथ समुचित अधोसंरचना जैसे- सड़क, जल प्रदाय, सीवेज, पार्क तथा सामाजिक अधोसंरचना के रूप में आंगनवाड़ी, प्राथमिक शाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विकसित किए जाएंगे। राज्य शासन की ओर से सभी पात्र हितग्राही परिवारों को आवास दिया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू 2.0) में अब तक करीब 2 लाख 90 हजार हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। योजना का क्रियान्वयन नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से किया जा रहा है।

### हितग्राहियों को 4 घटकों में किया जाएगा लाभान्वित

पीएमएवाई-यू 2.0 में जिन 4 घटकों में लाभान्वित किया जाएगा, उनमें आर्थिक रूप से कमजोर, निम्न तथा मध्यम आय वर्ग के पात्र हितग्राही होंगे। बेनिफिशरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी) के तहत ईडब्ल्यूएस वर्ग के पात्र हितग्राही अपनी स्वयं की भूमि पर आवास का निर्माण कर सकेंगे। अफोर्डेबल हाउसिंग एण्ड पार्टनरशिप (एएचपी) के तहत ईडब्ल्यूएस वर्ग के हितग्राहियों को नगरीय निकायों, राज्य की अन्य निर्माण एजेंसियों तथा निजी बिल्डर, डेवलपर्स की ओर से आवासों का निर्माण कर प्रदान किया जाएगा। इसके तहत निजी डेवलपर की ओर से परियोजना में हितग्राहियों ने आवास क्रय करने पर रिडीमेबल हाउसिंग वाउचर प्रदान किया जाएगा। अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग में कामकाजी महिलाओं, औद्योगिक श्रमिकों, शहरी प्रवासियों, बेघर और निराश्रितों एवं अन्य पात्र हितग्राहियों के लिये किराए के आवास बनाकर उपलब्ध कराए जाएंगे। इन्ट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी एवं एमआईजी वर्ग के पात्र परिवारों को आवास ऋण पर ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा।



### योजना के दिशा-निर्देश अनुसार होगा क्रियान्वयन

पीएमएवाई-यू 2.0 में सिंगल वूमेन, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर्स, कल्याण महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्प संख्यकों तथा समाज के अन्य कमजोर एवं वंचित वर्गों के व्यक्तियों को वरियता दी जाएगी। इसी के साथ योजना में सफाईकर्मियों, पीएम स्वनिधि योजना में चिन्हित स्ट्रीट वेंडरों, पीएम विश्वकर्मा योजना के विभिन्न कारीगर, अन्य निर्माण श्रमिकों एवं चाल के निवासियों पर योजना में विशेष ध्यान दिया जाएगा। योजना में बड़े शहरों को मलिन बस्ती मुक्त करने की दिशा में भूमि को संसाधन के रूप में पीपीपी मॉडल पर परियोजनाओं के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी जाएगी।

### आवासीय भूमि का पट्टा उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति

भूमिहीन पात्र हितग्राही परिवारों को आवासीय भूमि का पट्टा उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति भी दी गई है। बीएलसी वर्ग के हितग्राहियों को प्रति आवास 2 लाख 50 हजार रुपए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। लाभार्थी परिवारों की ओर से आवास के निर्माण के चरणों का स्वयं जियो टैगिंग का प्रावधान किया गया है। इसी के साथ अविवाहित कमाऊ वयस्क सदस्यों को पृथक से लाभ प्रदान करने के प्रावधान को समाप्त कर एक हितग्राही परिवार में पति-पत्नी, अविवाहित बेटे-बेटियों को शामिल किया गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में मप्र दूसरे स्थान पर

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) प्रथम चरण में मध्यप्रदेश अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से देश में दूसरे स्थान पर रहा है। पहले चरण में 9 लाख 45 हजार आवासों में से वर्तमान में 8 लाख 33 हजार आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। इन आवासों की स्वीकृति अनुदान राशि 19 हजार 400 करोड़ में से केन्द्र और राज्य शासन की ओर से 18 हजार 700 करोड़ रुपए की राशि हितग्राहियों को प्रदान की जा चुकी है।

# कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल

क्रमांक 146/याँ.वि./25 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल, दिनांक 14/02/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_365181_4 | BEAUTIFICATION WORK OF CHOWRAHAS, SUPPLY OF M.S BENCHES AND SHED IN WARD 12 ZONE 03 | 27,49,658/- | 28-FEB-2025 | 05:30 PM |
| 2. | 2024_UAD_363484_6 | CONSTRUCTION OF SHED AND PAINTING WORK NEAR SHIVJI MANDIR AT NAVEEN NAGAR WARD NO.39 ZONE NO.11 | 84,359/- | 28-FEB-2025 | 05:30 PM |

नोटः- संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. 1314/23/24

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम भोपाल

# M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CO. LIMITED

(A Government of M.P. Undertaking)
Regional Office, Bhopal (M.P.), Tawa Complex, Bittan Market
E-5, Arera Colony, Bhopal, Phone : (O) +917552420301-2-3

Date : 17.02.2025

**NOTICE INVITING TENDER FOR YEAR - 2024-25**

Online Tender for the following works are invited on the E-procurement System portal mptenders.gov.in:- as detailed below :-

| NIT No. | Subject | Probable amount of Contract (In Lakhs) |
|---|---|---|
| 61 | Miscellaneous Civil/Electrical/Water supply and Road work at Various Industrial Area of MPIDC RO Bhopal (M.P.) | 400.00 |

Detailed NIT along with other details can be downloaded/viewed on above mentioned portal from 18.02.2025 10:30 Hrs.

M.P. Madhayam/118841/2025 — EXECUTIVE ENGINEER

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal
Ph. No. 0755-2701669

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT NO. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 85/T.Sec./EE/W.W.D/ 2024-25 Second call | 2025_UAD_397371_2 | CONSTRUCTION OF SLUICE VALVE CHAMBER UNDER WARD 56,57,60, AND 61 OF ZONE 14 | 8,39,494/- | 8,395.00 | 25.02.2025 |

T.N.1319/024/025

Executive Engineer (H)
Municipal Corporation, Bhopal

# केन फिन होम्स लि.

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

शाखा का पता – प्लॉट नंबर 202 इंद्रा नगर मंडीदीप रायसेन 462046 संपर्क नंबर 7625079225 / 9654107919
ई–मेलः mandideep@canfinhomes.com
सीआईएनः L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**

"वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का सं 50) की धारा 13(2) के अधीन

सेवा मे,

1. उधारकर्ता : श्री पिंकी वर्मा पत्नी श्री तरुण कुमार वर्मा
फ्लैट संख्या–एमआईजी–01, प्लॉट संख्या 14–जे (सेक्टर–जे), रोहित प्लाजा, चौथी मंजिल, राजहर्ष कॉलोनी, ग्राम–गेंहूखेड़ा, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला–भोपाल, एमपी–462042
2. सह–उधारकर्ता रू श्री तरुण कुमार वर्मा पुत्र श्री राम सिंह वर्मा
फ्लैट संख्या–एमआईजी–01, प्लॉट संख्या 14–जे (सेक्टर–जे), रोहित प्लाजा, चौथी मंजिल, राजहर्ष कॉलोनी, ग्राम–गेंहूखेड़ा, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला–भोपाल, एमपी–462042

नंबर 1, आपने हमारी शाखा से श्री पिंकी वर्मा पत्नी श्री तरुण कुमार वर्मा (उधारकर्ता) की निम्नलिखित संपत्ति को गिरवी रखने की जमानत पर आवास ऋण लिया है, रु. 15,09,189६– (पंद्रह लाख नौ हजार एक सौ अस्सी मात्र) दिनांक 01.02.2025 को कैन फिन होम्स लिमिटेड को अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज के साथ देय है।

**बंधक रखी आस्ति का विवरण**

फ्लैट नंबर–एमआईजी–01, प्लॉट नंबर 14–जे (सेक्टर–जे), रोहित प्लाजा, चौथी मंजिल, राजहर्ष कॉलोनी, गांव–गेंहूखेड़ा, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला–भोपाल, सुपर बिल्टअप एरिया 1000 वर्ग फीट। संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैंरू उत्तर–कॉरिडोर और फ्लैट नंबर 3, दक्षिण–रोड, पूर्व–फ्लैट नंबर 02, पश्चिम–अन्य संपत्ति

आप को सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के अधीन पंजीकृत मांग सूचना क्रमांक 1 एवं 2 को प्रेषित की गई थी। परंतु सूचना बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है। अतएव अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त कर्जदार / रों के अंतिम ज्ञात पते के परिसर पर चस्पा करवा दी है। अतः समाचार पत्र में यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। चूंकि आप मंजूरी की शर्तों का पालन करने में असफल रहे हैं, अतः यह खाता एनएचबी के दिशानिर्देशों के अनुसार दिनांक 29.01.2025 को गैर निष्पादक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जा चुका है। एतद्द्वारा आपसे उपरोक्त राशि का भुगतान दिनांक 01.02.2025 से उस पर संविदा दर पर ब्याज सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी सरफासी ऐक्ट के अधीन उपरोक्त प्रतिभूति प्रवर्तित करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु बाध्य होगा।

इसके अतिरिक्त कर्जदारों / गारंटरों का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांकः 17.02.2025
स्थानः मंडीदीप, रायसेन (एमपी)

हस्ता. /–
प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लिमिटेड

# मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग

प्रथम तल, 'सी' विंग विंध्याचल भवन, भोपाल
दूरभाष कार्यालयः 0755-2551564, 2552048, ईमेल-spb@mp.nic.in
क्र./1828/वाहन/2024/ म.प्र.रा.नी.आ. — भोपाल, दिनांक : 17.02.2025

**निविदा विज्ञप्ति**

म.प्र. राज्य नीति आयोग, विंध्याचल भवन, भोपाल को 02 वाहन (01 सियाज, 01 इनोवा क्रिस्टा) किराये पर लिये जाने हेतु दिनांक 16.01.2025 को प्रकाशित निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1695/वाहन/म.प्र.रा.नी.आ. भोपाल दिनांक 16.01.2025 को जारी निविदा जमा एवं खोले जाने की तिथि में वृद्धि की जाती है।

उक्त भरी हुई निविदायें दिनांक 24.02.2025 तक (अपराह्न 3.00 बजे) तक म.प्र. राज्य नीति आयोग कार्यालय (भण्डार शाखा) में जमा की जा सकेंगी। दिनांक 24.02.2025 को सायं 5.00 बजे विभागीय समिति द्वारा निविदाकारों अथवा उनके मान्य प्रतिनिधियों के समक्ष निविदायें खोली जावेंगी।

**अन्य सभी पूर्व में जारी शर्तें यथावत रहेंगी।**

**नोटः** उपरोक्तानुसार किराए पर लिए जा रहे वाहनों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/118843/2025 — प्रशासकीय अधिकारी


# पेज एक का शेष...

## आईसीएसई बोर्ड ...

स्टूडेंट्स के लिए बोर्ड की ओर से एग्जाम गाइडलाइंस जारी की जा चुकी हैं। सभी छात्र-छात्राएं किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

## वन्य जीव पर्यटन का ...

को मुरैना पहुंचें थे। वहां वे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा अनावरण के बाद राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य पहुंचें। उन्होंने अभयारण्य की व्यवस्थाओं एवं यहां पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने घड़ियालों को नजदीक से देखा, चंबल सफारी का भ्रमण किया तथा घड़ियाल संरक्षण के बारे में वन विभाग से जानकारी ली।

## मप्र में वन पर्यटन ...

है। वन विभाग के अधिकारियों के हवाले से मुख्यमंत्री ने बताया कि चंबल नदी में छोड़े गए घड़ियालों को वर्ष 2022 में अंडों के रूप में संरक्षित किया गया था। समुचित देखभाल और अनुकूल वातावरण में इन अंडों से घड़ियाल के बच्चे निकले। घड़ियाल के अंडों को कृत्रिम तापमान देकर इनके लिंग का निर्धारण किया गया।

## दुनिया में सबसे ज्यादा...

से घड़ियाल ग्रो एण्ड रिलीज प्रोग्राम शुरु किया गया था। तब चंबल नदी में घड़ियाल की संख्या 100 से कम थी। उक्त प्रोग्राम से घड़ियाल पुनर्वास केंद्र देवरी पर प्रति वर्ष चंबल नदी से दो सौ अंडे लाकर देवरी केंद्र में घड़ियाल के बच्चों को पालकर 120 सेंटीमीटर का होने पर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाता हैं।

## दिल्ली-एनसीआर से...

में सोमवार सुबह 5:36 बजे 4 तीव्रता का भूकंप आया। पिछले भूकंपों के उलट यह भूकंप दिल्ली में ही आया और इसकी उत्पत्ति पृथ्वी की सतह से 5 किमी नीचे हुई। दिल्ली-एनसीआर में जमाने बाद लोगों ने इतना जोरदार भूकंप महसूस किया। उन्हें धरती के अंदर से गड़गड़ाने की आवाज भी सुनाई दी। भूकंप की तीव्रता उतनी ज्यादा नहीं थी, लेकिन लोगों ने इसे काफी देर तक महसूस किया। भूकंप के लिहाज से सर्वाधिक जोखिम वाली दूसरी श्रेणी यानी सिस्मिक जोन-चार में शामिल दिल्ली पर भी खतरा मंडरा रहा है। सोमवार सुबह आए भूकंप का केंद्र दिल्ली रहने से दिल्ली सरकार भी अलर्ट मोड पर है। दिल्ली सरकार के अधिकारियों की मानें तो भूकंप की आपदा से निपटने के लिए दिल्ली सरकार तैयार है। एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली के सभी जिला स्तर के साथ साथ मुख्यालय स्तर पर डीडीएमए की टीमें गठित हैं।

**पीएम ने की शांति की अपीलः** दिल्ली-एनसीआर में तेज भूकंप के झटकों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली और आस-पास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने और संभावित झटकों के लिए सतर्क रहने की अपील। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

## भूकंप का केंद्र था ...

कि पेड़ उखड़ गया है। यह 20-25 साल पुराना पेड़ है। ऐसा भूकंप के कारण हुआ होगा, क्योंकि यहां हवा या आंधी जैसी कोई बात नहीं थी। कर्मचारियों ने बताया कि भूकंप के बाद जब उन्होंने पार्क का दौरा किया तो उन्होंने देखा कि पेड़ उखड़ गया है।

## ज्ञानेश कुमार होंगे ...

हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए एक सेलेक्शन कमेटी द्वारा नाम तय किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सोमवार शाम को एक बैठक की गई। इस बैठक में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह भी पहुंचे। कुमार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। इस कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए गठित समिति में मुख्य न्यायाधीश के स्थान पर गृह मंत्री को शामिल किया गया है।

**जनवरी, 2029 तक रहेगा कार्यकालः** सीईसी के रूप में उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा। इस दौरान वे आयोग का नेतृत्व करेंगे। इस अवधि में 20 विधानसभा चुनाव, 2027 में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव होने हैं। साथ ही 2029 के लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारियां भी होनी हैं।

## भीड़ में दबकर पांच...

मौजूद चिकित्सकों की टीम ने सभी को उपचार दिया, जिसके बाद हालत में सुधार हुआ। लगातार बढ़ रही भीड़ के चलते प्रशासन और सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी नजर आए। रविवार को अवकाश के चलते श्रद्धालुओं की संख्या इतनी बढ़ गई कि उसे काबू करना मुश्किल हो गया। धक्का-मुक्की के बीच मंदिर परिसर व बाहर तक हालात बेकाबू नजर आए। इस बीच कोलकाता से दर्शन करने आईं नेहा गुप्ता पत्नी संदीप गुप्ता गिर गईं। जब तक उन्हें उठाया तब तक कई श्रद्धालु उनके पैर के ऊपर से गुजर गए। इसे पैर में चोट लग गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके पैर में फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है।

## सीधी में 14 फीट...

होकर खाई में गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सीधी और रीवा जिले की सीमा पर स्थित मूड़ा पहाड़ के सुनसान इलाके में हुआ। तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने अचानक गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वह करीब 14 फीट नीचे एक खाई में गिर गई। बोलेरो गाड़ी में आठ लोग सवार थे, जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो जिला अस्पताल सीधी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चार अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रात दो बजे हुए इस हादसे की सूचना किसी को नहीं लगी। इससे करीब तीन घंटे तक घायल मौके पर पड़े-पड़े तड़पते रहे। सुबह करीब पांच बजे स्थानीय लोगों को हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीधी जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि हादसा कैसे हुआ इसकी भी जांच की जा रही है।

## प्रयागराज से लौट ...

को काटकर घायलों को बाहर निकालना पड़ा। जिला अस्पताल में पदस्थ ट्रेनी डॉक्टर सान्या (25), जो संदीप टिकरया की पुत्री थीं, की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल हुए अन्य लोगों में 13 वर्षीय आलोक (राहुल का पुत्र), 35 वर्षीय नेहा (राहुल की पत्नी), 20 वर्षीय सास्वत (संदीप का पुत्र) और 37 वर्षीय राहुल (कल्याण का पुत्र) शामिल हैं। सभी टिकरया मुहल्ला गल्ला मंडी के निवासी हैं। डॉक्टर तौफीक राजा ने सभी घायलों को गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## सैम बोले-चीन ...

पित्रोदा का बयान पार्टी के विचार नहीं हैं। मामले में जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- सैम पित्रोदा की तरफ से चीन पर व्यक्त किए गए विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं।

## भारत की संप्रभुता...

और संप्रभुता पर बहुत गहरा आघात है। राहुल गांधी भी विदेश में ऐसे कई बयान दे चुके हैं।

## 700 करोड़ हुई राम ...

के बीच है। रामनगरी में आ रही श्रद्धालुओं की भीड़ से दान के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। राम मंदिर में रोजाना चार लाख श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। ये सिलसिला मकर संक्रांति से ही चल रहा है। मंदिर ट्रस्ट कार्यालय के अनुसार ट्रस्ट के 10 दान काउंटर पर रोजाना 10 लाख रुपए रुपए से ज्यादा दान चढ़ रहा है। उत्तरप्रदेश-उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव प्रो. विनोद श्रीवास्तव बताते हैं कि एक अध्ययन एवं अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 -25 में आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर की वार्षिक दान राशि लगभग 1500 से 1650 करोड़ रही । द्वितीय स्थान पर केरल तिरुवंतपुरम का श्री पद्मनाभम स्वामी मंदिर है जिसका वार्षिक कलेक्शन लगभग 750 से 850 करोड़ रुपए है।








पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898. R-07 to 21-02-2025

Hindustan पेंसिल पेन के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी करके 85000 - 95000 कमाने की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में उपलब्ध. आपको नौकरी चाहिए तो कॉल करें. WhatsApp 6397479854. B-15 to 18-02-2025

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लेन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक




















## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववािदों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5782



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5781 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5792

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

**सूडोकू नवताल - 5791 का हल**

[illegible]

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# रेनो के काइगर और ट्राइबर नए और बेहतर वर्जन में लांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रेनो इंडिया ने काइगर और ट्राइबर के नए और बेहतर वर्जन लॉन्च किए हैं। इनमें कई स्मार्ट और सोच समझकर डिजाइन किए गए अपग्रेड जोड़े गए हैं, जिससे उनकी आकर्षकता, ड्राइविंग अनुभव और परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाया गया है।

रेनो इंडिया के कंट्री सीईओ और प्रबंध निदेशक वेंकटराम एम ने कहाकि भारत रेनो की वैश्विक रणनीति में एक अहम स्थान रखता है। हम यहां के ग्राहकों की बदलती जरूरतों के मुताबिक मोबिलिटी को और स्मार्ट और सुलभ बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। नया रेनो लाइन-अप पहले से ज्यादा एडवांस और आकर्षक है, जिसमें स्टाइल, आराम और आधुनिक फीचर्स का बेहतरीन संतुलन देखने को मिलता है। नए काइगर और ट्राइबर में सभी चार पावर विंडो और रिमोट सेंट्रल लॉकिंग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में शामिल किया गया है। रेनो ने काइगर के आरएक्सटी वेरिएंट में टूबो पेट्रोल सीवीटी गियरबॉक्स को शामिल किया है, जिसकी कीमत 9,99,995 रूपए रखी गई है। रेनो इंडिया ने काइगर और ट्राइबर के 2025 मॉडल में सभी वेरिएंट्स में 17 सेफ्टी फीचर्स शामिल किए हैं, जिससे सुरक्षा और आराम का नया स्तर तय किया जा सके।

एफसीआई द्वारा एथेनॉल डिस्टिलरी वालों को चावल बेचने से मक्का की कीमत दो महीने के स्तर पर

# मक्का 3 हजार रुपए क्विंटल की धारणा ने स्टॉकिस्ट व्यापारियों की मंशा पर फेरा पानी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**भोपाल इटारसी, छिंदवाड़ा और बैतूल के गोदामों में लबालब भरा पड़ा मक्का कारोबारियों को भारी नुकसान**

दो महीने पहले बाजार विशेषज्ञों की धारणा थी कि मक्का के भाव 3 हजार रुपए क्विंटल के स्तर पर पहुंचेंगे, लेकिन बाजार विशेषज्ञों की यह धारणा मौजूदा समय में व्यापारियों और स्टॉकिस्टों के मंशा पर पानी फेर दी है।

क्योंकि एफसीआई ने चावल की सप्लाई पूरे साल के दौरान घाटे वाले और सरप्लस दोनों राज्यों में इथेनॉल डिस्टिलरी को किए जाने की पेशकश की है। जिसके चलते मक्का के भाव जमीन चाट गई है।

मौजूदा समय में आलम यह है कि व्यापारियों और कंपनियों ने दो महीने पहले जिस भाव पर मक्का खरीदा था वहीं भाव मौजूदा समय में भी है। मक्का कारोबारी मनीष मरेले के अनुसार मौजूदा समय है कि भोपाल, इटारसी, छिंदवाड़ा और बैतूल स्थित वेयरहाउस और गोदामों में कंपनियों और स्टॉकिस्टों का मक्का लबालब भरा पड़ा हुआ। भोपाल ही में करीब 50 हजार बोरा मक्का गोदाम में है।

कारोबारी मनीष मरेले ने कहा कि मौजूदा समय में मक्का कारोबारी भारी नुकसान पर है। क्योंकि मक्के का मौजूदा भाव 2350 से 2400 रुपए क्विंटल है जो कि दो महीने पहले भी था। अनुमान है आने वाला समय मक्के लिए नुकसानदायक ही साबित होगा, क्योंकि एफसीआई द्वारा एथेनॉल डिस्टिलरी वालों को चावल की बिक्री किए जाने से मक्के का भविष्य मंदी सूचक का है।

**एफसीआई दे रहा एथेनॉल डिस्टिलरी वालों को 2250 और व्यापारी, उद्यमियों को 2800 रुपए क्विंटल में चावल**


मनीष मरेल

एफसीआई द्वारा चावल की सप्लाई पूरे साल के दौरान घाटे वाले और सरप्लस दोनों राज्यों में इथेनॉल डिस्टिलरी को किए जाने की पेशकश की है। मौजूदा ओएमएसएस (घरेलू) नीति के अनुसार 2250 रुपए प्रति क्विंटल की निश्चित कीमत पर इथेनॉल डिस्टिलरी को चावल बेचने की घोषणा की है। जिसकी मात्रा 24 लाख मीट्रिक टन रखी गई है। तो वहीं एफसीआई डिपो से छोटे प्राइवेट व्यापारियों या उद्यमियों या किसी व्यक्ति को 2800 रुपए की दर से चावल देगा। जानकारी के अनुसार नए नियम के मुताबिक प्राइवेट पार्टियों, कोऑपरेटिव या कोऑपरेटिव फेडरेशन को ई-नीलामी के जरिए 2800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से चावल बेचा जाएगा। राज्य सरकारों और राज्य सरकारों के निगमों को बिना ई-नीलामी में हिस्सा लिए 2250 रुपए प्रति क्विंटल की दर से चावल बेचा जाएगा।

ग्राहकों के हित में बड़ा कदम

# सरकार जल्द बढ़ा सकती है बैंक डिपॉजिट इंश्योरेंस कवर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) एक्ट के तहत मिलने वाले बैंक जमा इंश्योरेंस कवर को बढ़ाने पर विचार कर रही है। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार वर्तमान में 5 लाख रुपए की बीमा सीमा को और बढ़ाया जा सकता है। डीआईसीजीसी के तहत, यदि कोई बैंक बंद हो जाता है या दिवालिया हो जाता है, तो जमाकर्ताओं को अधिकतम 5 लाख रुपए तक की राशि सुरक्षित मिलती है।

यह राशि बैंक के विफल होने की स्थिति में 90 दिनों के भीतर खाताधारकों को वापस कर दी जाती है। यदि बीमा कवर की सीमा बढ़ाई जाती है, तो जमाकर्ताओं को अपनी अधिक जमा राशि के सुरक्षित होने का भरोसा मिलेगा। इससे लोग बैंकिंग सिस्टम पर अधिक विश्वास जताएंगे, जिससे बैंकिंग क्षेत्र में जमाओं में वृद्धि होगी ।

## एवीजी ने हासिल की शानदार उपलब्धि

*मुंबई। एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और नौवें महीने के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. इन परिणामों के मुताबिक कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की नौमाही में 56.10 फ़ीसदी की वृद्धि दर्ज की है। एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की कुल आय 142.44 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 14.20 फीसदी, एबिटडा 26.46 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 14.40फीसदी, एबिटडा मार्जिन 18.58 फीसदी, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 3वीपीएस, शुद्ध लाभ 7.93 करोड़ रुपए रही ।*

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, भोपाल में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल फॉर रिप्रोडक्टिव एंड सेक्शुअल हेल्थ राइट्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीता भिड़े, उप-प्राचार्य, सैम्स , इंदौर एवं डॉ. शिखा श्रीवास्तव, डीन एवं प्राचार्य, आईईएस यूनिवर्सिटी, भोपाल ने नर्सिंग विद्यार्थियों को संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ. वेनिस मारिया डेविड ने किया। इस अवसर पर राधारमण समूह के निदेशक डॉ. पी.के. लाहिरी, समूह के अन्य निदेशकगण एवं नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य उपस्थित रहे। डॉ. नीता भिड़े ने अपने संबोधन में बताया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक और सामाजिक कल्याण का भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार है और इसके लिए सटीक जानकारी, सुरक्षित और प्रभावी गर्भनिरोधक उपाय, यौन संचारित रोगों से बचाव, एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने नर्सिंग विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस क्षेत्र में जागरूकता फैलाने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। डॉ. शिखा श्रीवास्तव ने कहा कि गर्भावस्था, प्रसव और नवजात शिशु की देखभाल में कुशल स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर राधारमण समूह के चेयरमेन आरआर सक्सेना ने कहा कि हमारा संस्थान नर्सिंग विद्यार्थियों को न केवल बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि उन्हें सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ विकसित करने के लिए भी प्रेरित करता है।

### एलएनसीटी समूह ने आयोजित किया उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम



**भोपाल।** एलएनसीटी कॉलेज में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। जिन्हें निर्यात-आयात व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। समापन समारोह में डॉ.अनुपम चौकसे, सचिव, एलएनसीटी समूह एवं वी. स्वप्ना, कार्यक्रम निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस कार्यक्रम में एक स्टार्टअप फाउंडर, दीति मौर्य, ने भी भाग लिया। जिनका उद्यम वेपदेव टेक्नोलॉजीज महिलाओं को तकनीकी क्षेत्र में रोजगार प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम समन्वयक आकाश एस डी राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम निदेशक वी. स्वप्ना ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें अपने व्यवसाय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने के लिए प्रेरित किया।

### यूनिटी बैंक ने मध्यप्रदेश में अपना विस्तार किया भोपाल में 2 नई शाखाएं खोली

**भोपाल।** यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया है। इसके तहत बैंक ने भोपाल में 2 नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। यूनिटी बैंक का यह विस्तार राज्य में व्यवसाय के लिए बढ़ रहे अवसरों का लाभ उठाने के लिए हुआ है। इसमें ग्राहकों को जमा राशि पर आकर्षक ब्याज दरें और उद्यमियों तथा आम लोगों को तैयार वित्तीय समाधानों की पेशकश की जाएगी। यह शाखाएं भोपाल की त्रिलंगा और अरेरा कॉलोनी में खोली गई हैं। यूनिटी बैंक वरिष्ठ नागरिकों के लिये 9.50 फीसदी प्रतिवर्ष की आकर्षक दर पर सावधि जमा की पेशकश करती है, जबकि दूसरे निवेशक 9.00फीसदी प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अर्जित कर सकते हैं। यूनिटी बैंक बचत खातों के लिये 7.50फीसदी प्रतिवर्ष, 5 लाख रूपए से ज्यादा की शेषराशि पर और 1 लाख रूपए अधिक तथा 5 लाख रूपए तक के जमा शेष पर 7.25 फीसदी प्रतिवर्ष ब्याज देती है (मासिक भुगतान)। इसके अलावा, चुनिंदा शाखाओं में प्रतिस्पर्द्धी दरों पर लॉकर्स भी उपलब्ध हैं।




### प्लंबर बाथवेयर ने होरिजोंटल पीलिंग मशीन 'इन्नोपील' लांच की

**इंदौर।** एक्वा प्लम्बिंग्स प्रा. लि. के अग्रणी बाथवेयर ब्रैंड प्लम्बर बाथवेयर ने अपनी विनिर्माण प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी की एक महत्वपूर्ण उन्नति की घोषणा की है। इस ब्रैंड ने एक अत्याधुनिक होरिज़ोंटल पीलिंग मशीन 'इन्नोपील'लांच की है। इन्नोपील को आदित्य मेकैट्रोनिक्स के साथ भागीदारी में मिलकर विकसित किया गया है और यह एक 360-डिग्री पीलिंग सॉल्यूशंन देती है। इस सॉल्यूशन में पार्टिंग लाइंस और जॉइंट्स की जरूरत नहीं रहती है। इससे खूबसूरती बढ़िया बनी रहती है और फाउसेट के विनिर्माण की प्रक्रिया बेहतर हो जाती है। आशा है कि यह उन्नत मशीन प्लम्बर बाथवेयर की फाउसेट के उत्पादन की क्षमता को लगभग 30 फीसदी बढ़ा देगी। दुनिया में अभी उपलब्ध टेक्नोलॉजी मुख्य रूप से वर्टिकल स्पाइंडल पीलिंग पर निर्भर करती है, जिसमें 180-डिग्री की सतह पर काम होता है। इन्नोपील अपने उन्नत होरिजोंटल स्पाइंडल सिस्टम के साथ एक नया मापदंड तय करती है और पूरे 360-डिग्री पीलिंग सॉल्यूशन को संभव बनाती है। यह नई खोज सतह की सटीकता बढ़ाती है और फाउसेट के विनिर्माण में बेजोड़ क्षमता भी सुनिश्चित करती है।

### एसआरएम इंस्टीट्यूट ने लांच किया 'इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ' प्रोग्राम

**चेन्नई ।** चेन्नई स्थित एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने हाल ही में एक अभिनव पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम की शुरुआत की है। यह विशेष रूप से अगली पीढ़ी के पब्लिक हेल्थ लीडरों को तैयार करने के लिए विकसित किया गया है जिससे वे जटिल वैश्विक एवं स्थानीय स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में समर्थ बनेंगे। प्लस टू परीक्षा में न्यूनतम कुल 60 फीसदी अंकों के साथ अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले छात्रों के लिए यह प्रोग्राम खुला है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत एक सुसंरचित पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जो महामारी विज्ञान, जैव सांख्यिकी, स्वास्थ्य प्रणाली एवं नीति, स्वास्थ्य परियोजना प्रबंधन और स्वास्थ्य अनुसंधान को समावेशित करते हुए वैश्विक एवं स्थानीय स्वास्थ्य मुद्दों को एकीकृत करता है। यह अनुसंधान, डेटा एनालिटिक्स और कार्यक्रम मूल्यांकन पर व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करता है। ग्रेजुएट्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों, अनुसंधान संस्थानों, सीएसआर पहलों, कंसल्टिंग फर्मों, आईटी कंपनियों, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों, फार्मा और क्लिनिकल रिसर्च आर्गेनाईजेशनों, सरकारी स्वास्थ्य विभागों एवं शिक्षण संस्थानों में अपना विविध करियर बनाने की दिशा में लाभ मिलेगा। उनके पास प्रोग्राम ऑफिसर, रिसर्च ऑफिसर, परियोजना प्रबंधक जैसी भूमिकाएं अपनाने या डॉक्टरेट की पढ़ाई करने का विकल्प होगा। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी अभिनव शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी और अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है जो इसे पब्लिक हेल्थ प्रोफेशनल बनने की महत्वकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाता है।

### पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन के शुद्ध लाभ में 278 फीसदी की वृद्धि

**अहमदाबाद।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड ने अपने 9 महीनों और तीसरी तिमाही वित्त वर्ष 25 के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी कुल आय 34.14 करोड़, वार्षिक वृद्धि 120.32 फीसदी , एबिटडा 4.47 करोड़, वार्षिक वृद्धि 104.18 फीसदी, शुद्ध लाभ 3.12 करोड़, वार्षिक वृद्धि 277.72 फीसदी ,शुद्ध लाभ मार्जिन 9.14 फीसदी, वार्षिक वृद्धि 381 बेसिस पॉइंट्स ,डाइल्यूटेड ईपीएस 1.94, वार्षिक वृद्धि 198.46 फीसदी। कुल आय 115.89 करोड़, वार्षिक वृद्धि 86.57 फीसदी, एबिटडा 14.16 करोड़, वार्षिक वृद्धि 86.31 फीसदी , शुद्ध लाभ 8.95 करोड़, वार्षिक वृद्धि 177.91 फीसदी, शुद्ध लाभ मार्जिन 7.72फीसदी, वार्षिक वृद्धि 254 बेसिस पॉइंट्स ,डाइल्यूटेड ईपीएस 5.57, वार्षिक वृद्धि 118.43 फीसदी रही। कंपनी के प्रबंध निदेशक, पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहाकि राजस्व में 120 फीसदी की वृद्धि और शुद्ध लाभ में 278 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

महीने भर बाद शुरु होगी रबी सीजन 2025-26 के लिए गेहूं खरीदी

# बाजार में गेहूं के दाम समर्थन मूल्य से काफी ज्यादा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**वास्तविक और समर्थन मूल्य के बीच अंतर भी निभाएंगी अहम भूमिका**

रबी सीजन 2025-26 के लिए गेहूं खरीदी एक महीने बाद शुरू होने वाली है। इधर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए मध्य प्रदेश में पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। समर्थन मूल्य पर पंजीयन की तारीख 31 मार्च निश्चित है। लेकिन बाजार में गेहूं के दाम समर्थन मूल्य से काफी ज्यादा हैं। इस समय 3000 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा दाम में किसानों के गेहूं खुले बाजार में बिक रहे हैं, लेकिन सरकारी समर्थन मूल्य 2425 रुपए है। ऐसे में सरकार के लिए गेहूं की खरीदी काफी कठिन रहेगी। पिछले साल भी सरकार ने दिया था बोनस पिछले साल 2023-24 में गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल था। इसकी तुलना में बाजार मूल्य ज्यादा था। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की थी।

तब सरकारी खरीदी केन्द्रों पर किसानों को 2400 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला था। इस पर 36 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया था। अब 2024-25 में समर्थन मूल्य 2425 रुपए है राज्य सरकार ने 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की है। तब सरकारी खरीदी केन्द्रों पर किसानों को 2600 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिलेगा ,इस पर 62 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के द्वारा घोषित किए गए समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राज्य सरकारें समर्थन मूल्य के अलावा बोनस दे रही है। समर्थन मूल्य पर बोनस दिए जाने को लेकर हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किसानों का दिल जीत लिया है। मध्य प्रदेश में अब राजस्थान से अधिक दाम पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी होगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बोनस की घोषणा करते हुए कहा कि इस बार मध्यप्रदेश में 2600 रुपए क्विंटल किसानों का गेहूं तुलवाएंगे। डॉ.यादव की घोषणा के बाद अब मध्यप्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए के अतिरिक्त 175 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस किसानों को मिलेगा।

## किसानों को राहत जरूर मिलेगी

*आधिकारिक आदेश का इंतजार है, लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा से स्पष्ट है कि राज्य सरकार गेहूं खरीद पर 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने का मन बना चुकी है। रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 के लिए केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 150 रुपए बढ़ाकर 2425 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि समर्थन मूल्य बढ़ाने से किसानों को राहत जरूर मिलेगी, लेकिन यह पूरी तरह इस पर निर्भर करेगा कि गेहूं की सरकारी खरीद कितनी होती है । बाजार में वास्तविक बिक्री मूल्य और समर्थन मूल्य के बीच अंतर भी अहम भूमिका निभाएगा।*

**जाहिर आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सांवरिया सेठ एण्ड कम्पनी कार्यालय तृतीय तल ए न्यू 27 मल्टी लेवल पार्किंग के पास बैरागढ भोपाल भागीदारगण अनिल कुमार आसवानी आ. रमेश कुमार आसवानी हीरालाल इसरानी आ.धर्मदास इसरानी, सुरेश अजवानी आ. लालचंद अजवानी, नरेश तोतलानी आ. साधूराम तोतलानी सभी भागीदारो से उने स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि स्थित ग्राम फंदा कलां तहसील हुजूर जिला भोपाल खसरा नंबर 407/1/1/1 रकबा 0.3810 है., खसरा नंबर 391 रकबा 0.6400 है., खसरा नंबर 392 रकबा 0.2430 है., खसरा नंबर 393 रकबा 0.2180 है., खसरा नंबर 400 रकबा 0.6800 है., खसरा नंबर 401/1/1/1 रकबा 2.3010 है., खसरा नंबर 405/2/2 रकबा 0.3850 है., खसरा नंबर 406/1/5 रकबा 0.2100 है., खसरा नंबर 406/1/4 रकबा 0.4330 है., खसरा नंबर 407/1/1/6/2 रकबा 0.5990 है. कुल किता 11 रकबा 6.857 है. जिसकी चतुर्थ सीमाऐं इस प्रकार है कि पूर्व में- शासकीय गोहा, पश्चिम में -मोहित दासवानी, उत्तर में -राम मंशानी एंव दक्षिण मे- इन्दौर भोपाल मार्ग को मेरे पक्षकार ने आपसी सहमति से क्रय करने का तय किया है और उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति या बैंक या वित्तीय संस्था का कोई बकाया देय शेष हो या उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, अधिकार या हिस्सा हो या उक्त भूमि के विक्रय सम व्यवहार से किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय लेखी प्रमाण के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर देवे बाद म्याद मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित करा लेवेगा इसके बाद कोई भी आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व मान्य नही होगा । सर्वसाधारण को सूचित होवे।

भवदीय **राजीव मिश्रा एडवोकेट नोटरी**
गंज बजरिया सीहोर मो. 9993659833

**कार्यालय अधीक्षक सब जेल नरसिंहगढ़ जिला राजगढ म.प्र.**

क्रमांक 106/ निर्वाह/2025 — नरसिंहगढ़, दिनांक 13.02.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**
**वर्ष 2025-26 हेतु**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

म.प्र.जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र.भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अतंर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सब जेल नरसिंहगढ़ में परिरुद्ध बंदियों के लिये खाद्यान्न, सब्जियां, स्वच्छता, दवाईया, भवन निर्माण सामग्री, विद्युत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु वार्षिक निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 18.02.2025 को समय प्रातः 12:00 बजे | सब जेल नरसिंहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - (निविदा फार्म का मूल्य 1000 रुपयें प्रतिफार्म राशि लेखा शीर्ष 0056, जेलें-800 अन्य प्राप्तियां में आनलाईन जमा की जावेगी) | दिनांक 10.03.2025 समय शाम 6:00 बजे तक | वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेगें। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 10.03.2025 समय शाम 06 बजे तक | वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि (उक्त दिनांक को नमूना गुणवत्ता परीक्षण भी किया जावेगा) | दिनांक 11.03.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे | सब जेल नरसिंहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में |
| 5. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की तिथि- | दिनांक 13.03.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे | सब जेल नरसिंहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि - | दिनांक 18.03.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे | सब जेल नरसिंहगढ़ जेल अधीक्षक कार्यालय में |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकरी ऊपर दशाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही संबंधित जेलों के जेल अधीक्षकों द्वारा की जावेगी। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाइट पर किया जाएगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रो में नही किया जाएगा।

जी- 23139/24 — स्वच्छता ही सेवा

**जेल अधीक्षक**
**सब जेल नरसिंहगढ**



## चिंतन

# बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का सबब, निर्यात पर हो जोर

आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल व मेक इन इंडिया कार्यक्रम के दौर में भारत का बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का सबब है। देश से वस्तुओं का निर्यात जनवरी में 2.38 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। जनवरी, 2024 में यह 37.32 अरब डॉलर था। वहीं आयात जनवरी, 2024 के 53.88 अरब डॉलर की तुलना में पिछले महीने 10.28 प्रतिशत बढ़कर 59.42 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 22.99 अरब डॉलर रहा। अभी भारत को अमेरिका के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए दबाव का सामना करना पड़ रहा है और भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ आयद करने की चेतावनी दी गई है, जबकि भारत खुद चीन समेत कई देशों के साथ व्यापार घाटे का सामना कर रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 माह यानी अप्रैल-जनवरी के दौरान निर्यात 1.39 प्रतिशत बढ़कर 358.91 अरब डॉलर और आयात 7.43 प्रतिशत बढ़कर 601.9 अरब डॉलर रहा है। आंकड़े बता रहे हैं कि भारत निर्यात का दोगुना आयात कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था का आयात पर निर्भरता बढ़ना उचित नहीं है। भारत को अधिक से अधिक चीजों के उत्पादन पर ध्यान देना होगा, आयात समाधान नहीं है। अपने उद्योगों के लिए कच्चेमाल की आपूर्ति के लिए चीन पर निर्भरता कम करनी होगी। जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटा की स्थिति कहते हैं। इसके विपरीत जब कोई देश आयात की तुलना में निर्यात अधिक करता है तो उसे ट्रेड सरप्लस की स्थिति कहते हैं। चीन, स्विट्ज़रलैंड, सऊदी अरब, इराक, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, नाइजीरिया, कतर, रूस, जापान और जर्मनी के साथ भारत का व्यापार घाटा अधिक है। अमेरिका, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, हॉन्गकॉन्ग, नीदरलैंड्स, वियतनाम और श्रीलंका के साथ भारत का ट्रेड सरप्लस है। व्यापार घाटे का सीधा असर देश की आर्थिक स्थिति विशेषकर चालू खाते, रोज़गार सृजन, विकास दर और मुद्रा के मूल्य पर पड़ता है। यदि किसी देश का व्यापार घाटा लंबे समय तक बना रहता है तो उस देश की जीडीपी दर, नए रोज़गार, और मुद्रा के मूल्य पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। दरअसल, चालू खाते में एक बड़ा हिस्सा व्यापार संतुलन का होता है तथा जब व्यापार घाटा बढ़ता है तो चालू खाते का घाटा भी बढ़ जाता है। चालू खाता घाटा विदेशी मुद्रा के देश में आने और बाहर जाने के अंतर को दर्शाता है। निर्यात के ज़रिये विदेशी मुद्रा अर्जित होती है, जबकि आयात से विदेशी मुद्रा बाहर जाती है। इसलिए आयात को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। अधिक आयात का मतलब विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक बोझ। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भी भारत के शुल्क ढांचे के खिलाफ ईयू, चीन, जापान, कनाडा, रूस समेत कई देशों ने शिकायत की थी। शिकायत में भारत द्वारा निर्यातकों को सब्सिडी देने की योजना को डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन माना है। इस बीच अमेरिकी दबाव बढ़ा है, ऐसे में भारत के लिए आयात कम करके निर्यात बढ़ाना एक बड़ी चुनौती होगी। हमें अपनी घरेलू बाजार क्षमता का दोहन करना चाहिए व हमें निर्यात बढ़ाने के उपाय करने चाहिए, जीएसटी रिफंड की कठिनाई दूर करनी चाहिए। निर्यात प्राथमिकता वाले क्षेत्र में हो। ग्लोबल ट्रेड मंच व एफटीए का विस्तार हो। अफ्रीकन, सार्क, आसियान, ब्रिक्स देशों में निर्यात बढ़ाने के अवसर हैं। हाईटेक निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

# भूकंप बड़े संकट की आहट तो नहीं



**विश्लेषण**
योगेश कुमार गोयल

कुछ भूगर्भ वैज्ञानिकों का मानना है कि अक्सर कई छोटे भूकंप बड़ी तबाही का संकेत होते हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर खतरा इसलिए भी जताया जाता रहा है क्योंकि पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में यदि यहां 6 से अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो वह भारी तबाही मचा सकता है। एनसीएस के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर 7 या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। ऐसे में सवाल है कि भूकंप से बचाव के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

दिल्ली-एनसीआर में 17 फरवरी की सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर भूकंप के तेज झटकों ने अचानक लोगों की नींद उड़ा दी और दहशत में लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगी और ऐसा लगा मानो कोई बम ब्लास्ट हुआ हो। हालांकि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, नई दिल्ली में आया भूकंप रिक्टर स्केल पर 4.0 तीव्रता वाला ही था लेकिन इसका केंद्र नई दिल्ली में जमीन से केवल पांच किलोमीटर की गहराई पर ही था, इसीलिए इसकी गहराई कम होने और केंद्र दिल्ली में होने के कारण ही दिल्ली-एनसीआर में इसे ज्यादा महसूस किया गया। झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगी, पेड़ों पर बैठे पक्षी भी तेज आवाज के साथ इधर-उधर उड़ने लगे और लोग खौफ के साये में अपने घरों से बाहर निकल गए। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, कई वर्षों के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा और इसी कारण यहां लोगों को भूकंप के झटके काफी देर तक महसूस हुए। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली के धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था। राहत की बात यही है कि भूकंप के झटकों से जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन लोगों के मन में सवाल यही है कि कहीं दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत में हल्के और मध्यम भूकंप के झटके हिमालय क्षेत्र में किसी बड़े भूकंप की आशंका को तो नहीं बढ़ा रहे।

दरअसल कुछ भूगर्भ वैज्ञानिकों का मानना है कि अक्सर कई छोटे भूकंप बड़ी तबाही का संकेत होते हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर खतरा इसलिए भी जताया जाता रहा है क्योंकि पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में यदि यहां 6 से अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो वह भारी तबाही मचा सकता है। एनसीएस के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर 7 या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। हालांकि ऐसा भीषण भूकंप कब आएगा, इस बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका कोई सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है। दरअसल भूकंप के पूर्वानुमान का न तो कोई उपकरण है और न ही कोई मैकेनिज्म। दिल्ली में बड़े भूकंप के खतरे को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग के भूकंप रिस्क असेसमेंट सेंटर द्वारा कुछ समय पहले दिल्ली-एनसीआर में इमारतों के मानक में शीघ्रातिशीघ्र बदलाव किए जाने का परामर्श दिया गया था। राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में आ रहे भूकंपों को लेकर अध्ययन चल रहा है। उनका कहना है कि इसके कारणों में भू-जल का गिरता स्तर भी एक प्रमुख वजह सामने आ रही है, इसके अलावा अन्य कारण भी तलाशे जा रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दिल्ली की ऊंची-ऊंची आलीशान इमारतें और अपार्टमेंट किसी बड़े भूकंप को झेलने की स्थिति में हैं?

विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली में बार-बार आ रहे भूकंप के झटकों से पता चलता है कि दिल्ली-एनसीआर के फॉल्ट इस समय सक्रिय हैं और इन फॉल्ट में बड़े भूकंप की



तीव्रता 6.5 तक रह सकती है। इसीलिए विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि बार-बार लग रहे भूकंप के इन झटकों को बड़े खतरे की आहट मानते हुए दिल्ली को नुकसान से बचने की तैयारियां कर लेनी चाहिएं। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में निरन्तर लग रहे झटकों को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट भी कई बार कड़ा रूख अपना चुका है। हाईकोर्ट ने कुछ समय पहले दिल्ली सरकार, डीडीए, एमसीडी, दिल्ली छावनी परिषद, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि तेज भूकंप आने पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? अदालत द्वारा चिंता जताते हुए कहा गया था कि सरकार और अन्य निकाय हमेशा की भांति भूकंप के झटकों को हल्के में ले रहे हैं जबकि उन्हें इस दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है। अदालत का कहना था कि भूकंप जैसी विपदा से निपटने के लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है क्योंकि भूकंप से लाखों लोगों की जान जा सकती है। दिल्ली सरकार तथा एमसीडी द्वारा दाखिल किए गए जवाब पर सख्त टिप्पणी करते हुए अदालत यहां तक कह चुकी है कि भूकंप से शहर को सुरक्षित रखने को लेकर उठाए गए कदम या प्रस्ताव केवल कागजी शेर हैं और ऐसा नहीं दिख रहा कि एजेंसियों ने भूकंप के संबंध में अदालत द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन किया हो। दिल्ली-एनसीआर भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। इसीलिए अदालत को कहना पड़ा था कि केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा बल्कि सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ठोस काम करने की जरूरत है। वास्तविकता यह है कि पिछले कई वर्षों में भूकंप से निपटने की तैयारियों के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हुई है।

दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ समय में आए भूकंप के ज्यादातर झटके भले ही रिक्टर पैमाने पर कम तीव्रता वाले रहे हों और 17 फरवरी को आया भूकंप भी रिक्टर पैमाने पर 4.0 तीव्रता का ही रहा हो किन्तु इस भूंकप के जोरदार झटकों ने जिस कदर लोगों को खौफजदा कर दिया, ऐसे में भूकंप पर शोध करने वाले ऐसे झटकों को बड़े खतरे की आहट मान रहे हैं। इसीलिए अधिकांश भूकंप विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली एनसीआर की इमारतों को भूकंप के लिए तैयार करना शुरू कर देना चाहिए ताकि बड़े भूकंप के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। एक अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में करीब 90 फीसदी मकान क्रंकीट और सरिये से बने हैं, जिनमें से 90 फीसदी इमारतें रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता से तेज भूकंप को झेलने में समर्थ नहीं हैं। एनसीएस के अध्ययन के अनुसार दिल्ली का करीब 30 फीसदी हिस्सा जोन-5 में आता है, जो भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि दिल्ली में बनी नई इमारतें 6 से 6.6 तीव्रता के भूकंप को झेल सकती हैं जबकि पुरानी इमारतें 5 से 5.5 तीव्रता का भूकंप ही सह सकती हैं। विशेषज्ञ बड़ा भूकंप आने पर दिल्ली में जान-माल का ज्यादा नुकसान होने का अनुमान इसलिए भी लगा रहे हैं क्योंकि करीब 2.25 करोड़ आबादी वाली दिल्ली में प्रतिवर्ग किलोमीटर दस हजार लोग रहते हैं और कोई बड़ा भूकंप 300-400 किलोमीटर की रेंज तक असर दिखाता है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप की तीव्रता की अधिकतम सीमा तय नहीं की गई है। हालांकि रिक्टर स्केल पर 7 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप को अधिक खतरनाक माना जाता है। रिक्टर स्केल पर 2 या उससे अधिक तीव्रता वाला भूकंप 'सूक्ष्म भूकंप' कहलाता है, जिसके झटके सामान्यतः महसूस नहीं होते। 4.5 की तीव्रता वाले भूकंप घरों को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं। बहरहाल, यहां सवाल यह है कि निरन्तर आ रहे भूकंप को रोका कैसे जाए और इसके लिए क्या कदम उठाए जाएं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आस्था
प्रो. महेश चंद गुप्ता



# महाकुंभ के दौरान साठ करोड़ ने संगम में क्यों लगाई डुबकी

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संगम में माघ पूर्णिमा के दिन जब मैं डुबकी लगा रहा था तो मेरे इर्द-गिर्द हजारों, लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों लोग स्नान कर अपने को पुण्यभागी मान रहे थे। अब तक कुल मिलाकर करीब साठ करोड़ लोग महाकुंभ स्नान कर चुके हैं। दो दिन तक प्रयागराज प्रवास और फिर लौटते हुए यही प्रश्न मन-मस्तिष्क में कौंध रहा है कि देश की आधी आबादी महाकुंभ में क्यों पहुंच गई है। आखिर साठ करोड़ लोगों ने कुंभ में डुबकी क्यों लगाई है? अपने आपसे यह प्रश्न पूछ रहा हूं और इसका जवाब हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। जीवन के सत्तर बरसों में आज तक बहुत कम ऐसे प्रश्न खड़े हुए हैं, जिनका समुचित उत्तर पाने के लिए इतना सोचना पड़ रहा हो। कई बार अर्ध कुंभ एवं कुंभ दर्शन किए हैं पर 144 साल बाद आया महाकुंभ तो हैरत में डाल रहा है। सोच रहा हूं क्या महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन है? अपने ही अन्तर्मन से जवाब मिलता है-नहीं...नहीं... यह तो सनातन संस्कृति की अक्षुण्ण धारा, आस्था की शक्ति और मोक्ष की ओर बढने का अद्भुत साधन है। यह हमारी उन परंपराओं का प्रतीक और प्रमाण है, जो सदियों की गुलामी और समय के थपेड़ों के बावजूद आज भी जीवित हैं। संसार में कई सभ्यताएं मिट गईं लेकिन भारतीय संस्कृति का अस्तित्व अपनी मूल आत्मा के साथ आज भी बरकरार है। यह महाकुंभ न केवल धार्मिक जागरूकता का प्रतीक है बल्कि भारतीय समाज की एकता, समरसता और आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। मैंने प्रयागराज में संगम पर विभिन्न प्रांतों से पधारे देशवासियों से चर्चा की। निष्कर्ष यह निकला कि उनके लिए महाकुंभ में स्नान केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मशुद्धि और मोक्ष की यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण भी है। मेरे आसपास जैसे ही श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के महासंगम में डुबकी लगाई, उनके चेहरे के भावों से ऐसा लगा-जैसे उन्हें जीवन का सर्वोच्च आनंद प्राप्त हो गया हो। मैंने केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, गुजरात और तमाम राज्यों से आए श्रद्धालओं को अपनी तकलीफें और जीवन की परेशानियां भूलकर एक नई ऊर्जा से भरते हुए देखा। मैंने उन्हें देख यह महसूस किया कि यही सनातन धर्म की शक्ति है जहां आस्था और विश्वास से हर कठिनाई छोटी लगने लगती है।

क्या महाकुंभ केवल एक उत्सव है, कुछ श्रद्धालुओं से पूछा तो वह बोले- महाकुंभ हमें आत्मचिंतन और आत्मबोध की प्रेरणा भी देता है। हम इसे मात्र तीर्थयात्रा नहीं मानते बल्कि इसे जीवन को बदलने वाली आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अनुभव करते हैं। मुझे प्रयागराज में ऐसे संतों के दर्शन हुए जिन्हें कुछ भी नहीं चाहिए था और ऐसे सांसारिक लोग भी मिले जिन्हें बहुत कुछ पाने की चाह थी। कई लोग जीवन की आपाधापी से परेशान होकर मानसिक शांति की तलाश में आए थे तो कुछ लोग यात्रा के तमाम कष्ट उठा कर केवल इस दिव्य तीर्थ अनुभव का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे हैं। हर तरफ अपार जन ज्वार देखकर एक बात समझ में आई कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की जीवंतता, इसकी गहराई और व्यापकता का सबसे बड़ा प्रमाण है। महाकुंभ प्रेम, अपनत्व और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करता है। प्रयागराज में हर कोई जाति, धर्म, वर्ग और सामाजिक स्थिति से ऊपर उठकर केवल श्रद्धालु बनकर ही आया है। महाकुंभ पर्व ने बता दिया है कि भारतीय संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी और मजबूत हैं जो सफलता से खड़ी हैं।

महाकुंभ राष्ट्र की मजबूती का प्रतीक भी बनकर उभरा है। इसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए हैं। एक आम श्रद्धालु से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक। महाकुंभ में न जाति का भेद दिखता है, न ऊंच-नीच का अंतर। हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, समाज या वर्ग से हो, समान भाव से महासंगम में स्नान कर रहा है। इस प्रकार महाकुंभ ने हमारे समाज की एकता और भाईचारे का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसमें देश के व्यावसायियों, उद्योगपतियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने केन्द्र व राज्य सरकार, संतों और अखाड़ों के साथ कदम से कदम मिलाकर सुविधाओं का विस्तार करके नए आयाम स्थापित किए हैं। यूपी सरकार के अनुसार इस महा आयोजन से रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और लगभग तीन लाख करोड़ का राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है। बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने अपनी श्रद्धा से करोड़ों रुपये खर्च कर भंडारे और सेवा शिविर लगाएं हैं, जिससे लाखों लोगों को भोजन और आवश्यक सुविधाएं मिली हैं।

(लेखक चिंतक, शिक्षाविद् व वक्ता हैं। डीयू में 44 वर्ष तक प्रोफेसर रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## सटाका




## आज की पाती


### ट्रंप-मोदी ने तैयार किया एआई विकास का रोडमैप

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जिस गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। अपेक्षा के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका के साथ अपने कारोबारी, कूटनीतिक एवं तकनीकी विकास से संबंधित हितों की जोरदार पैरवी की। एफ-35 लड़ाकू विमान पर डील और मुंबई आतंकी हमले से संबंधित कुख्यात आतंकी तहव्वुर राणा को प्रत्यपित करने का फैसला इस बैठक की बड़ी कामयाबी मानी जा सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में साथ मिलकर प्रगति करने को लेकर जो सहमति बनी है, वह निश्चय ही सराहनीय और भविष्य की कई उम्मीदें जगाने वाली है।

*- विकास गुप्ता, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# द. कोरिया ने डीपसीक के एआई एप पर लगाई रोक




चीन के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' के चैटबॉट ऐप को डाउनलोड करने पर दक्षिण कोरिया में अस्थाई तौर पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' को लेकर चिंताएं हैं कि यह बेहद संवेदनशील जानकारी एकत्र कर रहा है। दक्षिण कोरिया के व्यक्तिगत सूचना संरक्षण आयोग ने कहा कि 'डीपसीक' के ऐप को शनिवार शाम को 'एप्पल' के ऐप स्टोर और 'गूगल प्ले' के स्थानीय संस्करणों से हटा दिया गया है। आयोग ने कहा कि कंपनी ने ऐप को पुनः लॉन्च करने से पहले गोपनीयता सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए एजेंसी के साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की है। यह कार्रवाई उन उपयोगकर्ताओं को प्रभावित नहीं करेगी जिन्होंने पहले से ही अपने फोन पर 'डीकसीक' डाउनलोड कर लिया है या जो इसे निजी कंप्यूटर पर इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण कोरियाई आयोग के जांच प्रभाग के निदेशक नैम सेओक ने देश में डीपसीक के उपयोगकर्ताओं को सलाह दी है कि वे अपने मोबाइल से ऐप को हटा दें या जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उन उपकरणों में व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें जिसमें इन्हें डाउनलोड किया गया है।

## ऑफ बीट

# पालतू जानवरों को प्रभावित करेगा जलवायु परिवर्तन



तापमान का रिकार्ड दर्ज करने की शुरूआत के बाद से पृथ्वी ने अपने सबसे गर्म महीने का अनुभव किया है और ऑस्ट्रेलिया अब अल नीनो से प्रेरित गर्मियों का सामना करने की तैयारी कर रहा है। अत्यधिक गर्मी न केवल मनुष्यों के लिए चुनौतीपूर्ण है - यह हमारे प्यारे पालतू जानवरों के लिए भी कष्टप्रद होती है। जिस शोध में मैं शामिल था उसमें इस बात की जांच की गई कि जलवायु परिवर्तन पालतू जानवरों सहित सभी जानवरों को कैसे प्रभावित करता है। यह पालतू जानवरों पर ही नहीं बल्कि जंगली और पालतू जानवरों दोनों पर लागू होता है। मछलियाँ 'एक्टोथर्म्स' होती हैं - यानी, वे अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए गर्मी के बाहरी स्रोतों का उपयोग करती हैं। इसलिए पालतू मछलियाँ आपके घर के एक्वेरियम के पानी के तापमान में बदलाव के प्रति संवेदनशील होती हैं, जो गर्मी के दौरान हो सकता है। पानी का अत्यधिक तापमान मछलियों को शारीरिक नुकसान पहुंचा सकता है। उदाहरण के लिए, यह मछली की चयापचय दर को बढ़ा सकता है - जिसका अर्थ है कि उसे सांस लेने के लिए अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। यह धीमी वृद्धि और कम भोजन जैसे परिवर्तन भी पैदा कर सकता है।

## ट्रेंड

### गांव की आर्थिकी मजबूत हों



किसी गांव या गांवों के समूह में एक ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए, जहां खेतों में सूक्ष्म उद्योग हों और जो कृषि उपज में मूल्य जोड़ते हों, जो पशुधन और उत्पादित दूध में मूल्य जोड़ते हों। इससे एक स्थायी समाज विकसित करने में मदद मिलेगी। सूक्ष्म उद्योगों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### एक आदर्श राजनेता कर्पूरी



देश में जब भी सामाजिक न्याय और पिछड़े व वंचित वर्गों के अधिकारों की बात होती है, तो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' कर्पूरी ठाकुर जी का नाम सदैव सम्मान के साथ लिया जाता है। वे एक आदर्श राजनेता रहे। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कर्पूरी को विनम्र श्रद्धांजलि



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा, 'जननायक' कर्पूरी ठाकुर जी वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे। सामाजिक समता के लिए उनका संघर्ष और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### कार्यकर्ता निराश न हों



दिल्ली चुनाव भी दो पार्टियों के बीच ज्यादातर 'राजनीतिक द्वेष व चुनावी छलावा' ही बनकर रह गया। बसपा कार्यकर्ता दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से निराश न हों और पूरे जोर-शोर से आंबेडकरवादी संघर्ष जारी रखें। -मायावती, बसपा प्रमुख

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने और उसके संचालन के लिए बुनियादी ढांचा बेहद मजबूत और सुगम





मध्यप्रदेश में विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां, बिजनेस लीडर्स, उद्योगपति, निवेशक और विशेषज्ञ, यह सभी एक मंच पर साथ आ रहे हैं। यह मंच है वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट यानी जीआईएस)। राज्य में निवेश के अनंत अवसरों को प्रदर्शित करने वाला यह महासम्मेलन 24 एवं 25 फरवरी 2025 को राज्य की राजधानी भोपाल में आयोजित हो रहा है। भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए दृढ़संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आयोजन का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के विकास को नई उंचाईयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निवेश की अनंत संभावनाओं के साथ निवेशकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। देश के मध्य में स्थित मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राज्य है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का दूसरा और जनसंख्या के हिसाब से पांचवा सबसे बड़ा राज्य है।

मध्य प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस कार्यक्रम एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य व्यापार संचालन और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है। यह कार्यक्रम नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाता है और आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए आने वाली बाधाओं को कम करता है। प्रमुख सुधारों में ऑनलाइन पंजीकरण, लाइसेंसिंग और परमिट अनुमोदन जैसी व्यावसायिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण शामिल है। इससे उद्यमियों के लिए समय और लागत में काफी कमी आई है। राज्य ने निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने के लिए समयबद्ध और पारदर्शी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करते हुए, क्लीयरेंस और अनुमोदन को सुव्यवस्थित करने के लिए इन्वेस्ट एमपी सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है।

## लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग

राज्य में 40 एमएमटी की भंडारण क्षमता और 13.2 एमएमटी की कोल्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है। मध्यप्रदेश स्टील साइलो के निर्माण में अग्रणी राज्य है। इंदौर और भोपाल में आगामी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क इस क्षेत्र में विकास को नया आयाम देगा।

## वस्त्र और परिधान

भारत के जैविक कपास उत्पादन में43% और विश्व के जैविक कपास उत्पादन में24% हिस्सेदारी मध्यप्रदेश की है। मध्य प्रदेश में 60 से ज्यादा बड़ी कपड़ा मिलें और हजारों करघे संचालित हैं। इंदौर में रेडीमेड गारमेंट और अपैरल क्लस्टर में 1,200 से अधिक इकाइयाँ हैं। मध्य प्रदेश चंदेरी, टसर महेश्वरी, बाघ प्रिंट, हैंड-ब्लॉक प्रिंट, बाटिक प्रिंट आदि जैसे पारंपरिक वस्त्रों का घर है।



## ऑटोमोबाइल उद्योग में मजबूत

मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल, पीथमपुर और देवास भारत के प्रमुख ऑटो क्लस्टर हैं।प्रदेश में 2800 से अधिक इंजीनियरिंग निर्माता और 10 से ज्यादा मूल उपकरण निर्माता हैं। प्रदेश का नेटरेक्स एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड टेस्ट ट्रैक, जिसकी लंबाई 11.3 किमी है। यहां 14 टेस्ट ट्रैक और 5 ऑटो विशिष्ट प्रयोगशालाएँ हैं। 4,500 हेक्टेयर पीथमपुर ऑटो क्लस्टर में 25,000 से ज्यादा लोग कार्यरत हैं।

## कृषि, खाद्य एवं दुग्ध प्रसंस्करण में अग्रणी

प्रदेश दलहन और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। खाद्यान्न और फूलों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। राज्य जैविक फसल उत्पादन में अग्रणी है।यहां 11 कृषि जलवायु क्षेत्र हैं।खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 70 से ज्यादा बड़ी और 3800 से भी अधिक एमएसएमई इकाइयाँ कार्यरत हैं।

## फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण एवं स्वास्थ्य सेवा

राज्य में 270 से अधिक फार्मा इकाइयाँ मौजूद हैं। फार्मा सेक्टर में 1,00,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। बड़ी संख्या में डब्ल्यूएचओ-जीएमपी, यूएसएफडीए अनुपालन इकाइयाँ मौजूद हैं। राज्य ने वित्त वर्ष 2022 में 10,770 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की फार्मास्युटिकल्स का निर्यात किया। प्रदेश से संयुक्त राज्य अमेरिका, यूके, रूस, नीदरलैंड, जर्मनी और ब्राजील सहित 150 से ज्यादा देशों को निर्यात होता है। 20 से अधिक मेडिकल डिवाइस इकाइयाँ और 250 से ज्यादा इकाइयाँ मेडिकल डिवाइस के पुर्जे बनाती हैं। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में 360 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क फैला हुआ है।

## वो सबकुछ मौजूद है जो उद्योगों के लिए जरूरी है

- मध्यप्रदेश में 3 लाख किलोमीटर से अधिक फैला हुआ विस्तृत सड़क नेटवर्क है। यहां 5 वाणिज्यिक हवाई अड्डे और 26 हवाई पट्टियों की व्यवस्था है।
- प्रदेश में 1.25 लाख एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि उपलब्ध है। इसके साथ 112 विकसित या विकासशील औद्योगिक क्षेत्र और 14 ग्रीनफील्ड साइट्स मौजूद हैं।
- राज्य जल-आपूर्ति के क्षेत्र में भी अग्रणी है। यहां 1,000 एमसीएम से अधिक प्रचुर औद्योगिक जल आपूर्ति की उपलब्धता है।
- प्रदेश में प्रतिस्पर्धी टैरिफ के साथ 24गुणा7 स्थिर बिजली आपूर्ति की जाती है।चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार विशेष सुविधा भी देती है।
- मध्यप्रदेश में प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के पास आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, ग्लोबल स्किल पार्क, आईटीआई और मेगा आईटीआई की उपस्थिति है।
- राज्य खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, सब्जियों और फलों का अग्रणी उत्पादक है।



## सूचना प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन

मध्यप्रदेश में 4 आईटी एसईजेड, 10 आईटी पार्क, 2 ईएमसी क्लस्टर और 150 से ज्यादा ईएसडीएम इकाइयाँ मौजूद हैं। प्रदेश में 2500 से अधिक डीपीआईआईटी पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जिनमें से 280 से अधिकआईटी-सेवा आधारित स्टार्टअप हैं। राज्य में आईआईटी, आईआईएम और 330 से भी ज्यादातकनीकी संस्थान और आईटीआई की उपस्थिति के साथ अत्यधिक कुशल प्रतिभा पूल की उपलब्धता है। मध्यप्रदेश भारत का टाइगर राज्य है। यहां 11 राष्ट्रीय उद्यान और 6 बाघ अभ्यारण्यों सहित 24 वन्यजीव अभ्यारण्य हैं। 3 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल (सांची, खजुराहो और भीमबेटका) और उज्जैन, ओंकारेश्वर, अमरकंटक जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण विरासत स्थल हैं।

## रोजगार और उद्योग का हब बन रहा मध्य प्रदेश

# पीएम मोदी की नीतियों को अपनाने में अग्रणी है मध्य प्रदेश की मोहन सरकार



*केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को मप्र की मोहन सरकार ने बड़ी कुशलता के साथ अपनाया है। उन पर अमल करके राज्य को खुशहाल बनाया जा रहा है। अब रोजगार और उद्योग का बड़ा हब बन रहा है। डॉ.मोहन यादव सरकार के डबल इंजन से खुशहाली और उन्नति के पथ पर मप्र लगातार दौड़ रहा है, लेकिन अब तीसरा नई ऊर्जा वाला इंजन (बजट) प्रदेश को मिला है, इससे विकास की गति तीन गुना हो जाएगी।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का आम बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से लेकर किसान और युवाओं तक जो अभूतपूर्व सौगातें दी हैं, उसका मध्यप्रदेश में भी खासा प्रभाव दिखाई देगा।

विशेष रूप से 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2025 को लेकर निवेश की संभावनाओं को काफी मजबूती मिली है। बजट में जो घोषणाएं हैं, उससे न केवल उद्योग जगत सशक्त होगा, बल्कि रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। यह सुखद संयोग है कि फरवरी माह के पहले दिन केंद्र सरकार द्वारा आम बजट पेश किया गया है, और इसी माह 24 और 25 तारीख को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों से निवेश की अनंत संभावनाओं वाले इस महासम्मेलन को लेकर उद्योग जगत में पहले से ही उत्साह है और अब केंद्र सरकार की उद्योग जगत के हितों में की गई घोषणाओं से इस समिट की सफलता कई गुना बढ़ी है।



### भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान हो रहे विकसित

*देश के शीर्ष 50 टूरिज्म स्पॉट को राज्यों की सहायता से और विकसित किया जाएगा। भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान विकसित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में सांची बौद्ध अनुयायियों के लिए धार्मिक पर्यटन का विशिष्ट स्थल है। पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के बढ़ते कदम का लाभ बजट में की गई उस घोषणा से मिलेगा, जिसमें कहा गया है कि मेडिकल टूरिज्म के लिए वीजा नियमों को आसान किया जाएगा।*

### 20 हजार करोड़ किए गए आवंटित

*मध्यप्रदेश का इंदौर स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता है। इनोवेटिव्स के लिए बजट में 20 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। नेक्स्ट जनरेशन के स्टार्टअप के लिए डीप टेक फंड पर विचार किया जाना मध्यप्रदेश के युवाओं को नए अवसर दे रहा है। स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया गया है। गारंटी फीस में भी कमी होगी। एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ रुपए का ऐलान स्वागत योग्य है।*

### आर्थिक प्रगति ही प्राथमिकता

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता में रखा है, उसे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतत आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार के बजट में उद्योग जगत सहित युवाओं और किसानों को सौगातें मिली हैं। मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की संभावनाओं को आम बजट ने और अधिक विस्तार दिया है। मध्यप्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और बेहतरीन वातावरण को इस बजट में जो ऊर्जा दी है, वह आने वाले समिट में स्पष्ट दिखाई देगा।*

**चंद्रमौली शुक्ला**, एमडी, एमपीआईडीसी

### किसानों को राहतः केसीसी से 5 लाख का कर्ज

*ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों की प्राथमिकता में कृषि क्षेत्र भी है। केंद्रीय बजट में अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस किया गया है। कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन, इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख होगी। इन सौगातों का सीधा लाभ मध्यप्रदेश के किसानों के साथ कृषि और कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश करने वालों को मिलेगा। आम बजट में उद्योगों के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, वह मध्यप्रदेश में मौजूदा कंपनियों के साथ आने वाले निवेशकों के लिए भी सौगात है। छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे। एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा।*

### लघु खनिजों समेत खनन सेक्टर को फायदा

बजट में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि निवेश हमारी सरकार का तीसरा इंजन है। ग्रीन एनर्जी और ईवी तकनीक को ज्यादा बढ़ावा दिया जाएगा। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। अब देश में राज्य खनन सूचकांक की स्थापना होगी। इससे लघु खनिजों समेत खनन सेक्टर को फायदा होगा। खनन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश निवेशकों की पहली पसंद है। खनन को लेकर निवेशकों का एक सम्मेलन भोपाल में पहले आयोजित किया जा चुका है, जिसमें 20,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए थे।

### अक्षय ऊर्जा में मप्र में हो रहे नवाचार

अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष प्रकार की आरई नीति वाला पहला राज्य है। प्रदेश के सांची को नेट ज़ीरो कार्बन अवधारणा पर मध्य प्रदेश के पहले सौर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है।नर्मदापुरम में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के लिए समर्पित विनिर्माण क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। लगभग 62 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता और 11 गीगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन प्रदेश में उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश में 2,750 मेगावाट (2.75 गीगावाट) की कुल क्षमता वाले 5 बड़े सौर संयंत्र हैं।

D-16116/24

## राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में नहीं थम रही चोरी और झपटमारी की घटनाएं

# नर्मदा एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का मोबाइल झपटकर भागा बदमाश दो महिलाओं के पर्स चोरी, चार्जिंग प्वॉइंट पर लगे दो मोबाइल भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। नर्मदा एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का मोबाइल झपटकर एक बदमाश फरार हो गया। ट्रेन चल रही थी, इसलिए वह कोच से कूदकर भागे बदमाश का पीछा नहीं कर सके।

इसके अलावा अन्य ट्रेनों में भी यात्रा के दौरान यात्रियों के पर्स और मोबाइल चोरी हुए है। जानकारी के अनुसार शहडोल निवासी मोहम्मद असलम सिद्दीकी, नर्मदा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में अनूपपुर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। वह अपनी सीट पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। रानी कमलापति स्टेशन पर ट्रेन रुकी और कुछ देर बाद ट्रेन चलने लगी। इसी बीच एक बदमाश उनके पास पहुंचा और मोबाइल झपटकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। झपटे गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए है।




### नींद लगी और गायब हो गए मोबाइल फोन

छिंदवाड़ा निवासी अनिल उइके अपनी पत्नी पूजा धुर्वे के साथ छतरपुर जाने के लिए रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन का इंतजार करने के लिए दोनों ओवर ब्रिज पर लिफ्ट के सामने बैठ गए। इस दौरान उन्होंने अपने मोबाइल चार्जिंग प्वॉइंट पर लगा दिए। कुछ समय बाद दोनों को नींद लग गई, तभी किसी ने उनके मोबाइल चुरा लिए। चोरी गए मोबाइलों की कीमत 37 हजार रुपए बताई गई है।

### पेंचवेली एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स चोरी

बैतूल निवासी रामलाल हुरमाड़े ने जीआरपी में शिकायत करते हुए बताया कि वह पत्नी लीला हुरमाड़े के साथ पेंचवेली एक्सप्रेस के जनरल कोच में आमला से सीहोर की यात्रा कर रहे थे। होशंगाबाद निकलने के बाद उनकी नींद लग गई थी। रानी कमलापति स्टेशन आने से करीब 10 मिनट पहले उनकी नींद खुली तो पत्नी का लेडीज पर्स चोरी हो चुका था। चोरी गए पर्स में पांच हजार रुपए की नगदी, मोबाइल, सहित अन्य दस्तावेज थे।

### रीवा इंदौर एक्सप्रेस से महिला का पर्स चोरी

*रतलाम निवासी दिव्या सैनी पति ललाहित सिंगोदिया (35) ने जीआरपी में शिकायत करते हुए बताया कि वे रीवा-इंदौर एक्सप्रेस के कोच नंबर एस-7 में सतना से इंदौर की यात्रा कर रहीं थीं। उनके साथ उनका परिवार था। यात्रा के दौरान उन्होंने अपने लेडिस पर्स के अंदर एक छोटा पर्स रखा था। उसमें उनका आधार कार्ड, दो एटीएम कार्ड और 3 हजार रुपए की नगदी थी। वे पर्स सिरहाने रखकर सो गईं थीं। सीहोर रेलवे स्टेशन आने से पहले उनकी नींद खुली तो उनके पर्स के अंदर रखा छोटा पर्स चोरी हो चुका था। यहां-वहां तलाश करने पर भी पर्स नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई।*

### मुसाफिर खाने से छात्र का पिट्ठू बैग चोरी

**भोपाल।** देवेन्द्र अतुलकर पिता बलदेव अतुलकर (25) शाहपुर, जिला बैतुल में रहता है। उसने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार को वह बैतुल से भोपाल आया था। उसका भोपाल में पेपर था। वे नई बिल्डिंग मुसाफिर खाना टिकट विंडो के पास प्लेटफार्म नंबर-1 पर सो गया। जब उसकी नींद खुली तो पास रखा पिट्ठू बैग चोरी हो चुका था। देवेंद्र ने आसपास पिट्ठू बैग की तलाश की, लेकिन बैग नहीं मिला। बैग में मोबाइल, आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आइडी, मार्कशीट 8वीं से बीएसएसी फाइनल और पीजीडीसीए का डिप्लोमा सहित साढ़े 6 हजार रुपए की नगदी थी।

## खबर संक्षेप



### जूनियर्स ने दी सीनियर्स विद्यार्थियों को विदाई

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में संस्कार भारती पब्लिक स्कूल में 8वी कक्षा के विद्यार्थियों को लिए विदाई समारोह (फेयरवेल पार्टी) का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के संचालक जीवनसिंह पाल, शिक्षिका मीना चौरासिया, निशा नामदेव, सना खान शामिल हुए। सीनियर छात्र सहिल को मिस्टर फेयरवल और स्वाती को मिस फेयरवल के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा मिस ब्यूटीफुल वदंना को टाइटल देकर सम्मानित किया गया।

### नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर में 53 लोगों ने कराई जांच



**संतनगर।** लंबी ड्यूटी तथा अत्यधिक कार्य का बोझ होने के कारण पुलिसकर्मी अपने स्वास्थ्य की प्रति सजग नहीं रहते। सेवा सदन अस्पताल द्वारा डीसीपी जोन क्रमांक 4 कार्यालय, गांधीनगर में पुलिस कर्मियों के लिए लगाया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अनुकरणीय सेवा कार्य है। यह बात डीसीपी जितेंद्र पवार ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कही। इस अवसर पर कुल 53 व्यक्तियों ने अपने दृष्टिदोष और नेत्र रोगों की जांच करवाई, इनमें 17 लोगों में दृष्टिदोष पाया गया जबकि 6 व्यक्तियों को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय जाकर अपनी नेत्र रोगों का इलाज करवाने की सलाह दी गई। सभी 53 बाह्य रोगियों को निःशुल्क ड्रॉप्स और 23 व्यक्तियों को चश्में वितरित किए गए।

### तस्कर से दो लाख मूल्य का 15 किलो गांजा जब्त



**भोपाल।** क्राइम ब्रांच सुभाष नगर अंडर ब्रिज के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से पंद्रह किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के बाद क्राइम ब्रांच पुलिस सुभाष नगर ब्रिज पहुंची और घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शांतनु नागर पिता रजनीश नागर (24) अर्जुनगंज, लखनऊ उत्तरप्रदेश बताया। हाल में धोबी घाट, बैरागढ़ में किराए से रहता है। उसके पास मौजूद ट्रॉली बैग की तलाशी लेने पर उसमें 15 किलो 50 ग्राम गांजा मिला।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3861 | | |
| दिन: | 128 | 10 | 578 |
| रात: | 136 | 07 | 160 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 255 | 21 | 137 |
| रात: | 136 | 02 | 147 |

## मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बेस्ट प्राइज से निकलते समय हुआ हादसा

# बाइक सवार दंपती को बोलेरो ने मारी टक्कर सिर में गंभीर चोट आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**बच्चे के साथ बेस्ट प्राइज खरीदारी करने आया था परिवार**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बेस्ट प्राइज के सामने बाइक सवार दंपती को बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क की तरफ गिरी थी और बोलेरो की चपेट में आ गए। उन्हें एंबुलेंस से जय प्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली बोलेरो का तलाश कर रही है। थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि संजू किरार पति उमेश किरार (42) राधा कृष्ण मंदिर के पास बंगरसिया में रहती थी। संजू का पति उमेश निजी बैंक में गार्ड की नौकरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि वह पत्नी और बच्चे के साथ बेस्ट प्राइज खरीदारी करने आया था। खरीदारी करने के बाद रविवार शाम करीब पांच बजे दोनों बाइक से लौट रहे थे। बेस्ट प्राइज के गेट के बाहर मुख्य सड़क पर आते ही बागसेवनिया की तरफ से मंडीदीप की तरफ जा रही बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बच्चे के साथ बांई तरफ गिरा था, जबकि दाहिनी तरफ सड़क पर संजू गिरी थी। सड़क पर गिरते ही बोलेरो संजू को चपेट में लेते हुए निकल गई। हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट थी। एंबुलेंस की मदद से वह संजू को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस नंबर के आधार पर बोलेरो वाहन के चालक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस बोलेरो की तलाश कर रही है।

### मिनी ट्रक ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित रायसेन रोड पर रविवार को तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने से महिला की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि पति और बच्चों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दीक्षा मेहरा पति धर्मेंद्र मेहरा (25) मूलतः सिलवानी जिला रायसेन की रहने वाली थी। फिलहाल वह पति और दो बच्चों के साथ बिलखिरिया इलाके में रहती थी। रविवार को वह पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से सिलवानी जाने के लिए निकला था। बिलखिरिया थाने के ग्राम पड़रिया तिराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात मिनीट्रक ने धर्मेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। पत्नी दीक्षा सिर के बल सड़क पर जाकर गिरी, जबकि धर्मेंद्र और दोनों बच्चे दूसरी तरफ गिरे। मौके पर पहुंची दीवानगंज की एंबुलेंस ने दीक्षा को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, वहां उसकी मौत हो गई।



### गैस चूल्हे पर बीड़ी जलाते समय बुजुर्ग झुलसा, मौत

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित नई बस्ती में गैस चूल्हे से बीड़ी जला रहे 60 साल के बुजुर्ग की जलने से मौत हो गई। वह गैस चूल्हे की बटन शुरू कर लाइटर देख रहे थे। जब लाइटर मिला, तब तक काफी गैस रिस चुकी थी। लाइटर जलाते ही तेज भभके से उनका चेहरा और शरीर झुलस गया। करीब 65 फीसदी झुलसने के बाद परिजन उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नई बस्ती, टीला जमालपुरा निवासी राजकुमार प्रजापति (60) ईटभट्टे पर पर काम करते थे। उम्र अधिक होने की वजह से वह काम नहीं कर रहे थे। अधिकतर समय वह घर पर ही रहते थे। उन्हें बीड़ी पीने की लत थी। नींद नहीं आने की वजह से वह देर रात तक जागते रहते थे। गत 15 फरवरी की देर रात उन्हें नींद नहीं आ रही थी। इस बीच उन्हें बीड़ी पीने की इच्छा हुई। माचिस नहीं मिलने के कारण वह गैस चूल्हे से बीड़ी जलाने का प्रयास करने लगे। गैस चूल्हे की बटन चालू करने के बाद किचिन में लाइटर या माचिस ढूंढने लगे। कुछ देर बाद उन्हें लाइटर मिल गया। तब तक गैस चूल्हे से काफी मात्रा में गैस रिसकर फैल चुकी थी। उन्होंने गैस चूल्हे को जलाने के लिए लाइटर जलाया, आग भभक उठी। आग भभकने से उनका चेहरा व शरीर बुरी तरह झुलस गया। उनके कपड़ों ने आग पकड़ ली थी। शोर सुनकर दूसरे कमरे में सो रहे उनके बेटे मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात इलाज के दौरान करीब दो बजे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था।

## युवक पर आत्महत्या के लिए दबाव बनाने का मामला दर्ज

# युवक से परेशान होकर युवती ने पीया था टॉयलेट क्लीनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र में एक युवती ने टॉयलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने उसके गांव में रहने वाले युवक पर आत्महत्या के लिए दबाव बनाने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी युवक युवती पर शादी करने के लिए दबाव बना रहा था।

पुलिस के अनुसार कीर्ति खरे पिता श्याम खरे (26) तुलसी नगर में रहती थी। वह रीजनल कॉलेज में एमएड की पढ़ाई कर रही थी। गत 22 दिसंबर को उसने टॉयलेट क्लीनर पी लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान 8 जनवरी को कीर्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच की और मोबाइल की सीडीआर निकलवाई। इसके अलावा परिजन के बयान दर्ज किए तो पता चला कि कीर्ति को गत तीन वर्ष से उसके गांव में रहने वाला मनीष भास्कर परेशान कर रहा था। मनीष उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। कीर्ति ने मनीष को शादी करने से इंकार किया तो वह परिजन को निजी पलों के कुछ फोटो भेजने की धमकी देने लगा। मनीष से परेशान होकर 22 दिसंबर को कीर्ति ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया था। कीर्ति परिवार की इकलौती बेटी थी। उसका एक भाई है, जबकि पिता नवीन कन्या स्कूल में शिक्षक है।

# दो वर्ष से छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा पुलिस ने दसवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गत दो वर्ष से छात्रा को परेशान कर रहा था। वह उसे स्कूल और कोचिंग जाते समय कमेंट्स करता था और बात करने के लिए दबाव बना रहा था।

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 16 साल की किशोरी दसवीं कक्षा में पढ़ती है। उसकी बुआ परवलिया इलाके में रहती हैं, वहां छात्रा का आना-जाना था। बुआ के गांव में रहने वाला जॉनी मालवीय से छात्रा की पहचान हो गई थी। बाद में स्कूल आते-जाते समय छात्रा का पीछा कर उसे परेशान करने लगा। जब जॉनी की हरकतें बढ़ गई तो उसने परिजन को बताया। परिजन रविवार को उसे लेकर थाने पहुंचे, वहां आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई।

# विद्यार्थी परिषद ने गौहरगंज एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सोमवार गौहरगंज एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव ज्ञापन सौंपकर स्कूलों में मनमानी फीस वसूली और छात्रों को शिक्षा से वंचित करने के मामलों पर कार्रवाई की मांग की। मंत्री धनंजय पटेरिया ने बताया कि नगर में कोई छात्र समय पर फीस जमा नहीं कर पाता है, तो उसे कक्षाओं में बैठने से रोका जा रहा है। साथ ही नाम काटने की धमकी भी दी जा रही है।

परिषद ने अनावश्यक एवं मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगाने, विद्यार्थियों को कक्षाओं में जाने से न रोके जाने, विद्यालयों की फीस संरचना की जांच कर इसे विनियमित करना, व छात्रों को शिक्षा से वंचित करने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई करने और विद्यालयों के आसपास हो रही नशीले पदार्थों की बिक्री को रोका लगाने की मांग की है।

## नौ दिवसीय श्री राम कथा का छठवां दिन

# पुष्प वाटिका और श्रीराम विवाह की लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

महिला भजन मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा आयोजित श्री राम कथा के छठवें दिन कथा व्यास पं. सद्भव तिवारी (मानस सुमन) ने पुष्प वाटिका और श्रीराम विवाह की लीलाओं का वर्णन किया। कथा के माध्यम से अनेकों शिक्षाओं को प्रदान किया गया। इस अवसर पर, श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया और भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को सुना। कथा के दौरान पं. सद्भव तिवारी ने भगवान राम के जीवन के मूल्यों और आदर्शों के बारे में विस्तार से बताया । कथा स्थल पुरानी कन्याशाला, बाल बिहार स्टेशन रोड औबेदुल्लागंज में है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए इस स्थल पर आ सकते हैं।





## पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, वहां से दोनों आरोपियों को भेजा जेल

# गो-वंश मांस परिवहन करने वाले फरार दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक इनोवा कार एमपी 04टीए 2337 में गो-वंश का मांस लाया जा रहा है। टोल नाका बिशनखेड़ा पर पुलिस ने कार को रोकने पर चालक के साथ बैठा व्यक्ति भाग निकला।

कार से 11 बोरियों में गो-वंश का मांस बरामद हुआ। आरोपियों के विरुद्ध अवैध रूप से गो वंश की हत्या कर मांस परिवहन करने का प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी औबेदुल्लागंज, निरीक्षक भरत प्रताप सिंह के द्वारा पुलिस टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपी दीपांशू पटेल और आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जबकि फरार आरोपियों अख्तर कुरैशी व दो अन्य आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 का इनाम घोषित किया था। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर शनिवार को फरार इनामी आरोपी अख्तर पिता लियाकत कुरैशी निवासी भोपाल एवं रफीक उर्फ शारीक कुरेशी पिता हफीज कुरेशी (48) निवासी गली नं. 02 चमारपुरा जिन्सी थाना जहांगीराबाद जिला भोपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, वहां से दोनों को जेल भेज दिया।

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में लिया संज्ञान

# अनुसूचित जनजाति के 8635 विद्यार्थियों को सिर्फ 10 महीने की ही मिल रही छात्रवृत्ति, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




**मामले में आयोग ने प्रमुख सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, को जांच के निर्देश दिए**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है।

पहला मामला प्रदेश के 152 छात्रावासों में अनुसूचित जनजाति के कॉलेजों में पढ़ रहे 8635 छात्रों को आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 12 महीने की जगह सिर्फ 10 महीने ही छात्रवृत्ति दिए जाने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि अनुसूचित जाति के कॉलेज विद्यार्थियों को 12 महीने छात्रवृत्ति मिल रही है, जबकि अनुसूचित जनजाति के कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों को सिर्फ 10 महीने ही छात्रवृत्ति दी जा रही है। विभाग द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति दोनों वर्ग के विद्यार्थियों को कॉलेज में पढ़ने के लिए छात्रावास की सुविधा दी जाती है, लेकिन भोजन के लिए प्रतिमाह मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि अलग-अलग दी जा रही है। मामले में आयोग ने प्रमुख सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी तलब किया है।

### पढ़ाई के लिए मासूम परेशान, विभाग से जवाब-तलब

*मप्र मानव अधिकार आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल जिले के करहोदा पंचायत के पांच गांवों के तकरीबन 500 से ज्यादा बच्चें को गांव में पांचवी के बाद सरकारी या निजी स्कूल नहीं होने के कारण गांव से 13 किमी दूर तिलेंडी में 5वीं से आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल जाना पड़ता है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए खराब सड़कों से होकर आवाजाही करनी पड़ती है। मामले में आयोग ने प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा तथा आयुक्त, स्कूल शिक्षा को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित हो रहे बच्चों की शिक्षा प्राप्ति में आ रही समस्या के उचित समाधान के उचित समाधान के संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की है।*

## कंपनियों के मैनेजर और भर्ती अधिकारी मौजूद रहे

# रोजगार मेला में 12 से ज्यादा प्रमुख कंपनियां हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में सोमवार को ग्रेफाइट हायर सेकंडरी स्कूल में जिलास्तरीय युवा संगम मेला का आयोजन किया गया। मेले में एक दर्जन से अधिक प्रमुख कंपनियों के मैनेजर और भर्ती अधिकारी मौजूद रहे।

मेले का शुभारंभ भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा व नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव ने किया। जिला उद्योग केंद्र की जानकारी अनुसार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र और कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें सागर मैन्युफेक्चरर, क्रिप्टिक एडवेंचर, स्पोर्ट्स, वॉल्वो आयशर, टेस्ला ट्रांसफॉर्मर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एएल एंड टी, अनंत स्पिनिंग मिल्स और टैफे मोटर्स जैसी प्रमुख कंपनियों ने हिस्सा लिया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### पं. उद्धवदास सम्मान' से सम्मानित होंगे पंत

**भोपाल।** सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, लोकतंत्र तथा आयुर्वेद चिकित्सक पं. उद्धवदास मेहता की स्मृति में स्थापित 'पं. उद्धवदास मेहता समाज सेवी सम्मान' इस बार प्रसिद्ध हिंदी सेवी कैलाशचंद्र पंत को दिया जा रहा है। यह सम्मान पं. मेहता की पुण्यतिथि पर 20 फरवरी को प्रदान किया जाएगा। उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास और नगर निगम भोपाल द्वारा आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। विशेष अतिथि के रूप में महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा तथा ननि अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहेंगे।



### हिंदी साहित्यकारों का दल आज भोपाल में

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के अन्तरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र के आमंत्रण पर केरल के हिंदी साहित्यकारों का 20 सदस्यीय दल आज भोपाल आ रहा है। इस दल में केरल के प्रसिद्ध हिंदी-मलयाली साहित्यकार डॉ. आरसू, मलयालम-हिंदी के वरिष्ठ अनुवादक एवं लेखक डॉ. केसी अजय कुमार एवं अन्य लेखक एवं अनुवादक शामिल हैं।

### अभा कला मंदिर का अमृत महोत्सव में प्रवेश

**भोपाल।** साहित्य एवं कला को समर्पित नगर की सबसे पुरानी संस्था अखिल भारतीय कला मंदिर अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस उपलक्ष्य में प्रवासी भारतीय आचार्य ओम प्रकाश सामवेदी, विश्ववारा शक्तिपीठ आर्य समाज ललरिया, तहसील बैरसिया जिला भोपाल में संस्था का अमृत महोत्सव 18 फरवरी को डॉ गौरी शंकर शर्मा गौरीश की अध्यक्षता, विष्णु राजौरिया के मुख्य आतिथ्य, सुरेश पटवा, के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित होने जा रहा है। अमृत वर्ष में इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# एक बार और जाल फेंक रहे मछेरे, जाने किस मछली में बंधन की चाह हो....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

***एक बार और जाल फेंक रहे मछेरे, जाने किस मछली में बंधन की चाह हो....***

ये पंक्तियां जैसे ही डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने पढ़ी, पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अवसर था आकाशवाणी भोपाल द्वारा आयोजित कविगोष्ठी शब्दांजलि का। इस काव्य गोष्ठी में आमंत्रित कविगण थे देवभूमि देहरादून से आये सुप्रसिद्ध गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, वरिष्ठ गीतकार नरेंद्र दीपक, अंतराष्ट्रीय कवियित्री अनु सपन और गीतकार मधु शुक्ला।


कवि गोष्ठी का आरम्भ करते हुए मधु शुक्ला की कविता **चाय तो बहाना है, संग बैठ तुमसे बतियाना है...** को उपस्थिति दर्शकों ने बहुत पसंद किया। अगली कविता में आपने सुनाया चले आना अबकी बार फागुन में, रचेंगे प्यार का मिलकर नया संसार फागुन में... ने श्रोताओं को फागुन का अहसास कराया। सुप्रसिद्ध कवियित्री डॉ. अनु सपन की गजल रहनुमा जो मिले वो शिकारी मिले आस्तीनों में लेकर कटारी मिले.... को भी बहुत सराहना मिली।

## आकाशवाणी भोपाल ने किया कवि गोष्ठी 'शब्दांजलि' का आयोजन




### दुख के पहाड़ हंसकर कंधे धर लूंगा...

वरिष्ठ गीतकार नरेन्द्र दीपक ने कहता था यह कर लूंगा वह कर लूंगा, दुख के पहाड़ हंसकर कंधे धर लूंगा... गीत सुनाया। इसके बाद आपने सदियों से उड़ रही है ये पतंग... को दर्शकों की बहुत दाद मिली। अंत में वरिष्ठ कवि डॉक्टर बुद्धिनाथ मिश्र ने जैसे ही माइक संभाला दर्शकों की तालियों का क्रम बिना रुके चलने लगा। उन्होंने गीतों की शुरुआत में गीत प्रस्तुत किया चाहा किसी घूंघट वाली के हाथों का दर्पण बन जाऊं या काजल वाली आंखों का दिलता हुआ सपन बन जाऊं.. सुनाकर दर्शकों का मन मोह लिया। शब्दांजलि में कार्यक्रम प्रमुख की भूमिका निभाई राजेश भट्ट ने।





## देवी सहाय का चरित्र एक सशक्त और जुझारू महिला का प्रतीक

### अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

मैंने अलग अलग शेड्स के किरदार निभाए हैं लेकिन इश्क जबरिया सीरियल में देवी सहाय का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद रोचक और रोमांचक अनुभव रहा। देवी सहाय एक दबंग और आत्मनिर्भर महिला हैं, जिनका एटीट्यूड पॉजिटिव होते हुए भी अपने ठाठ-बाट को बरकरार रखता है। बस इसकी कहानी कुछ मुझसे ही मिलती जुलती है। इसके अलावा, शो की कहानी और प्रोडक्शन हाउस का विजन भी बशानदार है, जिसने इसे और भी खास बना दिया है। यह कहना है मशहूर अदाकारा दीपशिखा नागपाल का।

### मेघ बरसे में मैंने एक बेचारी औरत का किरदार निभाया

हाल ही में मेघ बरसे में मैंने एक बेचारी औरत का किरदार निभाया था, जो समाज के दकियानूसी रवैये का शिकार होती है। इसमें दिखाया कि छोटे शहरों में एक औरत के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाता है, उसके परिवार को किन संघर्षों से गुजरना पड़ता है, और जब वह अपने हक के लिए आवाज उठाती है, तो उसे किन परिणामों का सामना करना पड़ता है।

### अभिनय की दुनिया में हर दिन एक नया मौका

उन्होंने कहा कि मेरे पास इतने ऑफर हैं कि मैं डिसाइड कर सकती हूं कि मैं पॉजिटिप भूमिका निभाऊं या नेगेटिव, और जो भी किरदार किया, वह मजबूत और प्रभावशाली रहा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अभिनय की दुनिया में हर दिन एक नया मौका, एक नई कहानी होती है, इसलिए मैं आगे भी खुद को नए अनुभवों में ढालने के लिए तैयार हूं।

## भारत भवन में आयोजित 43वें वर्षगांठ समारोह में हुई विविध सांगीतिक प्रस्तुति

# लैंडस्कैप ऑफ इटर्निटी में प्रस्तुत हुआ जैज म्यूजिक और शास्त्रीय संगीत का अनोखा प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत भवन की 43वां वर्षगांठ समारोह में जहां एक तरफ भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य की कलाओं का समावेश दिखा तो दूसरी तरफ लोक संगीत और लोक कलाओं के अनूठे रंग। एक ऐसे ही अनूठे रंग और प्रयोग का दीदार हुआ सोमवार को आयोजित संगीत सभा में। जहां कलाप्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय कला के विविध आयाम देखने को मिला।

जहां लैंडस्कैप ऑफ इटर्निटीः क्लासिकल क्वार्टेड की प्रस्तुति हुई। बांसुरी, सरोद, तबला और स्वरमंडल के साथ राग, सुर और ताल का अनोखा तालमेल देखने को मिला।

### वाद्ययंत्रों के बेहतर तालमेल का दिया परिचय

आलियांस फ्रांसीस द आर्ट गैलरी के सहयोग से आयोजित इस प्रस्तुति में फ्रांस की कलाकार नायसम जलाल का बांसुरी वादन हुआ। इस प्रस्तुति में सम्राट पंडित ने गायन के साथ स्वरमंडल और तानपुरा, सौगत राय चौधरी ने सरोद और शुभजीत ब्रह्मचारी ने तबले पर नायसम का खूब साथ निभाया।



### जैज म्यूजिक पर बांसुरी का प्रयोग

मूलतः सीरिया में जन्मी नायसम वर्तमान में फ्रांस में रहती है। कुछ वर्ष पहले भारत भ्रमण पर आई नायसम भारतीय शास्त्रीय संगीत से इतनी प्रभावित हुई कि उन्होंने सात समन्दर पार रहते हुए इस कला को अपनाने का निर्णय लिया। संगीत के प्रति की साधना नायसम की प्रस्तुति में दिखाई देती है। आज की इस प्रस्तुति के लिए उन्होंने पांच अलग अलग कंपोजिशन का चयन किया।

### सुबह की वादियों और प्रकृति के प्रेम को दर्शाती प्रस्तुति

प्रस्तुति का आरम्भ कलाकारों ने बांसुरी और सरोद के तारों से निकलते सुर से सुहानी सुबह की वादियों और प्रकृति के प्रेम को बताने का प्रयास किया। इसके बाद सम्राट पंडित ने कबीर के दोहे कहे कबीर जग सिद्ध में... गीत प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के क्रम को आगे बढ़ाते हुए कलाकारों ने टियर्स इन दिल्ली को पेश किया। वहीं चंदा चमके हर घट...से दिया प्रस्तुति को विराम। रंग संगीत की हुई मधुर प्रस्तुति समारोह में पूर्वरंग में विहान ड्रामा समूह के कलाकारों ने रंग संगीत की प्रस्तुति दी।

### मशहूर फ्रांसीसी गायिका, बांसुरी वादक नैसम जलाल ने हरिभूमि से कहा

## बांसुरी वादन करके दिल को सुकून और मन को मिलती है तसल्ली...

मैंने हरिप्रसाद चौरसिया जी से बांसुरी वादन सीखा है। क्योंकि मैं एक जैज सिंगर हूं। लेकिन इंडियन क्लासिकल म्यूजिक और गायन की बात ही अलग है। खासकर बांसुरी वादन करके जो दिल को सुकून और मन को तसल्ली मिलती है। यह कहना है प्रसिद्ध बांसुरी वादक एवं सुप्रसिद्ध फ्रांसिसि गायिका नैसम जलाल का जो सोमवार को भारत भवन में प्रस्तुति देने आईं।



### भारत में रहकर मिलता है अपनापन

नैसम ने कहा कि मैंने भारत में 15 वर्ष से अधिक समय बिताया है और यह मेरी कर्म भूमि है। यहां रहकर मुझे अपनापन मिलता है खासकर भोपाल की तो बात ही अलग है, यहां की हरियाली और लेक्स मुझे काफी प्रभावित करती है। भोपाल के सौंदर्य की बात ही अलग है। उन्होंने कहा कि मैं चाहती तो कुछ ओर भी म्यूजिक फार्म सीख सकती थी, लेकिन मुझे बांसुरी वादन ही पसंद था तो मैंने यही सीखा, जबकि मुझे पता है कि महिलाएं बहुत कम बांसुरी वादक होती हैं।

# फागुन के दिन बौराने लगे फागुन के दबे पांव आकर सिरहाने...

## निरंतर सृजन-संवाद में साहित्य अकादमी का बहो गीत तुम गंगा से आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फागुन के दिन बौराने लगे फागुन के, दवे पांव आकर सिरहाने हवा लगी बांसुरी बजाकर...जैसे ही वरिष्ठ गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने यह गीत पंक्तियां पढ़ी, राजधानी का श्रोताओं से भरा दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, अवसर था, मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित निरंतर सृजन संवाद की श्रृंखला में बहो गीत तुम गंगा से का।




### युगों-युगों से प्रेम की चली आ रही रीत...

सुपरिचित रचनाकार घनश्याम मैथिल अमृत के सुमधुर संचालन में गीत गोष्ठी आरम्भ हुई जिसमें शहर के चुने हुए गीतकारों ने अपने सरस गीतों से आयोजन को यादगार बना दिया। वरिष्ठ कवि नरेंद्र दीपक की पंक्तियां थी युगों युगों से से प्रेम की चली आ रही रीत..., वरिष्ठ गीतकार यतीन्द्रनाथ राही ने कहा गीत संस्कृति का सृजन है राग है अनुराग है।

### डालियों पर झूम रही मंजरियां...

कान्ति शुक्ला ने अपना गीत यूं पढ़ा डालियों पर झूम रही मंजरियां...,वरिष्ठ गीतकार ऋषि की सुमधुर पंक्तियां थीं तुम्हारे गांव से होकर गुजरना चाहता हूं। सुपरिचित रचनाकार दिनेश प्रभात की पंक्तियां थीं लहर लहर लहराओं भू पर गीत तुम बहो तुम गंगा से..। इसके साथ ही डॉ रामवलभ आचार्य,अशोक निर्मल अशोक व्यग्र, पुरुसोत्तम तिवारी, सीमा शर्मा, मधु शुक्ला सहित नगर के तीन पीड़ियों के 35 गीतकारों ने अपने उत्कृष्ट गीतों से इस आयोजन का यादगार बना दिया ।

### इन्द्रजालिक प्रभाव छोड़ा...



## रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप की नृत्य नाटिका ने कुंभ में मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रयागराज महाकुम्भ में स्थापित मध्यप्रदेश के मण्डप के रंगमंच पर एल बी टी के ऐतिहासिक प्रोडक्शन रामायण की प्रस्तुति ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और रंग दर्शकों को आकर्षित किया। कठपुतली की शैली में प्रस्तुत इस नृत्य नाट्य ने दर्शकों को चकित ही नहीं किया बल्कि बार-बार तालियां बजाने को मजबूर किया। मध्यप्रदेश के मण्डप में मध्यप्रदेश की विविध कलाओं की प्रस्ततियों ने इन्द्रजालिक प्रभाव छोडा। लोक गायिकाओं, लोकनृत्य समूहों ने भी दर्शकों को अपने सम्प्रद्ध कला रूपों से प्रभावित किया।

## अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन ने किया आठ साहित्यकारों का सम्मान

### ऋषि को मिला सतीश चंद्र आजीवन साहित्य सेवा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन एवं सुमन चतुर्वेदी स्मृति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को भोपाल में 8 साहित्यकारों का सम्मान किया गया। दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.वीरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.रामवल्लभ आचार्य, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार यतीन्द्रनाथ राही एवं सारस्वत अतिथि राजेंद्र गट्टानी रहे।

### इन साहित्यकारों का हुआ सम्मान

जिन साहित्यकारों को राष्ट्रीय स्तर के सम्मानों से सम्मानित किया गया, उनमें सतीश चंद्र चतुर्वेदी आजीवन साहित्य सेवा सम्मान ऋषि श्रृंगारी, सुमन चतुर्वेदी स्मृति सम्मान शीला श्रीवास्तव, सुमन चतुर्वेदी स्मृति श्रेष्ठ साधन सम्मान संतोष श्रीवास्तव, डॉ. आनंद मिश्र स्मृति सम्मान प्रेमचंद गुप्ता, प्रेम चतुर्वेदी स्मृति सम्मान डॉ.प्रतिभा द्विवेदी, युवा उत्कृष्ट सृजनधर्मी सम्मान मनीष बादल, सरोज लालवानी स्मृति सम्मान डॉ. क्षमा पांडे और चंद्रप्रकाश वर्मा स्मृति सम्मान युवा गीतकार धर्मेंद्र सिंह सोलंकी को दिया गया।

## क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में पक्षी गणना कार्यक्रम-2025

# सर्वाधिक संख्या में पाई गई इंडियन रॉक पिजन, पर्पल सनबर्ड, ग्रीन बीईटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय एवं भोपाल बर्ड्स स्वयंसेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को परिसर पक्षी गणना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पक्षी गणना में लगभग 33 प्रजाति के पक्षियों को परिसर में देखा गया। इन 33 पक्षी प्रजातियों में ग्रेहार्नबिल, रोजरिंग्ड पैराकीट, ओरिएंटल व्हाइटआई, पर्पलसन बर्ड, बूटेडवार्बलर, जंगल बैबलर, रेडवेन्टेट बुलबुल, लॉफिंग डव, स्मॉल मिनीवेट, कॉमन आयोरा, ग्रेटर कोकल, शिकरा , गोल्डन ओरियल , रिवरटर्न, इण्डियन रॉबिन, पाइडमैना, हाउसक्रो, लॉर्जबिल्डक्रो, कॉपर स्मिथ बार्बेट, ब्लैक ड्रोंगो, ऐशीपरिनिया प्रीनिया, टेलरबर्ड, डस्टी क्रेगमार्टिन, ग्रेहेडेड कैनरी फ्लाई कैचर, रेडवैटल्ड लैपविंग आदि पक्षी प्रमुखता से दिखायी दिए।





### संकटग्रस्त प्रजातियों में रिवरटर्न हुई चिन्हित

पक्षीगणना के दौरान इण्डियन रॉक पिजन, पर्पल सनबर्ड, ग्रीन बीईटर एवं जंगल बैबलर की सर्वाधिक संख्या पाई गई। प्रवासी पक्षियों में एशियन ब्राउन फ्लाई कैचर, ब्लैकरेड स्टार्ट एवं लार्जकामोरेंट मुख्य रूप से दिखाई दिए। संकटग्रस्त प्रजातियों में रिवरटर्न को चिन्हित किया गया।



# नूतन कॉलेज में 'मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण' विषय पर हुआ कार्यक्रम, छात्राओं ने लिया भाग

## मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के मनोवैज्ञानिक उपायों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नूतन कॉलेज में 'मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण एवं संवर्धन पर आधारित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुक एवं संवेदनशील बनाना, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के मनोवैज्ञानिक उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य ने संवेदनात्मक बुद्धि की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राहुल शर्मा ने डिप्रेशन के लक्षण एवं उपचार के बारे में बताया तथा डॉ. मनोज गौर ने बताया कि तनाव से दूर रहने के लिए अपनों से बात करना आवश्यक है एवं छात्राओं से विभिन्न गतिविधियां करवाईं। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने किया।






# एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान, अब तक 54.04 करोड़ लोग संगम में लगा चुके डुबकी, संगम स्टेशन 26 फरवरी तक बंद, वाहनों की एंट्री पर फिर से रोक, पास रद्द

एजेंसी ⏭ महाकुंभनगर (प्रयागराज)

महाकुंभ का सोमवार को 36वां दिन था। संगम में सुबह से जबरदस्त भीड़ रही। शाम 4 बजे तक 1.08 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 54.04 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट जाम हो गए हैं। भीड़ के चलते दारागंज स्थित संगम स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। महाकुंभ में तैनात अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री फिर से रोक दी गई है। सभी तरह के पास रद्द कर दिए हैं।

प्रयागराज से गुजरने वाली 19 ट्रेनों का रूट बदला गया है। सोमवार को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके गए। यहां से शटल बस की व्यवस्था की गई है। पार्किंग और स्टेशन से करीब 10 से 15 किमी की दूरी लोगों का पैदल तय करनी पड़ रही है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। जगह-जगह इसी तरह वॉच टावर बनाए गए हैं। जिससे पुलिस भीड़ संभाल रही। काशी तमिल संगमम में काशी आए तमिलनाडु के मेहमान सोमवार को महाकुंभ पहुंचे। सभी ने एक साथ संगम में स्नान किया। तमिल संगमम में आए युवाओं के पहले दल का मेला और जिला प्रशासन ने स्वागत किया। सेक्टर-22 स्थित टेंट सिटी में उनका स्वागत हुआ। प्रतिनिधि संगम में स्नान करने के बाद अयोध्या के लिए रवाना हो गए। महाकुंभ में देश-विदेश से आए लोग संगम स्नान के बाद लौट रहे हैं। गंगा पंडाल में 8 घंटे में करीब 10 हजार लोगों ने हैंड प्रिंटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। प्रयागराज में लगातार भीड़ और जाम की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी के 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी बढ़ाकर 20 फरवरी तक कर दी है। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं चलेंगी।




- संगम से 10-12 किमी पहले रोके गए वाहन
- शटल बस व्यवस्था से संगम तक पहुंचे श्रद्धालु
- 12वीं तक के स्कूल अब 20 फरवरी तक बंद
- अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ी

सोमवार को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके गए। यहां से शटल बस की व्यवस्था की गई है। पार्किंग और स्टेशन से करीब 10 से 15 किमी की दूरी लोगों का पैदल तय करनी पड़ रही है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। जगह-जगह इसी तरह वॉच टावर बनाए गए हैं, जिससे पुलिस भीड़ संभाल रही

## महाकुंभ में 36वें दिन भी जबरदस्त भीड़



### हिंदू समिति की प्रदर्शनी युवाओं को पसंद आई



हिंदू धर्म पर हो रहे विविध आघात, हिंदू राष्ट्र की संकल्पना, धर्मशिक्षा और हिंदू राष्ट्र स्थापना के लिए हिंदू जनजागृति समिति द्वारा प्रारंभ किए गए कार्य के विषय में महाकुंभ पर्व में समिति की ग्रंथ और फ्लेक्स फलक प्रदर्शनी युवाओं को काफी प्रभावित किया। कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 6 में कैलासपुरी-भारद्वाज मार्ग चौराहे पर स्थित इस प्रदर्शनी का अब तक हजारों युवाओं ने दौरा कर हिंदू जनजागृति समिति के कार्य को समझा। इनमें से कई युवाओं ने समिति के धर्मकार्य में सक्रिय भाग लेने की इच्छा भी प्रकट की। युवाओं ने अपने मोबाइल फोन में फ्लेक्स फलकों की तस्वीरें खींचीं।

### आध्यात्मिक विवि की प्रदर्शनी को सराहा



महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय द्वारा कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 7 में लगाई गई प्रदर्शनी को 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने देख चुके हैं। साधु-संतों के साथ-साथ चिकित्सा, शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में कार्यरत उच्च पदस्थ विशिष्ट व्यक्तियों ने महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के कार्य की सराहना की।



### सेक्टर-8 में फिर लगी आग, कोई जनहानि नहीं

प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में सोमवार दोपहर एक बार फिर आग लग गई है। सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है। श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविर में आग लगी थी। दोनों शिविर में दो-दो तंबू जले हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशांत सिंह राणा ने कहा- लगभग 3 बजे हमें टेंट में आग लगने की सूचना मिली। जिसके तुरंत बाद हमारी गाड़ियां यहां पहुंची और हमने आग पर काबू पा लिया है। खाली टेंट था, कोई जनहानि नहीं हुई है। आगे की जांच चल रही है।



### श्रद्धालु बेहोश हुआ तो डीआईजी ने मदद की

महाकुंभ में एक श्रद्धालु अचानक से बेहोश होकर गिर गया। उधर से डीआईजी अजय पाल शर्मा पुलिस टीम के साथ निकल रहे थे, उन्होंने तुरंत टीम को रोककर पीड़ित व्यक्ति की मदद करने के लिए कहा। उसके बाद सभी ने पीड़ित श्रद्धालु के हाथ पैर मलने शुरू किया। फिर उसे होश आया और हॉस्पिटल ले जाया गया।

नई दिल्ली हादसे से लिया सबक

## अब सभी स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म 16 से चलेंगी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात को मची भगदड़ के बाद रेलवे ने अहम फैसला लिया है। रेलवे प्रयागराज महाकुंभ के लिए दिल्ली से जाने वाली सभी स्पेशल ट्रेनों को नई दिल्ली के स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलाने का फैसला लिया है। यात्रियों को प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर आने जाने के लिए स्टेशन के अजमेरी गेट साइड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। वहीं, नियमित ट्रेनें पहले की तरह सभी प्लेटफॉर्म से चलाई जाएंगी। सोमवार को पांच ट्रेनें प्रयाग के लिए चलाई गईं।

### 26 तक प्लेटफॉर्म टिकट बिक्री बंद

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद कर दी गई है। रेलवे स्टेशन प्रशासन ने बताया कि अगले एक सप्ताह के लिए शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री नहीं की जाएगी। यह कदम स्टेशन पर बढ़ती भीड़ के मद्देनजर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, 26 फरवरी तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक रहेगी।

### अर्धसैनिक बलों की आठ कंपनियां तैनात

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में अर्धसैनिक बलों की आठ कंपनियां तैनात की गई हैं। इसके अलावा, मेट्रो पुलिस की 80 जवानों की कंपनी, तीन इंस्पेक्टर और एक एसीपी मेट्रो भी तैनात किए गए हैं। रेलवे पुलिस और जीआरपी के अलग-अलग जवानों को भी सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। जिनके पास बुकिंग टिकट होगा वही सिर्फ स्टेशन पर प्रवेश कर पाएंगे।

## खबर संक्षेप

### रैना की अपील खारिज आज थाने आना ही होगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूबर समय रैना की एक अपील को खारिज कर दिया है। रैना ने पुलिस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बयान दर्ज कराने की अनुमति मांगी थी, लेकिन इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद में उनकी इस अपील को मंजूरी नहीं मिली है। रैना को 18 को थाने आकर बयान दर्ज कराने होंगे।



### बोर्ड पेपर लीक की खबरें अफवाहः सीबीएसई

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सोशल मीडिया पर पेपर लीक की अफवाहों को बेबुनियाद कहा है। बोर्ड की ओर से ऐसी किसी भी घटना से इंकार कर दिया गया है। कहा पेपर लीक जैसी कोई घटना नहीं हुई है। अफवाहें फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संत सेवालाल का जीवन गरीबों को समर्पितःपीएम

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पूज्य संत सेवालाल महाराज की जयंती पर नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। पूरी क्षमता के साथ उन्होंने निरंतर सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट की नई याचिकाओं पर भड़के सीजेआई खन्ना बोले-

# बस बहुत हो गया, हर चीज की एक लिमिट होती है, अब नए बिंदु उठाएं

ओवैसी ने याचिका में 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू करने की मांग की

सीजेआई ने पूजा स्थल कानून पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस पर कहा कि आज हम ऐसी कोई याचिका नहीं स्वीकार करेंगे। इनकी भी एक सीमा होती है। सुप्रीम कोर्ट को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग 6 याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल कानून से जुड़ी 7 याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। दरअसल इस केस की सुनवाई दो जजों की बेंच में होनी थी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आज सिर्फ दो जजों की बेंच बैठी है। यह मामला किसी और दिन देखेंगे। सीजेआई ने इस मामले पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस पर कहा कि पिछली बार नई याचिकाओं पर विचार करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन अब इस प्रक्रिया में एक सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई नई याचिका दायर की जाती है, तो उसमें कुछ ऐसे नए बिंदु होने चाहिए जो पहले नहीं उठाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग 6 याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है। ओवैसी ने याचिका में 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल कानून) को लागू करने की मांग है।

### आखिरी बार 12 दिसंबर 2024 को हुई थी सुनवाई



3 जजों की बेंच में होनी थी सुनवाई

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की 6 धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने आखिरी बार 12 दिसंबर 2024 को सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हम इस कानून के दायरे, उसकी शक्तियों और ढांचे को जांच रहे हैं। ऐसे में यही उचित होगा कि बाकी सभी अदालतें अपने हाथ रोक लें। सीजेआई ने कहा था कि हमारे सामने दो मामले हैं, मथुरा की शाही ईदगाह और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद। तभी अदालत को बताया गया कि देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं। इनमें से 10 मस्जिदों से जुड़े हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से याचिकाओं पर 4 हफ्ते में अपना पक्ष रखने को कहा। सीजेआई ने कहा- जब तक केंद्र जवाब नहीं दाखिल करता है हम सुनवाई नहीं कर सकते।

### जनहित याचिका स्वीकार की

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। घटना को लेकर कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। जनहित याचिका पेशे से वकील विशाल तिवारी ने दाखिल की है। मांग की गई है कि कोर्ट केंद्र और दिल्ली सरकार मिलकर इस मामले की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाएं। जो भीड़ नियंत्रण और भगदड़ रोकने के लिए गाइडलाइन तैयार करे।

## उस अफसर को पेश करो, जिसने हमारा आदेश नहीं माना

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के एक मामले की सुनवाई हो रही थी, जिसमें अदालत ने पिछली सुनवाई यानी 2 जनवरी को याचिकाकर्ता को गिरफ्तारी से छूट दी थी लेकिन कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर एसडीओ ने यूएपीए लगाकर आरोपी को हिरासत में ले लिया था। सुप्रीम कोर्ट इस बात पर भड़क गया और उस अधिकारी को पेश करने का आदेश दिया है, जिसने यूएपीए लगाया था। दरअसल, याचिकाकर्ता मनीष राठौर पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (बी) के तहत आरोप दर्ज किए गए थे, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से छूट दी थी लेकिन जिला प्रशासन ने उस पर गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ लगाया जाने वाला एक्ट (यूएपीए) लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया था। मनीष राठौर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य के मामले में सोमवार को याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील ने अदालत से गुहार लगाई कि उसके मुवक्किल को न सिर्फ गिरफ्तार किया गया बल्कि पूरे शहर में घुमाया भी गया। वकील ने कहा कि उसके पास इस घटना की तस्वीरें भी हैं। इस पर जस्टिस ओका राज्य सरकार पर भड़क गए। उन्होंने कहा, यह मामला तो आईपीसी की धारा 506 से जुड़ा है तो फिर एक अफसर ने इसमें यूएपीए कैसे लगा दिया?

### गांधी के ग्राम स्वराज के विचार को खत्म करें

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस मुहम्मद मुस्ताक ने सोमवार को कहा कि आज शासन में चुनौतियां ज्यादा हैं, इसलिए महात्मा गांधी द्वारा दिए गए विचार और परिकल्पित ग्राम स्वराज या पंचायती राज व्यवस्था के विचार को अब खत्म कर देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने शासन और सत्ता के विभिन्न स्वरूपों का केंद्रीकरण करने का सुझाव दिया है। जस्टिस मुहम्मद मुस्ताक ने यह सुझाव खुली अदालत में दिया और कहा कि यह उनके निजी विचार हैं।

कृषि मंत्री शिवराज ने दिए निर्देश

# पूरी संवेदना के साथ सभी किसान हित में करें काम



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान जानकारी दी गई कि रबी फसलों के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल कवरेज पिछले वर्ष की तुलना में 9.62 लाख हेक्टेयर अधिक है और कुल बुआई क्षेत्र 661.03 लाख हेक्टेयर है, जबकि गत वर्ष यह 651.42 लाख हेक्टेयर था। गेहूं, धान और दलहन की बुआई भी पिछले साल से ज्यादा है। बैठक में शिवराज सिंह ने किसानों के हित में पूरी संवेदना के साथ काम करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थोक और खेरची मूल्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का समुचित दाम मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चौहान ने विभिन्न राज्यों में मौसम की ताजा व संभावित तथा जलाशयों की स्थिति एवं विभिन्न उपज के थोक व खेरची मूल्य की स्थिति की जानकारी लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### रबी में 324.88 लाख हेक्टेयर में बुवाई

बैठक में बताया गया कि गेहूं की बुआई इस रबी सीजन में 324.88 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है जबकि पिछले वर्ष यह 318.33 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में थी। वहीं धान की बुआई 42.54 लाख हेक्टेयर में इस बार हुई है जोकि गत वर्ष 40.59 लाख हेक्टेयर में थी। दलहन का रबी सीजन का बुआई क्षेत्र इस वर्ष 140.89 लाख हेक्टेयर रहा है जबकि गत वर्ष यह 137.80 लाख हेक्टेयर में था। तिलहन की फसलों की बुआई इस वर्ष 97.47 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई, जो गत वर्ष 99.23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र था, कमी वाला यह क्षेत्र अन्य फसलों- गेहूं व चना में डायवर्ट हुआ बताया है। ग्रीष्मकालीन बुआई ककी प्रगति जारी है जो 14 फरवरी 2025 की स्थिति के अनुसार कुल फसल क्षेत्र 15.232 लाख हेक्टेयर है।

### प्याज व आलू की बुवाई पहले से अधिक

रबी मौसम के लिए 14 फरवरी 2025 की स्थिति में, प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज व आलू की बुआई गत वर्ष से क्रमशः 1.52 लाख हेक्टेयर एवं 0.32 लाख हेक्टेयर ज्यादा है जबकि टमाटर की बुआई भी गत वर्ष की तरह सामान्य है। देश में रबी का कुल बोया गया सामान्य क्षेत्र प्याज के लिए 11.37 लाख हेक्टेयर, आलू के लिए 21.47 लाख हेक्टेयर और टमाटर के लिए 5.80 लाख हेक्टेयर था। चालू रबी सीजन में टमाटर और प्याज की बुआई सुचारू रूप से चल रही है। तीनों फसलों के लिए बुआई का समय अभी उपलब्ध है और मौजूदा अच्छी बाजार कीमतों को देखते हुए, सामान्य क्षेत्र हासिल करने की उम्मीद है।

एक पद-एक व्यक्ति की मांग को लेकर डीके के खिलाफ मुहिम

# कर्नाटक में सीएम और डिप्टी सीएम के बीच रस्साकशी कांग्रेस आलाकमान ने दिया दखल, हुआ 'सीजफायर'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी एक और 'सेल्फ-गोल' में फंसे उसके पहले ही शीर्ष नेतृत्व ने कर्नाटक पीसीसी को खबरदार कर दिया है। कर्नाटक ही एक मात्र ऐसा बड़ा राज्य है जहां कांग्रेस सत्ता में है। मगर, वहां भितरखाने में सत्ता का संघर्ष छिड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के ढाई साल के बाद उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बिठाये जाने की खबर बेंगलुरु से दिल्ली तक जैसे ही पसरने लगी सिद्धरमैया के सिपहसालारों ने खुलेआम डीके शिवकुमार के खिलाफ मुहिम छेड़ दिया। एक व्यक्ति एक पद की मांग को लेकर बेंगलुरु-दिल्ली एक करनेवाले कई कैबिनेट मंत्रियों ने डीके शिवकुमार को हटाकर नये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग तेज कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी कर्नाटक से हैं। उन्हें हर बात की खबर है। आपसी खींचातानी की खबर कर्नाटक के सड़कों पर फैल गई जब सिद्धरमैया खेमे के मंत्रियों ने कॉपरेटिव मंत्री केएन राजन्ना के नेतृत्व में आलाकमान से डीके शिवकुमार की जगह दूसरे नेता को पीसीसी अध्यक्ष की मांग करने लगा।



### अब नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए

राजन्ना ने हरिभूमि से बातचीत में भी स्वीकार किया कि हमने कर्नाटक में कांग्रेस की बेहतरी के लिए नेतृत्व को दिल्ली में 18 मई 2023 का वो लिखित बयान याद दिलाया जिसके तहत कहा गया था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक प्रदेश अध्यक्ष पद पर बने रहने कहा गया है, अब जब लोकसभा चुनाव खत्म हुए साल भर हो गये डीके शिवकुमार की जगह किसी और को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने की मांग गलत कैसे है?

'परीक्षा पे चर्चा' में मैरी कॉम, सुहास और अवनि ने दिए टिप्स

# मेहनत-अनुशासन को बताया बोर्ड परीक्षाओं की कुंजी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का सातवां एपिसोड प्रसारित हुआ। जिसमें देश की महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम, पैरालंपिक अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े छात्रों को तनावमुक्त रहने का मंत्र दिया। तीनों हस्तियों ने एक स्वर में छात्रों को केवल अनुशासन और कड़ी मेहनत के जरिए अपने सभी लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि अनुशासन ही बोर्ड परीक्षाओं की वह महत्वपूर्ण चाबी है। जिसके जरिए लक्ष्य का निर्धारण करके तनाव को आसानी से संभाला जा सकता है। मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी।

### पढ़ाई के साथ खेलकूद को भी समान रूप से महत्व दें

अच्छी चीजों को पाने के लिए सफर लगातार चलते रहें




### डर को दूर भगाओ, सफलता मिलेगी

पैरालंपिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन स्टार सुहास यथिराज ने कहा कि डर ही सफलता की राह में सबसे बड़ा अवरोधक है। अगर जीवन में सूरज की तरह चमकना है तो उसकी तरह जलने के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। अच्छी चीजों को पाने के लिए सफर लगातार चलते रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों से मजबूती और लगन के साथ चुनौतियों का सामना करने को कहा।

### सही कौशल से बढ़ाएं आत्मविश्वास

टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक खेलों में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल हासिल करके इतिहास रचने वाली युवा पैरा शूटर युवा अवनि लेखरा ने कहा कि अच्छे कौशल के साथ आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए डर को कम किया जा सकता है। कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को भी समान रूप से महत्व दिया जाना चाहिए।

### बॉक्सिंग को बनाया महिलाओं का खेलः मैरीकॉम

कई बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम करने वाली ओलंपिक में बॉक्सिंग में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने कहा कि मैंने समाज में लोगों की उस परंपरागत सोच को बदला। जिसमें वो यह मानते थे कि बॉक्सिंग महिलाओं के लिए नहीं है। मेरे करियर में बहुत चुनौतियां आईं। लेकिन मैंने सभी को स्वीकार किया। क्योंकि मैं खुद को साबित करने के साथ ही देश की महिलाओं को यह बताना चाहती थी कि हम बॉक्सिंग कर सकते हैं। मैरीकॉम ने कहा, मैंने अपने आप को साबित किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं कई बार विश्व चैंपियन बनीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह को याद करते हुए छात्रों से कहा कि अपने भविष्य निर्माता स्वयं बनो।

# सफल रहा पनडुब्बी का परीक्षण

# मत्स्य-6000: देश की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली पनडुब्बी का परीक्षण हुआ पूरा, इस साल के अंत तक 500 मीटर का ट्रायल होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली मानव वैज्ञानिक पनडुब्बी मत्स्य-6000 ने कट्टुपल्ली पोर्ट पर वेट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो डीप ओशन मिशन के तहत देश की समुद्रयान परियोजना में एक महत्वपूर्ण कदम है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत गहरे समुद्र मिशन पहलों के तहत राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक पनडुब्बी को इसके कॉम्पैक्ट 2.1 मीटर व्यास वाले गोलाकार पतवार के भीतर तीन मनुष्यों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है और 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर इसका परीक्षण किया जाएगा।

### खास बातें

- 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर परीक्षण किया जाएगा
- पानी के भीतर प्रकाश के लिए कैमरों के विशेष व्यवस्था
- सभी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया है।



### मत्स्य-6000 पनडुब्बी की खासियत

मत्स्य-6000 पनडुब्बी का डिजाइन पूरा होने के पश्चात इसकी कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न उप-प्रणालियों की पहचान की गई और उन्हें विकसित किया गया। पनडुब्बी में घटकों की एक व्यापक श्रृंखला है: जिसमें गोताखोरी के लिए एक बेलेस्ट सिस्टम तीनों दिशाओं में गति के लिए थ्रस्टर्स, बिजली की आपूर्ति के लिए एक बैटरी बैंक और पानी की सतह पर आने के लिए सिंटैक्टिक फोम शामिल है। इसमें एक परिष्कृत बिजली वितरण नेटवर्क, अत्याधुनिक नियंत्रण हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के साथ-साथ पानी के नीचे नेविगेशन डिवाइस भी शामिल हैं। संचार प्रणालियों में एक ध्वनिक मॉडेम, पानी के नीचे टेलीफोन और सतह संचार के लिए अति उच्च आवृति तरंगे (वीएचएफ) शामिल हैं।

## पानी के भीतर रोशनी और कैमरों पर विशेष ध्यान

पनडुब्बी के अंदर, मानव जीवन-रक्षक प्रणालियों, विभिन्न पर्यावरणीय तथा महत्वपूर्ण मापदंडों की क्षमता के लाभ के लिए नेविगेशन जॉयस्टिक, साथ ही पनडुब्बी के बाहर विभिन्न समुद्र विज्ञान सेंसर, पानी के भीतर प्रकाश व्यवस्था और कैमरों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इन सभी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया है और वर्तमान में इनका परीक्षण किया जा रहा हैं। अपनी बाहरी संरचना के भीतर सभी प्रणालियों की निर्बाध कार्यक्षमता को सुनिश्चित करने के लिए, 500 मीटर की परिचालन सीमा में शुष्क परीक्षणों की एक व्यापक श्रृंखला के सफल समापन के बाद, मत्स्य 6000 पनडुब्बी को 27 जनवरी से 12 फरवरी, 2025 के दौरान चेन्नई के पास कट्टुपल्ली पोर्ट पर स्थित एलएंडटी शिपबिल्डिंग सुविधा में पानी के अंदर परीक्षण करने के लिए ले जाया गया।

### परीक्षण में सभी जांच सफल

इन परीक्षणों का उद्देश्य कई महत्वपूर्ण मापदंडों पर मत्स्य 6000 की क्षमता का सावधानीपूर्वक आकलन करना था। मूल्यांकन के दौरान बिजली और नियंत्रण नेटवर्क की मजबूती, पनडुब्बी की स्थिरता, मानव सहायता और सुरक्षा प्रणाली और आगे तथा पीछे की गति पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अतिरिक्त, नेविगेशन और संचार क्षमताओं की जांच की गई। वैज्ञानिक पेलोड, जिसमें कई परिष्कृत समुद्र विज्ञान सेंसर शामिल थे, का पूरी तरह से परीक्षण किया गया और कार्यक्षमता की पुष्टि की गई। इस प्रदर्शन चरण में पनडुब्बी का पांच बार मानव सहित और पांच बार मानव रहित समुद्र की गहराई में जाना शामिल रहा।

## खबर संक्षेप


### समलैंगिक इमाम की गोली मारकर हत्या

**केपटाउन।** दुनिया के पहले घोषित समलैंगिक इमाम मुहसिन हेंड्रिक्स की शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अन्य व्यक्ति के साथ कार से जा रहे थे, उसी वक्त उन पर हमला किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इमाम की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जिस वक्त हेनिड्रक्स पर हमला किया गया वो एक समलैंगिक विवाह समारोह से लौट रहे थे। 57 साल के मुहसिन हेंड्रिक्स का जन्म दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में हुआ था।



### सोने की खदान ढही 48 की मौत

**माली।** अफ्रीका महाद्वीप के देश माली में अवैध सोने की खदान ढहने से कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हादसे की वजह से कई लोग पानी में गिर गए। माली अफ्रीका के सबसे ज्यादा सोना खनन करने वाले देशों में शामिल हैं। अक्सर अवैध रूप से सोना खोजने की तलाश में लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। जनवरी में दक्षिणी माली में एक सोने की खदान में भूस्खलन से कम से कम 10 लोग मारे गए थे ।



### भारत ने खूब बेचे स्मार्टफोन 140 प्रतिशत बढ़ा निर्यात

**नई दिल्ली।** जनवरी में भारत का स्मार्टफोन निर्यात पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 140 प्रतिशत बढ़ा है। इंडस्ट्री एस्टिमेट के मुताबिक निर्यात से 25,000 करोड़ रुपए (3 बिलियन डॉलर) की रिकॉर्ड कमाई हुई है और इसकी एक अहम वजह एप्पल और सैमसंग जैसी टॉप टेक्नोलॉजी कंपनियों का अपनी सप्लाई चेन से विदेशों में शिपमेंट बढ़ाना रहा। स्मार्टफोन के नेतृत्व में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान निर्यात में हाल के वर्षों में सरकार की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की बदौलत तेजी आई है।



### प्रदर्शनों के दौरान अत्याचार 41 पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में पुलिस ने 41 पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पूर्व अधिकारी छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान अत्याचार करने के आरोपी 1,059 पूर्व पुलिसकर्मियों में शामिल हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार इस आंदोलन की वजह से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिर गई थी और उन्हें देश से जाना पड़ा था। आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के भेदभाव विरोधी प्रदर्शन ने एक आंदोलन का रूप ले लिया था और हसीना की सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था।



### दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा

# यूक्रेन जंग पर रूस-अमेरिका में आज हाई लेवल मीटिंग संभव, रूस ने पुष्टि की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन जंग के समाधान के लिए रूस और अमेरिका के बीच आज मंगलवार को सऊदी अरब में हाई लेवल मीटिंग हो सकती है। इसमें 2 रूसी अधिकारी शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पुष्टि की है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव सऊदी की राजधानी रियाद के लिए रवाना हुए। इस बीच खबर आ रही है कि इस शांति वार्ता के लिए यूक्रेन को नहीं बुलाया है। वहीं अमेरिका की तरफ से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और यूक्रेन और रूस के लिए वॉशिंगटन के विशेष दूत कीथ केलॉग इसमें शामिल होंगे। रुबियो सोमवार दोपहर को रियाद पहुंच चुके हैं। रुबियो अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई करेंगे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकर माइकल वॉल्ट्ज और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ भी शामिल होंगे।

» यूरोपीय देश संघर्षविराम से जुड़ी अमेरिका तथा रूस के बीच चल रही बैठकों में सम्मिलित नहीं किए जाएंगे। इस बात से यूक्रेन तथा उसका साथ दे रहे यूरोपीय देशों को बेचैनी होनी स्वाभाविक है

बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार माइकल भी शामिल होंगे

पुतिन के विदेश मंत्री लावरोव रियाद के लिए रवाना

वाशिंगटन के विशेष दूत केलॉग बैठक में शामिल होंगे

### ट्रंप बोले- यूक्रेन जंग खत्म करना चाहते हैं पुतिन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बयान में कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन जंग को खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि अभी समय तय नहीं हुआ है, लेकिन वो जल्द पुतिन से मुलाकात करेंगे। इससे पहले ट्रंप ने 11 फरवरी को फोन पर पुतिन के साथ बात की थी। इस दौरान दोनों के बीच जंग खत्म करने पर चर्चा हुई थी। दोनों ने तकरीबन डेढ़ घंटे तक बात की थी। ट्रंप ने बताया था कि वे सऊदी अरब में पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं।

### » दावा- मीटिंग में जेलेंस्की को नहीं बुलाया

यूक्रेन जंग पर शांति वार्ता के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को नहीं बुलाया गया है। इससे पहले अमेरिका के विशेष दूत कीथ केलॉग ने यूक्रेन के शामिल होने की बात कही थी। मीडिया के मुताबिक यूक्रेन को अभी तक वार्ता के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। यूरोपीय देशों के नेताओं को भी इस वार्ता में शामिल होने के लिए नहीं बुलाया गया है।

## गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए इजराइली टीम पहुंची काहिरा : नेतन्याहू

**जेरूसलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए एक वार्ता दल मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचा। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नेतन्याहू ने अमेरिका के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ के साथ फोन पर बात की, जिसके बाद उन्होंने एक इजराइली वार्ता दल को काहिरा के लिए रवाना होने का निर्देश दिया। बता दें मिस्र, कतर, संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में समझौता हुआ है।

### टीम सबसे पहले 'समझौते के पहले चरण को जारी रखने' पर चर्चा करेगी



बयान में कहा गया कि टीम सबसे पहले 'समझौते के पहले चरण को जारी रखने' पर चर्चा करेगी।' इसके मुताबिक होने वाली इजराइली सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के बाद उन्हें 'दूसरे चरण के संबंध में वार्ता जारी रखने के निर्देश प्राप्त होंगे। गौरतलब हो, इजराइल और हमास को फरवरी की शुरुआत में दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करनी थी। हमास ने 4 फरवरी को एक बयान में कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ चर्चा शुरू कर दी है, जबकि नेतन्याहू के प्रवक्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजराइल ने अभी तक दूसरे चरण पर बातचीत शुरू नहीं की है।

### हैदराबाद हाउस में होगी द्विपक्षीय बैठक

## भारत पहुंचे कतर के अमीर शेख थानी हवाईअड्डे पर पीएम मोदी ने की अगवानी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी सोमवार रात भारत पहुंचे। यहां नई दिल्ली में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी अगवानी की। शेख थानी के आगमन पर यूं प्रधानमंत्री का व्यक्तिगत रूप से हवाई अड्डे पर पहुंचना दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मौजूद बेहतर संबंधों का प्रमाण प्रस्तुत करता है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि शेख अल थानी 17 फरवरी से भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं।

मंगलवार को उनकी पीएम मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही वार्ता में क्षेत्रीय और वैश्विक चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के साथ ही कुछ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भी मौजूद रहे। उन्होंने भी कतर के अमीर से मुलाकात की। हवाई अड्डे पर भारत की तरफ से शेख थानी के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। जिनका हवाई अड्डे पर कतर के अमीर ने प्रसन्नता के साथ जायजा लिया।

### विदेश मंत्री ने की शिष्टाचार मुलाकात

मंत्रालय ने बताया कि कतर के अमीर के ठहरने के लिए नई दिल्ली स्थित लीला पैलेस होटल में विशेष व्यवस्था की गई है। वहां विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शेख थानी से शिष्टाचार मुलाकात की। 18 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद कतर के अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात करेंगे। इसी के साथ उनकी भारत यात्रा संपन्न हो जाएगी और वह कतर की ओर प्रस्थान करेंगे।

### गोगोई की पत्नी का पाक कनेक्शन

## अली तौकीर के खिलाफ असम में एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम पुलिस ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई कनेक्शन विवाद मामले में पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अली पाकिस्तान के योजना आयोग के स्थायी सलाहकार हैं। असम कैबिनेट ने 16 फरवरी को डीजीपी को पाकिस्तानी अली तौकीर शेख पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। उन पर अनलॉफुल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) के तहत भारत के आंतरिक मामलों और संसदीय मामलों पर भी कथित टिप्पणी का आरोप है। हालांकि, असम कैबिनेट ने कांग्रेस सांसद और उनकी ब्रिटिश पत्नी के खिलाफ केस दर्ज नहीं करने का फैसला किया था। सरमा ने 13 फरवरी को गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने के आरोप लगाए थे।

### सांसद बोले- जांच के लिए तैयार

पाकिस्तानी अली तौकीर पर एफआईआर होने के बाद लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने कहा कि असम सरकार उनकी पत्नी के कथित आईएसआई संबंधों के मुद्दे पर कोई भी जांच कर सकती है। वे और उनकी पार्टी सभी जांच के लिए तैयार हैं। गोगोई ने कहा कि उन्होंने भाजपा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ चर्चा की है और जल्द ही कानूनी सहायता लेंगे। इससे पहले उन्होंने आरोपों को फर्जी बताया था। उन्होंने कहा था कि मेरी पत्नी पर आईएसआई एजेंट होने का आरोप है, तो मुझे रॉ एजेंट भी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए ऐसे निराधार आरोप लगा रही है।

### » सीएम आवास में आने-जाने की आजादी

अली तौकीर शेख ने पाकिस्तान सरकार द्वारा गठित समितियों में कई पदों पर काम किया है। शेख, एलिजाबेथ गोगोई के संपर्क में था, जो एक ब्रिटिश नागरिक और असम के सांसद गौरव गोगोई की पत्नी हैं। अली शेख गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई का बॉस रह चुका है। जब एलिजाबेथ की शादी असम के तत्कालीन सीएम तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई से होने वाली थी, तो शेख को सीएम आवास में आने-जाने की पूरी आजादी थी।

## केआईआईटी विवि की घटना: नेपाल सरकार ने मदद के लिए भेजे दो अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) के छात्रावास में नेपाल की एक बीटेक-तृतीय वर्ष की छात्रा के मृत पाए जाने की घटना सामने आने के बाद नेपाल की तरफ से अपने देश के बाकी छात्रों की मदद के लिए दो अधिकारियों को भेजा गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि नई दिल्ली स्थित हमारे दूतावास ने ओडिशा में प्रभावित नेपाली छात्रों की काउंसलिंग के लिए दो अधिकारियों को भेजा है। इसके अलावा यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है कि उनके पास अपनी पसंद के आधार पर या तो अपने छात्रावास में रहने या घर लौटने का विकल्प हो।

### नेपाली छात्रों के लिए संस्थान बंद

उधर, विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए नोटिस के अनुसार, केआईआईटी को नेपाल के सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही उन्हें 17 फरवरी को तत्काल विश्वविद्यालय परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया।

### सांसद किरण चौधरी ने अंतराष्ट्रीय संसदीय मंच पर भारत का किया प्रतिनिधित्व

## अजरबैजान के बाकू में एशियाई संसदीय सभा के 15वें पूर्ण अधिवेशन में भाग लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने आगामी 21 फरवरी तक अजरबैजान के बाकू में आयोजित हो रहे एशियाई संसदीय सभा (एपीए) के 15वें पूर्ण अधिवेधन में सक्रिय रूप से भाग लिया है। एशिया भर के विधानमंडलों से मिलकर बना एपीए, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर सदस्य देशों के बीच संवाद और सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है। पूर्ण अधिवेशन में पूरे एशिया में क्षेत्रीय सहयोग, सतत विकास, आर्थिक विकास और शांति-निर्माण प्रयासों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडल जलवायु परिवर्तन, व्यापार संबंध, सुरक्षा चिंताओं और डिजिटल परिवर्तन सहित महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे।



### क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ावा देंगे

किरण चौधरी के प्रतिनिधित्व में भागीदारी संसदीय कूटनीति के माध्यम से क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उनसे अंतर-संसदीय सहयोग बढ़ाने और महत्वपूर्ण क्षेत्रीय मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण की वकालत करने पर चर्चा करने की उम्मीद है। भारत एपीए का एक सक्रिय सदस्य बना हुआ है, जो एशियाई क्षेत्र के भीतर अधिक एकीकरण और सहयोग की दिशा में काम कर रहा है।

### योग के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले होंगे पुरस्कृत

# प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयुष मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 2025 के संस्करण (आईडीवाई 2025) के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों के लिए नामांकन शुरू करने की घोषणा की है। पुरस्कार उन लोगों और संगठनों दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के प्रचार-प्रसार और विकास में महत्वपूर्ण और निरंतर योगदान दिया है। आयुष मंत्रालय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी सहित चिकित्सा और कल्याण की पारंपरिक प्रणालियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।



### 25 लाख रुपए के पुरस्कार से नवाजा जाएगा

आयुष के अनुसार ये पुरस्कार राष्ट्रीय व्यक्ति, राष्ट्रीय संगठन, अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति और अंतर्राष्ट्रीय संगठन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसके तहत प्रत्येक विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों का उद्देश्य समाज पर योग के गहन प्रभाव को सम्मानित करने के लिए स्थापित, इस क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान का जश्न मनाने, रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन और जीवनशैली से संबंधित विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका को सुदृढ़ करना है।

### निर्णायक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल होंगी

आपको बता दें, यह लिंक आयुष मंत्रालय की वेबसाइट और इसके स्वायत्त निकायों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध होगा। संस्थाएं सीधे आवेदन कर सकती हैं या किसी प्रमुख योग संगठन द्वारा नामांकित हो सकती हैं। प्रत्येक आवेदक/नामांकित व्यक्ति प्रति वर्ष केवल एक श्रेणी (राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय) के लिए आवेदन कर सकता है। आयुष मंत्रालय द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी सभी आवेदनों की समीक्षा करेगी मूल्यांकन करने वाले निर्णायक मंडल को प्रत्येक पुरस्कार श्रेणी में अधिकतम 50 नामों की सिफारिश करेगी। निर्णायक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी।

### प्रणालियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित

आयुष मंत्रालय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी सहित चिकित्सा और कल्याण की हमारी पारंपरिक प्रणालियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।



# खेतों में बैसाखी की तैयारी कर रहे हैं सनी देओल...

**नई दिल्ली।** सनी देओल ने खेतों से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। खेत की झलक दिखाते हुए उन्होंने बताया कि जाट खेतों में बैसाखी की तैयारी कर रहा है। 'गदर' अभिनेता सनी देओल ने खेतों से अपनी तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने बताया कि वे बैसाखी की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही पोस्ट में उन्होंने अपनी फिल्म जाट का भी जिक्र किया है। सनी देओल की इस फिल्म को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। सनी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें वह व्हाइट शर्ट और पैंट के साथ कैप पहने नजर आ रहे हैं। फोटो में उन्हें खेतों में देखा जा सकता है।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## परिवार ने गलत हाथों में सौंपा

वायरल महाकुंभ गर्ल मोनालिसा अब किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं। उन्होंने कथित तौर पर एक फिल्म साइन की है, जिसका निर्देशन सनोज सिंह करेंगे। हालांकि, सनोज सिंह को लेकर जीतेंद्र नारायण सिंह के कुछ दावों ने सभी को चौंका दिया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायरल गर्ल मोनालिसा अब कोई आम स्टार नहीं रहीं। कभी वह महाकुंभ मेले में माला बेचती थी,आज वह एक मशहूर स्टार के रूप में पहचानी जा रही हैं। मोनालिसा की खूबसूरत आंखें और आकर्षक सुंदरता के कारण उनकी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। उनकी लोकप्रियता अब इतनी बढ़ी है कि हाल ही में उन्हें एक फिल्म का ऑफर मिला है। सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में एक रोल ऑफर किया है। इस खबर के सामने आने के बाद एक बड़ी चर्चा शुरू हो गई।

मोनालिसा के प्रशिक्षण वीडियो और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के वीडियो भी विभिन्न मीडिया पर वायरल हुए। पता चला है कि पहले प्रोजेक्ट के लिए उन्हें 21 लाख रुपए दिए जाएंगे। एक लाख रुपए एडवांस दे दिए गए हैं। फिल्म में वह एक सेवानिवृत्त सेना अधिकारी की बेटी की भूमिका निभाएंगी। ऐसी भी खबरें हैं कि इस फिल्म में अभिनेता अनुपम खेर भी होंगे। हालांकि, इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, इस बीच अब सनोज मिश्रा पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने मोनालिसा को केवल अपनी जाल में फंसाया है।



हॉलीवुड मसाला




# जल्द शुरू होगी गुडबाय जून

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक'फेम अभिनेत्री केट विंसलेट अभिनय में दमखम दिखाने के बाद निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, केट नेटफ्लिक्स के लिए 'गुडबाय जून' नामक फीचर फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनय भी करेंगी और इसका निर्माण भी वही कर रही हैं। इस फिल्म में टोनी कोलेट, जॉनी फ्लिन, एंड्रिया राइजबोरो, टिमोथी स्पाल और हेलेन मिरेन मुख्य भूमिका में होंगे।




# बोनी ने कम उम्र में अभिनय के साथ किया निर्देशन...

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री बोनी राइट यानी हैरी पॉटर सीरीज की जिनी वीज्ली ने 17 फरवरी को जन्मदिन मनाया। बोनी को उनके फैंस हैरी पॉटर की जिनी वीज्ली से ही जानते हैं। बोनी पहली बार साल 2001 में पहली बार हैरी पॉटर एंड द फिलॉस्फर्स स्टोन में नजर आईं थी। बोनी राइट ने अपने कॅरियर में अभिनय के साथ निर्देशन में भी हाथ आजमाया। वे साल 2012 में सैपरेट वी कम, सैपरेट वी गो फिल्म का लेखन और निर्देशन कर चुकी हैं। साल 2012 में ही बोनी ने निर्देशन में डेब्यू किया। साल 2013 में ड्रीमिंग जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया है। बोनी अपने हैरी पॉटर के एक को- एक्टर को डेट कर रही थी। अभिनेत्री ने साल 2011 में जैमी कैंपबेल बोवर को डेट करना शुरू किया था, हालांकि दोनों का यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल सका और एक साल बाद यानी 2012 में दोनों अलग हो गए।



# रिलीज हुआ नादानियां का दूसरा गाना

**मुंबई।** जब ये ऐलान किया गया कि सैफ अली खाने के बेटे और सारा अली खान के भाई इब्राहिम अली खान बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, तो फैंस हैरान हो गए। काफी इंतजार के बाद इब्राहिम अली खान की फिल्म 'नादानियां' का पहला गाना 'इश्क में' रिलीज हुआ। गाने में अभिनेत्री खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की केमिस्ट्री काफी अच्छी है। गाना देखने के बाद फैंस 'नादानियां' के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक फिल्म का ट्रेलर रिलीज नहीं हुआ है, लेकिन इब्राहिम ने फिल्म का दूसरा गाना साझा किया है। ये गाना काफी इमोशनल है। इसमें ब्रेकअप की कहानी दिखाई गई है। इब्राहिम अली खान ने 'नादानियां' का जो दूसरा गाना शेयर किया है वह 'गलतफमियां' है। गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है।



# तुम्बाड फेम सोहम का क्रेजी ट्रेलर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'क्रेजी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन ग्रीश कोहली ने किया है। फिल्म के अहम किरदार में सोहम शाह हैं। सोहम शाह इससे पहले 'तुम्बाड', 'दहाड़' और 'महारानी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। ये फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर दमदार है। इसमें सोहम शाह अपनी बेटी को ढूंढता है। फिल्म में नायक की बेटी किडनैप हो जाती है। नायक अपनी बेटी को छुड़ाने के लिए पांच करोड़ का इंतजाम करता है। किडनैपर जैसा कहता है नायक वैसा ही करता है। फिल्म इसी के आस पास घूमती है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने से पहले इसके कई पोस्टर जारी किए जा चुके हैं। इसमें कई बेहतरीन डॉयलॉग लिखे हैं। एक पोस्टर में लिखा है कि 'अभिमन्यू चक्रव्यूह में फंस गया है तू।'

टीवी मसाला



# रणवीर के माफी मांगने का गौरव ने उड़ाया मजाक...

**नई दिल्ली।** समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट'में रणवीर इलाहाबादिया के आपत्तिजनक बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनका काफी विरोध हो रहा है। शो और उससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई भी हो रही है। इस विवाद के बाद समय रैना ने यूट्यूब से अपने शो के सभी एपिसोड्स हटा लिए। रणवीर इलाहाबादिया ने कंट्रोवर्सी होने के बाद सोशल मीडिया पर अपने आपत्तिजनक बयान के बाद माफी मांग ली। अब स्टैंड अप कॉमेडियन गौरव कपूर ने तंज कसा है। उन्होंने रणवीर के माफी मांगने का मजाक उड़ाया है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरव ने कहा कि रणवीर ने कंट्रोवर्सी होने के दो घंटे बाद ही माफी मांग ली। उन्होंने अपने शो की एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वह कह रहे हैं, 'अरे भाई इतनी जल्दी कौन माफी मांगता है। रुकते सोचते समझते अपने वकील को थोड़े पैसे दे देते, सलाह ले लेते फिर कुछ करते।' अपने जोक में गौरव कपूर ने आगे कहा, 'रणवीर जो है, 12 बजे कंट्रोवर्सी हुई, 2 बजे माफी मांग ली। 2 घंटे में। इतने जल्दी मैं अपने पापा से माफी ना मांगू।' गौरव ने आगे कहा कि दिल्ली वाले होते तो मानते ही नहीं। कहते ये एआई है। ये मुंबई वाले शरीफ होते हैं। रणवीर ने हाल ही में जानकारी दी कि उन्हें मौत की धमकियां मिल रही हैं और लोग उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग उनकी मां के क्लिनिक में मरीज बनकर घुसने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे वह डर महसूस कर रहे हैं। हालांकि, रणवीर ने यह स्पष्ट किया कि वह इन चीजों से नहीं भागेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय पुलिस और न्यायिक प्रणाली पर पूरा विश्वास है।

## बॉयफ्रेंड संग लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी



**नई दिल्ली।** 'काचा बादाम' पर चंद सेकेंड की रील बनाकर फेमस हुईं अंजलि अरोड़ा काफी धार्मिक हैं। वह चार धाम की यात्रा कर चुकी हैं और अब उन्होंने महाकुंभ में भी डुबकी लगा लीं है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ प्रयागराज पहुंची और त्रिवेणी संगम में स्नान किया। अंजलि अरोड़ा ने कई सारे फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं और झलकियां फैंस के साथ शेयर की है। जिस पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। महाकुंभ में कई नामी हस्तियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। संगम में स्नान किया और पुण्य कमाया। साथ ही फैंस के साथ वहां की तस्वीरें शेयर कीं। अंजलि अरोड़ा का भी नाम उस लिस्ट में जुड़ गया है। उन्होंने आकाश संसनवाल के साथ डुबकी लगाई।

# महाशिवरात्रि से पहले रिलीज होगा 'महाकाल चलो' सॉन्ग

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही महाकाल की भक्ति में डूबे नजर आने वाले हैं। महाशिवरात्रि से पहले उनका 'महाकाल चलो'नाम का गाना रिलीज होने वाला है। इसकी जानकारी खुद अभिनेता ने दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर गाने का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की है। अभिनेता द्वारा शेयर किए गए पोस्टर में वह शिवभक्त के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अक्षय ने शिवलिंग को पकड़ रखा है और महादेव की भक्ति में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'ॐ नमः शिवाय! महाकाल की शक्ति और भक्ति का अनुभव करें कल... महादेव को मेरी ओर से एक छोटी सी स्तुति, महाकाल चलो मंगलवार को रिलीज हो रहा है।' महाकाल को समर्पित यह गीत अक्षय कुमार, पलाश सेन और विक्रम मोंट्रो ने गाया है। इसका म्यूजिक विक्रम मोंट्रोज़ ने दिया है और इसके बोल शेखर अस्तित्व ने लिखे हैं। गानेग का निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है। अक्षय कुमार का यह गाना शिवरात्रि के अवसर पर रिलीज हो रहा हैं। महाकाल को समर्पित अभिनेता का यह गाना 18 फरवरी को रिलीज किया जाएगा।



# दुनियाभर की कुछ सबसे अनूठी 6 फिल्में, जब अलग-अलग एक्टर्स ने किया एक ही रोल...

**नई दिल्ली।** सिनेमा जगत में ऐसा कम ही होता है जब एक ही किरदार को एक से ज्यादा कलाकारों ने निभाया हो। एक ही फिल्म में, एक ही किरदार को, एक से ज्यादा एक्टर्स का निभाना कुछ खास मामलों में ही होता है। लेकिन सिनेमा जगत के इतिहास में कुछ मौकों पर ऐसा हो चुका है।

***शर्माजी नमकीन :*** दिवंगत बॉलीवुड एक्टर ऋषि कपूर के निधन के बाद उनकी आखिरी फिल्म को परेश रावल ने पूरा किया। इसीलिए इस फिल्म में उसी किरदार में कहीं पर ऋषि कपूर नजर आते हैं तो कहीं पर परेश रावल।

***द मैन ऑफ स्टील :*** साल 2013 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द मैन ऑफ स्टील' एक ब्लॉकबस्टर हिट थी। फिल्म में हेनरी सविल ने क्लार्क केंट/सुपरमैन का किरदार निभाया था। लेकिन क्योंकि उनके किरदार को उम्र के अलग-अलग पड़ावों में दिखाया जाना था, इसलिए इसी किरदार के लिए कई अलग-अलग एक्टर्स को हायर किया गया।



***द बटरफ्लाई इफैक्ट :*** साल 2004 में आई फिल्म 'द बटरफ्लाई इफैक्ट' में ईवान ट्रिबॉर्न का किरदार कई अलग-अलग एक्टर्स ने किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि यह किरदार टाइम ट्रैवल के दौरान अपनी जिंदगी में कई बदलावों को महसूस करता है।

***द इमैजिनेरियम ऑफ डॉक्टर पर्नासस :*** इस फिल्म में हीथ लेजर, जॉनी डेप, जूड लॉ और कॉलिन फैरेल समेत कई एक्टर्स ने टोनी शेपर्ड का किरदार निभाया था। फिल्म की कमाल की नरेशन और स्क्रिप्ट की वजह से किरदार को कई एक्टर्स को करना पड़ा था।

***आई एम नॉट देयर :*** बॉय डायलन के किरदार को निभाने के लिए कई अलग-अलग एक्टर्स को हायर किया गया था। कैट ब्लैंचेट, क्रिश्चियन बेल और हीथ लेजर फिल्म में अलग-अलग मौकों पर लीड रोल में नजर आए थे।

***द क्यूरियस केस ऑफ बेन्जामिन बटन :*** फिल्म की कमाल की कहानी के चलते एक ही किरदार अलग-अलग कलाकारों को करना पड़ा था। फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स की है जो अपनी जिंदगी उलटी जीता है। यानि वो जन्म के समय बूढ़ा है और उम्र बढ़ने के साथ वो जवान होता जाता है।

## बाफ्टा से चूकी ऑल वी इमेजिन एज लाइट, किसी विशेष फिल्म का नहीं रहा दबदबा

# बेस्ट फिल्म बनी कॉन्क्लेव, एमिलिया पेरेज भी जीती



*__लंदन।__ सिनेमा की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक 78वां ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार (बाफ्टा) आखिरकार लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में शुरू हुआ, जिसमें अभिनेता डेविड टेनेंट लगातार दूसरे वर्ष मेजबान के रूप में लौटे। 78वें वार्षिक समारोह में बाफ्टा में किसी विशेष फिल्म का दबदबा नहीं रहा। इसके बजाय कॉन्क्लेव ने 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म', 'आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म', 'सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा' और 'सर्वश्रेष्ठ संपादन' के लिए पुरस्कार जीते। वहीं, चार बाफ्टा पर 'द ब्रूटलिस्ट' बराबरी पर रही। अन्य फिल्में जिन्होंने यादगार रातें मनाईं, उनमें माइकी मैडिसन के साथ एनोरा शामिल है, जिसने 'बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस' का पुरस्कार जीता और फिल्म को 'सर्वश्रेष्ठ संपादन' के लिए मान्यता दी गई।*




## 'बाफ्टा 2025' के विजेताओं की पूरी लिस्ट

- बेस्ट फिल्म - 'कॉन्क्लेव'
- ब्रिटिश फिल्म - 'कॉन्क्लेव'
- बेस्ट डायरेक्टर - ब्रैडी कॉर्बेट, 'द ब्रूटलिस्ट'
- बेस्ट एक्टर - एड्रियन ब्रॉडी, 'द ब्रूटलिस्ट'
- बेस्ट एक्ट्रेस - मिकी मैडिसन, 'एनोरा'
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर - कीरन कल्किन, 'ए रियल पेन'
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस - जो सलदाना, 'एमिलिया पेरेज'
- बेस्ट राइजिंग स्टार (जनता द्वारा वोट किया गया) - डेविड जोंसन
- बेस्ट आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश डेब्यू - 'नीकैप' निर्देशक रिच पेपिएट
- बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले - जेसी ईसेनबर्ग, 'ए रियल पेन'
- बेस्ट एडाप्टेड स्क्रीन प्ले - पीटर स्ट्रॉघन, 'कॉन्क्लेव'
- बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म - 'एमिलिया पेरेज'
- बेस्ट म्यूजिकल स्कोर - डैनियल ब्लमबर्ग, 'द ब्रूटलिस्ट'
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - लोल क्रॉली, 'द ब्रूटलिस्ट'
- बेस्ट एडिटिंग - 'कॉन्क्लेव'
- बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन - 'विकेड'
- बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन - 'विकेड'
- बेस्ट साउंड - 'ड्यूनः पार्ट 2'
- बेस्ट कास्टिंग - 'एनोरा'
- बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स - 'ड्यूनः पार्ट 2'
- बेस्ट मेकअप और हेयर - 'द सब्सटेंस'
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - 'वालेस और ग्रोमिटः वेंजेंस मोस्ट फाउल'
- बेस्ट ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - रॉक, पेपर, सिजर
- बेस्ट ब्रिटिश शॉर्ट एनीमेशन - 'वांडर टू वंडर'
- बेस्ट चिल्ड्रेन एंड फैमिली फिल्म - 'वालेस और ग्रोमिटः वेंजेंस मोस्ट फाउल'
- सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री - 'सुपर/मैनः द क्रिस्टोफर रीव स्टोरी'
- सिनेमा में उत्कृष्ट ब्रिटिश योगदान - 'मेडिसिनेमा'
- बाफ्टा फेलोशिप - वारविक डेविस

## कॉन्क्लेव ने जमाया रंग

रात का सबसे बड़ा पुरस्कार कॉन्क्लेव को मिला, जिसने 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म' के लिए बाफ्टा पुरस्कार जीता।

***मिकी मैडिसन को अनोरा के लिए मिली जीत :*** सीन बेकर की फिल्म एनोरा की स्टार मिकी मैडिसन ने 'बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस' के लिए बाफ्टा पुरस्कार जीता है।

***एड्रियन ब्रॉडी की बड़ी जीत :*** एड्रियन ब्रॉडी ने द ब्रूटलिस्ट में अपने अभिनय के लिए 'बेस्ट लीडिंग एक्टर' श्रेणी में बाफ्टा पुरस्कार जीता है।

***सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार :*** ब्रूटलिस्ट फिल्म निर्माता ब्रैडी कॉर्बेट ने 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' का पुरस्कार जीता।

***ईई राइजिंग स्टार अवॉर्ड :*** 'ईई राइजिंग स्टार अवॉर्ड' हॉलीवुड सुपरस्टार बनने की सीढ़ी है, जिसके पिछले विजेताओं में टॉम हार्डी, टॉम हॉलैंड, डैनियल कालूया, जैक ओ'कॉनेल, लेटिटिया राइट और एम्मा मैकी शामिल हैं। अब पुरस्कार के 2025 के विजेता डेविड जोंसन को उम्मीद है कि वे अन्य नामों की तरह ही करियर की राह पर चलेंगे।

***कॉन्क्लेव ने फिर जीत हासिल की :*** बाफ्टा पुरस्कार समारोह पहले से ही कॉन्क्लेव की रात बनता जा रहा है, जिसे समारोह में 12 पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया है। अब इसने 'आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म' का पुरस्कार भी जीत लिया है।

***'बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन' का पुरस्कार :*** 'सर्वश्रेष्ठ पोशाक डिजाइन' का पुरस्कार उस प्रतिभाशाली समूह को दिया गया है, जिसने 'विक्ड' पर काम किया था, जिसे क्लोथिंग डिपार्टमेंट ने काफी हद तक बढ़ाया था।

## खबर संक्षेप



### स्वितोलिना का दुबई में जीत से आगाज

**दुबई।** दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना ने पिछली उपविजेता रूस की अन्ना कालिंस्काया को दुबई चैंपियनशिप के पहले दौर में 6-1, 6-2 से हरा दिया। पिछले साल कालिंस्काया क्वालीफाइंग दौर के जरिए पहुंची थी और लगातार तीन शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों को हराया था जिसमें नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक शामिल है। इस बार हालांकि वह यूक्रेन की स्वितोलिना के सामने टिक नहीं सकी। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडूकानू ने मारिया सक्कारी को 6-4, 6-2 से मात दी। अब वह 14वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से खेलेगी।

### जीव लीजेंड्स टूर पर 19वें स्थान पर रहे

**मारबेला।** भारत के अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह रविवार को यहां 2025 लीजेंड्स टूर की मारबेला स्टेस्योर प्रतियोगिता में



संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहे। जीव ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया। उन्होंने चार बर्डी की लेकिन एक बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए। उन्होंने कुल तीन अंडर के स्कोर से शीर्ष 20 में जगह बनाई। जीव ने पहले दो दौर में 68 और 73 का स्कोर बनाया था।साइमन ग्रिफिथ्स ने कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ लीजेंड्स टूर का सत्र का पहला टूर्नामेंट जीता।

### गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल रद्द

**गुलमर्ग।** पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का शनिवार से यहां शुरू होने वाला दूसरा सत्र क्षेत्र में पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने के कारण स्थगित कर दिया गया।



इसकी नई तारीखों का ऐलान मौसम में सुधार होने पर किया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बताया, 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का जम्मू कश्मीर चरण स्थगित कर दिया गया है।'गुलमर्ग में अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग, स्की पर्वतारोहण और स्नोबोर्डिंग स्पर्धाएं होनी थी। पहला चरण लेह में 23 से 27 जनवरी के बीच खेला गया जिसमें आइस हॉकी और आइस स्केटिंग स्पर्धाएं हुई थी।

### बुमराह की गैर मौजूदगी से उम्मीदें जगीः कायेस

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरुल कायेस ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में उनकी टीम के पास 20



फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के तेज आक्रमण को दबाव में लाने का मौका होगा। कायेस ने कहा, 'भारतीय टीम काफी मजबूत है और उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी क्रम है। लेकिन बुमराह टीम में नहीं है। हम सभी को पता है कि पिछले दो साल में उसने भारतीय क्रिकेट के लिए क्या किया है। उसकी गैर मौजूदगी से बांग्लादेश को फायदा मिलेगा।'

### पाकिस्तान पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है।









19 फरवरी से टूर्नामेंट का आगाज : 20 को भारत का पहला मैच

# चैंपियंस ट्रॉफी : बुमराह के बिना भारत की उम्मीदें शमी के जादू पर, पाक में नहीं लगा भारत का झंडा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मोहम्मद शमी के दाहिने हाथ में जादूगर सा फन है और अपनी कलाई के झटके से वह दुनिया के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों को चकमा दे सकते हैं लेकिन क्या वह इस जादू से भारत को बारह साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद कर सकते हैं ?

प्रशंसकों को उम्मीद है कि शमी इस टूर्नामेंट में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने देंगे। बुमराह चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वैसे शमी की तैयारियों को लेकर काफी चिंताएं भी हैं। भारतीय टीम को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को पहला मैच खेलना है। चौतीस वर्ष के शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न स्तरों और अलग अलग प्रारूप में कुछ मैच खेले हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंट में अपेक्षाओं पर खरे उतरने का दबाव अलग होता है। ऐसे में बुमराह की गैर मौजूदगी में उन पर दबाव और बढ़ जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी के साझेदार अर्शदीप सिंह होंगे लेकिन वह बुमराह की श्रेणी के गेंदबाज नहीं हैं।

### नई गेंद से करना होगा कमाल

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी का मानना है कि शमी के पास काफी अनुभव है और वह इस चुनौती का सामना कर लेंगे। बालाजी ने कहा, 'उसने 2019 वनडे विश्व कप और पिछले विश्व कप (2023) में बुमराह से बेहतर गेंदबाजी की थी। बुमराह विभिन्न प्रारूपों में चैंपियन गेंदबाज है लेकिन शमी के पास अनुभव है और बुमराह के आने से पहले भारत के आक्रमण की जिम्मेदारी उसी पर थी। अगर भारत को अच्छा प्रदर्शन करना है तो शमी को नई गेंद से कमाल करना होगा। पहले छह ओवर में नई गेंद से प्रदर्शन भारत के लिए काफी मायने रखेगा। अगर वह शुरुआती कामयाबी दिला सका तो भारत का मनोबल काफी बढ़ेगा।' शमी की जिम्मेदारी विकेट लेना ही नहीं बल्कि अर्शदीप और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों का मागदर्शन करने की भी होगी।

### पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी को होने जा रही है। ओपनिंग मैच में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगे। भारत अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा। टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान हो और कोई विवाद न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस द्वारा दावा किया गया है कि कराची स्टेडियम में भारतीय झंडे को नहीं लगाया गया है। आईसीसी के नियमों के मुताबिक, कोई भी देश अगर बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है तो उसे सभी हिस्सा लेने वाले देशों के झंडे लगाने होते हैं। हालांकि, कराची में आठ देशों के इस टूर्नामेंट के सात देशों के झंडे लगे दिख रहे हैं।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

## मालेवार और शोरे की फिफ्टी विदर्भ के 5 विकेट पर 308 रन



एजेंसी ▶▶| नागपुर

दानिश मालेवार के 79 रन और सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के 74 रन की मदद से मेजबान विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बना लिए। टेस्ट टीम मे जगह बनाने का दावा फिर पुख्ता करने वाले करुण नायर ने 45 रन बनाए। वह शिवम दुबे की गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने के फैसले से खुश नहीं थे हालांकि उन्होंने डीआरएस लिया।

दो बार की चैंपियन टीम के लिए बड़ी साझेदारियां नहीं बन सकी लेकिन पहले दिन 88 ओवर में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया। मुंबई ने 13 नोबॉल डाली। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 18 ओवर में 44 रन देकर दो विकेट लिए। दुबे ने नौ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट चटकाए और उनमें से एक में सूर्यकुमार यादव ने स्लिप में डाइव लगाकर शानदार कैच लपका।

मुंबई को और सफलताएं नहीं मिल सकी क्योंकि नयी गेंद संभालने वाले शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी विकेट लेने में नाकाम रहे। ठाकुर ने 14 ओवर में 57 और मोहित ने 61 रन दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर यश राठौड़ 47 और कप्तान अक्षय वाडकर 13 रन बनाकर खेल रहे थे।

### गुजरात के बेबी का नाबाद अर्धशतक

**अहमदाबाद।** अनुभवी सचिन बेबी के नाबाद अर्धशतक से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन सोमवार को यहां गुजरात के खिलाफ धीमी बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 206 रन बनाए। बाएं हाथ के 36 वर्षीय बल्लेबाज सचिन बेबी ने 193 गेंद में आठ चौकों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए जिससे केरल ने पहली बार फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। सचिन बेबी को मोहम्मद अजहरुद्दीन के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला जो 66 गेंद में तीन चौकों की मदद से 30 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों पांचवें विकेट के लि 49 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

### गुजरात पर जीत दर्ज करने उतरेगी मुंबई

**वडोदरा।** गुजरात जाइंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि कठिन पहले मुकाबले के बाद मुंबई की टीम लय हासिल करना चाहेगी। पिछले दो सत्रों में आखिरी स्थान पर रही गुजरात के लिये पहले दो मैचों में आस्ट्रेलियाई हरफनमौला एशले गार्डनर ने उम्दा प्रदर्शन किया। बेथ मूनी ने भी अर्धशतक जमाया लेकिन उनकी सलामी जोड़ीदार लौरा वोल्वार्ट नहीं चल सकी हैं। जाइंट्स ने पहले मैच में 201 रन बनाये लेकिन इसके बावजूद हार गई।

टी20 ब्लास्ट और काउंटी चैंपियनशिप में दिखाएंगे जलवा

## विलियमसन ने मिडिलसेक्स से दो साल का किया अनुबंध

एजेंसी ▶▶| लंदन

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने टी20 ब्लास्ट और काउंटी चैंपियनशिप में खेलने के लिए मिडिलसेक्स क्रिकेट के साथ दो साल का अनुबंध किया है जबकि वह इस साल द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट की कप्तानी भी करेंगे।

आधुनिक समय के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले विलियमसन इससे पहले ग्लूसेस्टरशर (2011-2012) और यॉर्कशर (2013-2018) के लिए खेल चुके हैं। वह सत्र के दूसरे भाग में मिडिलसेक्स के 14 टी20 ब्लास्ट ग्रुप




मुकाबलों में से कम से कम 10 और कम से कम पांच काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। विलियमसन ने कहा, 'मैंने अतीत में थोड़ा काउंटी क्रिकेट खेला है लेकिन पिछले कई वर्षों से नहीं खेला है इसलिए जब मिडिलसेक्स के साथ यह अवसर आया तो यह वास्तव में रोमांचक संभावना थी।' न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में विलियमसन ने 47 शतक सहित 18,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं।

### पाकिस्तान में छाया क्रिकेट का खुमार

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में क्रिकेट का खुमार छाया है और प्रशंसक बुधवार से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। कई क्रिकेटप्रेमी निराश हैं कि भारतीय टीम अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेल रही है। कराची के सदर इलाके में मशहूर जेनब मार्केट के दुकानदार मोईज अहमद ने कहा, 'यह निराशाजनक है क्योंकि भारतीय टीम और खिलाड़ियों खासकर विराट कोहली को यहां काफी पसंद किया जाता है।' कॉलेज के छात्र काशिफ ने कहा कि वह हमेशा से कोहली के मुरीद रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वह काफी विनम्र है जैसा कि हम मीडिया में देखते हैं।'

## राष्ट्रमंडल खेल ओलंपिक की मेजबानी के लिए सही कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेर ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी ओलंपिक 2036 की मेजबानी के भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सही कदम होगा। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक की मेजबानी अतुल्य उपलब्धि होगी और भारत में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन इस लक्ष्य को पाने की दिशा में सही कदम होगा।'

सीजीएफ और भारतीय ओलंपिक संघ के बीच राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की संभावना पर अनौपचारिक बातचीत के बाद उनका बयान आया है। सेडलेर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि



भारत निकट भविष्य में ओलंपिक में शीर्ष दस टीमों में होगा। उन्होंने कहा, 'सही नेतृत्व, बुनियादी ढांचा और जुनून के दम पर भारत ओलंपिक में शीर्ष दस देशों में शामिल होने की दहलीज पर है। देश की छवि बनाने में खेलों की भूमिका अहम है और खेल महाशक्ति के रूप में पहचान मिलने से विश्व स्तर पर देश का दबदबा बढता है।' भारत ने अब तक सिर्फ एक बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है।

### अगले साल मेजबान पर फैसला

भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी का आशय पत्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है जो अगले साल मेजबान पर फैसला लेगी। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के अध्यक्ष लूसियानो रोस्सी ने इस मौके पर कहा, 'भारत दिल्ली ही नहीं बल्कि भोपाल में भी काफी मेहनत कर रहा है। ये प्रयास खेलों के भविष्य को लेकर भारत की गंभीरता साबित करने के लिए उठाए गए ठोस कदम है।'

### खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे 1,476 पैरा एथलीट

***चेन्नई।*** *भारत के लगभग 1,500 पैरा एथलीट मंगलवार से यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हो रही 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। चेन्नई पहली बार इस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसमें 30 टीम के रिकॉर्ड 1,476 पैरा एथलीट 155 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे जिससे यह देश के सबसे बड़े पैरा एथलेटिक्स आयोजनों में से एक होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख एथलीटों में सुमित अंतिल (भाला फेंक), मनोज सबापति (व्हीलचेयर रेसिंग), मनोज सिंगराज (गोला फेंक), मरियप्पन थंगावेलु (ऊंची कूद), मुथु राजा (गोला फेंक), होकाटो सेमा (गोला फेंक), नवदीप सिंह (भाला फेंक), और योगेश कथुनिया (चक्का फेंक) शामिल हैं। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा, 'हमें विश्वास है कि चेन्नई में होने वाली यह चैंपियनशिप भारत में पैरा एथलेटिक प्रतियोगिताओं के लिए नए मानक स्थापित करेगी।' यह प्रतियोगिता तमिलनाडु सरकार द्वारा समर्थित है और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजित किया जा रहा है जो राज्य के खेल मंत्री भी हैं।*

प्रो लीग : भारत दो मैचों में तीन अंक लेकर आठवें स्थान पर

## जर्मनी के खिलाफ आज जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

खराब शुरुआत के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में मंगलवार को पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ जीत की लय को कायम रखने उतरेगी। भारत को प्रो लीग के घरेलू चरण के पहले मैच में स्पेन ने 3-1 से हराया। इसके बाद भारतीय टीम ने हालांकि मजबूती से वापसी करते हुए रिटर्न मैच में स्पेन को 2-0 से मात दी।

दो मैचों में तीन अंक लेकर भारत अब तालिका में आठवें स्थान



पर है और अगले मुकाबले जीतकर ऊपर जाना चाहेगा। शनिवार को ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने रविवार को जबर्दस्त खेल दिखाते हुए मनदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह के गोल के दम पर जीत दर्ज करके पूरे तीन अंक हासिल किया। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन हालांकि पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं हो पाने से परेशान होंगे। भारत को दो मैचों में सात पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। कप्तान हरमनप्रीत सिंह को दूसरे मैच में आराम दिया गया था जिनकी जगह उतरे हॉकी इंडिया लीग के स्टार जुगराज सिंह कमजोर साबित हुए। दिलप्रीत, मनदीप और सुखजीत सिंह अभी तक एक एक गोल कर चुके हैं और जर्मनी के खिलाफ इसमें इजाफा करना चाहेंगे।

### जीत की राह पर लौटने उतरेगी महिला हॉकी टीम

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में मंगलवार को स्पेन के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा । पहले मैच में इंग्लैंड को 3-2 से हराने के बाद भारतीय टीम दूसरे मैच में बोनस अंक नहीं बना सकी और निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में 1-2 से हार गई। भारत इस समय दो मैचों में चार अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर है। अब मंगलवार और बुधवार को उसका सामना स्पेन से होगा।

## भारत का दबदबा : 20 साल में बनाए 6000 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा रहा है। 1998 से 2017 के बीच इस आईसीसी टूर्नामेंट के 8 संस्करणों में 13 टीमें खेली हैं। रन बनाने के मामले में भारत सबसे आगे है।

भारत ने 29 मैच की 28 पारियों में 41.87 के औसत से 6156 रन बनाए हैं। इंग्लैंड ने 25 मैच की 25 पारियों में 32.63 के औसत से 5907 रन बनाए हैं। श्रीलंका ने 27 मैच की 27 पारियों में 32.15 के औसत से 5884 रन बनाए हैं। द.अफ्रीका ने 24 मैच की 24 पारियों में 32.22 के औसत से 5479 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड ने 24 मैच की 24 पारियों में 27.97 के औसत से 5232 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने



24 मैच की 24 पारियों में 34.12 के औसत से 4914 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज ने 24 मैच की 24 पारियों में 30.44 के औसत से 4871 रन बनाए हैं। पाकिस्तान ने 23 मैच में 27.89 के औसत से 4491 रन बनाए हैं। बांग्लादेश ने 12 मैच में 2338 रन बनाए हैं।



## बोट क्लब पर 24वीं अखिल भारतीय वॉटर स्पोर्टस प्रतियोगिता का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

वॉटर स्पोर्ट्स में होंगी कयाकिंग, केनोइंग और रोइंग की प्रतियोगिताएं

# सीएम बोले-सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही एमपी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और भोपाल में वॉटर स्पोर्ट्स का अर्धकुंभ आरंभ हो रहा है। पुलिस, नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। सीएम डॉ मोहन यादव ने सोमवार को बोट क्लब पर 24वीं अखिल भारतीय वाटर स्पोर्टस का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के अनेक जवानों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए देश का नाम रोशन किया है।

इस आयोजन से वॉटर स्पोर्ट्स के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, सेना इत्यादि में प्रवेश लेने वालों को जवान कहा जाता है, इस आशय से वे सेवाकाल तक जवान ही रहते हैं। 21 फरवरी तक चलने वाली वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में कयाकिंग, केनोइंग और रोइंग के महिला-पुरुष वर्ग की कुल 27 प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से 360 मेडल्स और ट्रॉफियों का निर्णय होगा। प्रतियोगिता में देश के राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की 22 टीमों के 557 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 123 महिलाएं हैं। इससे पहले पांच बार मध्यप्रदेश पुलिस ने अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया, यह छठवीं अखिल भारतीय प्रतियोगिता है।






### स्मारिका का विमोचन

*मुख्यमंत्री का बड़े तालाब स्थित आयोजन स्थल वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में आगमन पर पुलिस बैंड द्वारा अभिवादन किया गया। इस दौरान प्रतियोगी टीमों द्वारा मार्च-पास्ट तथा रो-पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्मारिका का विमोचन भी किया। वहीं प्रतियोगिता में सहभागी टीमों को शपथ भी दिलाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा अखिल भारतीय आयोजन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड द्वारा लगातार देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत की गईं।*

### इन स्पर्धाओं का आयोजन

आज रोईंग 2000 मीटर की हीट्स एवं रेपिचेज वर्ग की जो स्पर्धाएं आयोजित की गई उनमें सिंगल स्कल, डबल स्कल, कॉक्सलेस पेयर, 4. कॉक्सलेस-04 थीं। वहीं रोइंग 2000 मीटर में पुरुष वर्ग के 41 एवं महिला वर्ग के 28 खिलाड़ियों सहित कुल 69 खिलाड़ियों के मध्य हीट्स एवं रेपेचेज के रोमांचक मुकाबले संपन्न किए गए हैं। उक्त स्पर्धाओं में मध्य प्रदेश, असम, मणिपुर, बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान, तमिलनाडू, तेलंगाना, पंजाब, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, केरल, सीआरपीएफ., एसएसब, बीएसएफ, असम राईफल्स, आईटीबीपी. एवं चण्डीगढ की कुल 20 टीमें सम्मिलित हुई।



---

बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में चल रहा 6 दिवसीय कार्यक्रम

# बुंदेली उत्सव के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, चौपड़ पर लगे दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुंदेली विकास संस्थान द्वारा छतरपुर में हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले बुंदेली उत्सव के 26वें संस्करण के तीसरे दिन बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में चौपड़, कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मैच खेले हुए। इसके साथ ही दौड़ और गोला फेंक की प्रतियोगिताएं भी हुईं। तीसरे दिन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ भाजपा नेत्री नंदिता पाठक, समाजसेवी भरत पाठक और पूर्व मंडी अध्यक्ष डीलमणि सिंह बब्बूराजा ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

### बसारी ने जीता महिला वर्ग खो-खो का फाइनल





#### रीवा के नाम रहा कबड्डी का खिताब, उज्जैन को हराया

कबड्डी का फाइनल मुकाबला रीवा और उज्जैन की टीमों के बीच हुआ, जिसमें रीवा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन के खिलाड़ियों को जमकर पटखनी दी और 1 अंक से इस रोमांचक मुकाबले को जीत लिया। विजेता टीम को शील्ड के साथ 21 हजार रुपए की नगद इनामी राशि प्रदान की गई, वहीं उपविजेता टीम को शील्ड के साथ 15 हजार रुपए इनाम दिए गए।

बुंदेली उत्सव के तीसरे दिन चौपड़ का फाइनल मुकाबला शत्रुघ्न सिंह, धर्मेन्द्र खरे और गोविंद सिंह दौरिया, बशीर खान के मध्य हुआ। गोविंद और बशीर खान ने अपनी चालों से विरोधियों को मात देते हुए प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। अतिथियों ने विजेता टीम को 1100 रुपए नगद, शील्ड और उपविजेता टीम को 700 रुपए की नगद राशि के साथ उक्त उपहार प्रदान किए गए। महिला वर्ग के खो-खो का फाइनल मैच बसारी और पन्ना के बीच हुआ, जिसमें बसारी की टीम ने जीत दर्ज कर 5100 रुपए की राशि जीती।

#### दौड़ और गोला फेंक में यह रहे अव्वल

100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में बसारी की प्रागिनी यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। यहीं की तारा यादव दूसरे और ज्योति यादव ने तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ पुरुष में बकस्वाहा के अनिल प्रताप ने बाजी मारी, दूसरे स्थान पर राजनगर के आशीष यादव और तीसरे स्थान पर राजश्री नामदेव बकस्वाहा रहे। पुरुष वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में बकस्वाहा के अनिल प्रताप ने सबसे लंबी दूरी तक गोला फेंक कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर भी बकस्वाहा ने कब्जा जमाया, जिसमें क्रमशः प्रद्युम्न सिंह और रवि पटेल ने प्रतियोगिता जीती। महिला वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में छतरपुर की उमा रजक ने पहला स्थाना प्राप्त किया। बकस्वाहा के चांदनी रैकवार दूसरे और छतरपुर की जानकी साहू तीसरे स्थान पर रहीं।

---

20 से 25 जनवरी तक मलेशिया में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

# 21वीं लंगकावी इंटरनेशनल रेगाटा पेरदाना में एकलव्य ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश खेल अकादमी के प्रतिभाशाली सेलिंग खिलाड़ी एकलव्य बाथम ने21 वीं लंगकावी इंटरनेशनल रेगाटा पेरदाना 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 20 से 25 जनवरी तक मलेशिया के लंगकावी में आयोजित की गई थी। एकलव्य ने आईएलसीए बॉयज वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और देश के लिए स्वर्ण जीता। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आईएलसीए 4 बॉयज वर्ग में कुल 23 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। एकलव्य ने पूरे टूर्नामेंट में अपने कौशल, संतुलन और रणनीति का शानदार परिचय दिया और अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एकलव्य का जलवा



*एकलव्य बाथम ने प्रतियोगिता में शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शुरुआती राउंड में ही अपनी बढ़त बना ली थी और फाइनल तक इसे बरकरार रखा। उनकी रणनीति, संतुलन और तेज गति की बदौलत उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया।*

### कोच एवं खेल अकादमी ने दी शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश सेलिंग अकादमी के प्रशिक्षकों और अधिकारियों ने भी एकलव्य को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षक नरेंद्रसिंह राजपूत ने बताया कि एकलव्य की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का यह परिणाम है। उनकी इस जीत से अकादमी के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।



### खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

मध्यप्रदेश केखेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने एकलव्य बाथम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश खेल अकादमी के खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हमारे लिए गर्व की बात है। एकलव्य बाथम की यह उपलब्धि युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी और राज्य में सेलिंग खेल को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

---

## भोपाल

### खबर संक्षेप

#### चार किलोमीटर की सड़क अधूरी छोड़ी, रहवासी कर रहे इंतजार

**भोपाल।** राजधानी में मास्टर प्लान की एक 45 मीटर की प्रपोस्ड सड़क नहीं बनने से लोगों को काफी ज्यादा परेशान होना पड़ रहा है. कोलार और मिसरोद के साथ-साथ बावड़िया कलां से जुड़ा हुआ है. होशंगाबाद रोड से लेकर कोलार के बीच एक सड़क निर्माण नहीं होने की वजह से बारिश मे अंडर ब्रिज भरने से लेकर उसके खाली होने मे घंटो टाइम लगता है। यहां सिर्फ 4 किलोमीटर सड़क का निर्माण बाकी है। जिसे समय पर पूरा किया जाता है तो लोगों को काफी घुमावदार इलाकों से आना-जाना नहीं पड़ेगा और उनका काफी ज्यादा सहूलियत होगी। कोलार के डी मार्ट से सुहागपुर तक फोरलेन बनकर तैयार है। बस अब अगर सुहागपुर से 11 मील बायपास तक 4 किलोमीटर तक का 45 मीटर प्रपोस्ड फोरलेन जैसे ही तैयार हो जाएगा, कोलार और बावड़ियाकलां के रहवासियों को सहूलियत होगी।

#### ठेकेदार से रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए रेल अफसर एवं सहयोगी

**भोपाल।** ठेकेदार से उसके बिल पास करने के नाम पर 75,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए सीबीआई टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए ईटारसी के रेलवे अधिकारी हरिमोहन मीणा और उसके साथी देवराव पवार को अदालत ने 3 मार्च तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सीबीआई के एसपी को फरियादी योगेश साहू ने शिकायती आवेदन देकर शिकायत की थी कि उसकी फर्म महेश इंटरप्राइजेस को इटारसी स्टेशन रैग पैकिंग का कार्य रेलवे द्वारा दिनांक17 अगस्त 2024 को दिया गया था।

---

पूर्व सहायक आपूर्ति अधिकारी की एजेंसी पर की कार्रवाई

### एएचओ चुनिंदा एजेंसियों पर कर रहा कार्रवाई

# फीनिक्स गैस एजेंसी के वाहन से बिना कनेक्शन सिलेंडर की कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य अमले ने शहर में अवैध गैस सिलेंडर सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कस दिया है, लेकिन अमले की इस कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, कुछ समय पहले भी एएचओ ने लालघाटी स्थित प्रियंका गैस एजेंसी पर जांच की थी, जिसके बाद संचालक ने पांच लाख रुपए की राशि मांगने के आरोप लगाए। जिसके बाद संचालक के खिलाफ कोहेफिजा थाने में केस दर्ज कराया गया।

सोमवार को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी ने नरेला शंकरी क्षेत्र में अयोध्या बाइपास फीनिक्स एचपी गैस एजेंसी का गैस वाहन पकड़ा, जिससे बिना कनेक्शन के सिलेंडर सप्लाई किए जा रहे थे। इधर नजदीक स्थित एक रिफलिंग सेंटर पर भी एचपी के 15 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। टीम ने 76 सिलेंडर जब्त कर वाहन को अयोध्या नगर थाने में खड़ा करा दिया है। यह एजेंसी पूर्व सहायक आपूर्ति अधिकारी बीपी शर्मा की बताई जा रही है। दरअसल नए जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर के काम संभालने के बाद खाद्य अमला दो गुटों में बंट गया है। जिसके तहत एक पक्ष के सपोर्ट वाली गैस एजेंसियों पर कार्रवाई हो रही है, जबकि अन्य एजेंसी संचालकों की जांच नहीं की जा रही, जिसको लेकर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों की आपस में खींचतान शुरू हो गई है।

### दो दिन में जब्त किए 162 गैस सिलेंडर



अमले ने रविवार और सोमवार को करीब 162 गैस सिलेंडर, छह इलेक्ट्रानिक तौल कांटे, छह रिफिलिंग मोटर पंप पाइप नोजल, गैस सिलेंडर के करीब 120 प्लास्टिक कैप और एक वाहन जब्त किया है। जिनकी अनुमानित कीमत करीब पांच लाख 52 हजार रुपए आंकी गई है।

#### बंसी लगाकर अवैध रिफलिंग

जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा रविवार को सईदिया स्कूल व अन्ना नगर स्थित दो गैस रिफिलिंग पाईंट की जांच करते हुए नौ भरे व 22 खाली घरेलू गैस सिलेंडर और दो भरे व नौ खाली व्यवसायिक गैस सिलेंडर सहित चार इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, पांच गैस अंतरण मोटर पंप, रेग्यूलेटर पाइप सहित 70 गैस सिलेंडर कैप बरामद किए हैं। खाद्य अमले ने सोमवार को छत्रपति नगर, नरेला शंकरी से 32 भरे, नौ खाली घरेलू गैस सिलेंडर, एक भरा व दो खाली व्यवसायिक गैस सिलेंडर, मोटर पंप रेग्यूलेटर पाइप, छह पीतल की बंसी, एक इलेक्ट्रानिक तौल कांटा और 50 गैस सिलेंडर कैप बरामद किया है।

---

# देवी अहिल्या की पुण्यगाथा इतनी सुंदरम अद्भुत प्रस्तुति थी कि जीवंत लग रही थी: सीमा

▶ स्वदेशी जागरण मंच की महिला इकाई ने किया अहिल्या बाई नाटक की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।



स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रान्त की भोपाल इकाई से ज्यादा से ज्यादा बहनों ने भव्य दिव्य नाट्य मंचन को देख पूरी टीम का स्वागत किया। इस मौके पर मध्य भारत प्रान्त सह प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि नाट्य मंचन, राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्यगाथा इतनी सुंदरम अदभुत प्रस्तुति थी कि हर कलाकार इतनी गहराई से अपना चरित्र निभा रहा था कि वो सदी जीवंत लग रही थी। वहीं डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यक्रम स्कूलों में भी होने चाहिए।

यह आयोजन रवीन्द्र भवन में रविवार शाम को हुआ। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रान्त प्रमुख डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी सह प्रमुख सीमा भारद्वाज सह संयोजक आशा साहू महानगर प्रमुख उषा खरे, समाज सेवी अनिता मिश्रा, दीपा शर्मा उद्यमी बहन रेनू नायक, ममता उपमन्यु, समाज सेवी दुर्गेश नंदनी, सूचना आयुक्त डॉ. वंदना गांधी, सुरेखा मालवीय, संध्या वाणी, रेखा हरिओम सेन और प्रज्ञा सुरभि आत्मा राम आदि की उपस्थिति रही। समारोह में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों की बहनों की बड़ी संख्या में शामिल थे। आयोजन में संघ के बड़े प्रान्त पदाधिकारियों ने अपना आशीर्वाद दिया।

---

### कई शिकायतों के बाद भी नहीं की सफाई

# पूर्व पार्षद ने सफाई दारोगा के सामने थामा फावड़ा, साफ-सफाई पर बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में ग्लोबल एन्वेस्टर मीट (जीआईएस) के लिए संवारा जा रहा है। सड़कें और नाला-नालियों को चकाचक किया जा रहा है। जबकि दूसरी ओर बार-बार शिकायतों के बाद भी न तो कचरा उठाया जा रहा है और न ही नालियां साफ हो रही हैं। हालात ये हैं कि सफाई दारोगा के सामने पूर्व पार्षद खुद नाली साफ कर विरोध जताने पर मजूबर हैं। इसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

#### वीडियो वायरल




वार्ड 23 के पूर्व पार्षद रफीक कुरैशी का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमे वह वार्ड 19 के तहत आने वाली नन्हें चाचा की डेयरी से मस्जिद हुसैन बख्श के लिए जाने का सड़क पर मौजूद हैं। उनके हाथ में फावड़ा है और सामने ही सफाई दारोगा भी मौजूद है। पार्षद दरोगा से सफाई कराने को कहते हैं, जिस पर वह कहता है कि करा देंगे। इस पर पूर्व पार्षद फावड़े से नाली साफ करने लगते हैं तो दारोगा कहता है कि जब तुम्हें ही करना है तो कर लो।

---

# नर्सिंग छात्रों की छात्रवृत्ति एवं परीक्षाओं में देरी को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

▶ राजभवन जा रहे नेता और छात्र-छात्राओं को पुलिस ने बेरीकेडिंग कर रोका




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार के नेतृत्व में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने मध्यप्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया छात्र छात्राएं अपनी मांगों को लेकर राजभवन जाना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने बेरीकेड्स कर उन्हें रेडक्रॉस अस्पताल के पास ही रोक लिया इस बीच छात्र छात्राओं ने सड़क पर बैठ कर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया उसके बाद पुलिस प्रशासन प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार प्रदेश सह सचिव अमन पठान लक्की चौबे और छात्र छात्राओं के प्रतिनिधि मंडल को राजभवन लेकर पहुंचा वहां एनएसयूआई ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि नर्सिंग छात्रों की छात्रवृत्ति पिछले चार वर्षों नहीं दी जा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और यह उनके अधिकारों का हनन है सरकार इवेंटों में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति नहीं दे रही है इससे सरकार की मंशा स्पष्ट है की सरकार का ना तो शिक्षा पर ध्यान है ना स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर ध्यान है सरकार सिर्फ कर्ज लेकर इंवेंटो में मप्र के करोड़ों रुपए उड़ा रही हैं। परमार ने कहा कि प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा की स्थिति लगातार बदहाल होती जा रही है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930